लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 5, अंक 328, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, साइबर धोखाधड़ी का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 32.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 12 | सूर्यास्त 05 :45 | बरेली, रविवार, 13 अक्टूबर 2024

31 साल के एक्टर से इश्क लड़ाएंगी वामिका गब्बी...13

भारत को अस्थिर करने के प्रयास हो रहे तेज

संघ प्रमुख भागवत ने कहा- भारत को बांग्लादेश के लिए खतरा बताया जा रहा, देश के संकल्प की परीक्षा ले रहे मायावी षडयंत्र

नागपुर में आरएसएस की वार्षिक विजयादशमी रैली को किया संबोधित, बोले- पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ है तथा विश्व में उसकी साख भी बढ़ी है, लेकिन मायावी षडयंत्र देश के संकल्प की परीक्षा ले रहे हैं। भागवत ने बांग्लादेश की स्थिति के संदर्भ में कहा कि बांग्लादेश में यह बात फैलाई जा रही है कि भारत एक खतरा है और उन्हें बचाव के लिए पाकिस्तान से हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र की दृढ़ता धर्म की विजय के लिए शक्ति का आधार बनती है, चाहे स्थिति अनुकूल हो या नहीं। वह नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक विजया दशमी रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा हर किसी को लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ है तथा विश्व में उसकी साख भी बढ़ी है। कोई भी देश लोगों के राष्ट्रीय चरित्र से महान बनता है। संघ के शताब्दी वर्ष में कदम रखने के कारण यह साल महत्वपूर्ण है। भागवत ने कहा कि भारत में आशाओं और आकांक्षाओं के अलावा चुनौतियां और समस्याएं भी मौजूद हैं। संघ प्रमुख ने कहा हमें अहिल्याबाई होलकर, दयानंद सरस्वती, बिरसा मुंडा और कई ऐसी हस्तियों से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपना जीवन देश के कल्याण, धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में इजराइल के साथ हमास का संघर्ष अब कहां तक फैलेगा, यह चिंता सबके सामने उपस्थित है। भागवत ने संतोष जताया कि जम्मू कश्मीर में हाल में हुआ विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की युवा शक्ति, मातृशक्ति, उद्यमी, किसान, श्रमिक, जवान, प्रशासन, शासन सभी प्रतिबद्धतापूर्वक अपने कार्य में डटे रहेंगे।

नागपुर में विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा करते संघ प्रमुख मोहन भागवत।

आरएसएस है राष्ट्रसेवा में समर्पित : मोदी

नई दिल्ली। आरएसएस के स्थापना के सौवें साल में प्रवेश करने के ऐतिहासिक अवसर पर स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि आरएसएस राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा दिए गए वार्षिक विजयादशमी उद्घबोधन का लिंक साझा किया और कहा कि इसे अवश्य सुना जाना चाहिए। इस हिंदुत्व संगठन की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि मां भारती के लिए संघ का संकल्प और समर्पण हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में नई ऊर्जा भरने वाला है। भाजपा में आने से पहले मोदी संघ के प्रचारक थे। आरएसएस को भाजपा का वैचारिक मातृ संगठन समझा जाता है। आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी।

ओटीटी की सामग्री घिनौनी

नागपुर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि ओटीटी मंच पर उपलब्ध सामग्री नैतिक भ्रष्टाचार के कारणों में से एक है और इसे कानून के माध्यम से विनियमित करने की आवश्यकता है। भागवत ने यहां रेशमबाग मैदान में आरएसएस की पारंपरिक विजया दशमी रैली में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। ओटीटी मंच पर जिस तरह की चीजें दिखाई जाती हैं, वे इतनी घिनौनी हैं कि उनके बारे में बात करना भी अशोभनीय होगा इसलिए मैंने कहा है कि इसे कानून के माध्यम से विनियमित करने की आवश्यकता है क्योंकि यह भी नैतिक भ्रष्टाचार के बड़े कारणों में से एक है।

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव पर 35 जगह उपद्रव, 17 गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव से संबंधित करीब 35 अप्रिय घटनाओं के बाद 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 12 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब एक दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक हस्तनिर्मित स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिला स्थित एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था। चोरी की इस घटना पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच-दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महाषष्ठी के नाम से जाना जाता है। यह उत्सव रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ समाप्त होगा।

17 नवंबर को बंद किए जाएंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

देहरादून। चारधामों में एक प्रमुख धाम बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे। पौराणिक परंपराओं के अनुसार विजयदशमी पर्व के अवसर शनिवार को बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद करने की तिथि की घोषणा की गई। मुख्य पुजारी (रावल) अमरनाथ नंबूदरी, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी की मौजूदगी में धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने पंचांग गणना की और इसके बाद बताया कि 17 नवंबर की रात 9 :07 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे।

नहर में गिरी कार, परिवार के आठ लोगों की गई जान

कैथल (हरियाणा)। हरियाणा के कैथल में शनिवार को एक कार के नहर में गिर जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं और पांच लड़कियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक को बचा लिया गया, लेकिन कार में सवार 8 लोग डूब गए। ये लोग दशहरा के मौके पर आयोजित बाबा राजपुरी मेले में जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण मुंदरी गांव के पास कार नहर में गिर गई। ये सभी कैथल के डीग गांव के रहने वाले थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर इस दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और पीड़ितों के परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

राज्यों से मदरसों की फंडिंग बंद करने की सिफारिश

- एनसीपीसीआर ने कहा- आरटीई मानदंडों का नहीं कर रहे पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बाल अधिकार संस्था ने मदरसों के कामकाज की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि जब तक कि वे शिक्षा का अधिकार कानून का अनुपालन नहीं करते, उन्हें राज्यों की ओर से दी जाने वाली धनराशि पर रोक लगा देनी चाहिए। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने अपनी ताजा रिपोर्ट आस्था के संरक्षक या अधिकारों के उत्पीड़क? में कहा है कि आरटीई अधिनियम, 2009 के दायरे से बाहर संचालित धार्मिक संस्थानों का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि आरटीई अधिनियम से मदरसों को छूट दिए जाने से इन संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं ताकि उनकी संस्कृति को संरक्षित किया जा सके और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि मदरसों का प्राथमिक जोर धार्मिक शिक्षा पर है, लेकिन कई मदरसे औपचारिक शिक्षा के आवश्यक घटक जैसे पर्याप्त बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित शिक्षक और उचित शैक्षणिक पाठ्यक्रम प्रदान नहीं करते हैं।

मिड-डे मील, ड्रेस और किताबें तक नहीं देते

रिपोर्ट में ऐसे मामलों का भी उल्लेख किया गया है जहां मदरसा के छात्रों को पाठ्यपुस्तकों, वर्दी और मध्याह्न भोजन योजना तक पहुंच जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। आयोग ने कहा कि यूडीआईएसई 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, बड़ी संख्या में मुस्लिम बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं और करीब 1.2 करोड़ मुस्लिम बच्चे औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई मदरसों में जवाबदेही की कमी है, जहां खराब बुनियादी ढांचे और बाल अधिकारों के उल्लंघन के मामलों जैसी चिंताएं सामने आई हैं।

खुलासा : मौलाना मसूद ने कराया था छात्रा का धर्मांतरण

बेहजम (खीरी)। छात्राओं को ब्लैकमेल कर शोषण करने के मामले में एक और खुलासा हुआ है। आरोपी मौलाना मसूद ने एक छात्रा का धर्म परिवर्तन भी कराया था। पुलिस ने एफआईआर में धर्मांतरण कराने की धारा बढ़ाई है। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव अछनिया निवासी मौलाना मसूद ने एक कांवेट स्कूल में पढ़ाने वाली अपनी महिला दोस्त के साथ मिलकर उसकी तीन सहेलियों को ब्लैकमेल कर शोषण किया। तीनों छात्राओं के परिजनों ने मौलाना मसूद, उसकी दोस्त और कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक मसूद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक अन्य छात्रा के भाई ने भी आरोपी मौलाना के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके मोबाइल में कई छात्राओं के अश्लील फोटो और वीडियो मिले। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है।

राकांपा नेता की गोली मारकर हत्या

मुंबई, एजेंसी

- दो गिरफ्तार एक आरोपी उत्तर प्रदेश से तो दूसरा हरियाणा से

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि निर्मल नगर में कोलगेट मैदान के पास बाबा सिद्दीकी के बेटे एवं विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर हुई इस घटना के तुरंत बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उपमुख्यमंत्री एवं राकांपा प्रमुख अजित पवार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक शोक संदेश में इस हमले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। इससे पहले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर ने उन्हें जानकारी दी है कि दो कथित शूटर को हिरासत में लिया गया है। मुख्यमंत्री ने टेलीविजन चैनलों को बताया कि उनमें से एक उत्तर प्रदेश और दूसरा हरियाणा से है, जबकि तीसरा आरोपी मौके से भाग गया। तीन बार विधायक रहे सिद्दीकी हाल में कांग्रेस छोड़कर राकांपा में शामिल हुए थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

धूमधाम से मना असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक रही दशहरा की धूम, श्रीराम की पूजा अर्चना की गई, कई जगह शस्त्रों का पूजन किया गया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। घरों और मंदिरों में श्रीराम की पूजा अर्चना की गई। तमाम स्थानों पर शस्त्र पूजन किया गया। शाम को घरों में दीप जलाए गए।

अशोक कॉलोनी स्थित संतराम स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयदशमी पर श्रीराम का तिलक कर पूजा अर्चना की। साथ ही शस्त्रों का पूजन किया गया। प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र ने कहा कि संघ विशाल वट वृक्ष की तरह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। विजय दशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसलिए सभी इससे सबक लेने की जरूरत है।

विभाग संचालक ओम प्रकाश, नगर संचालक प्रदीप नवरंग, जिला प्रचारक दुष्यंत, नगर प्रचारक सोहन वीर, नगर प्रचार प्रमुख अंशुमान तिवारी, नगर विद्यार्थी प्रमुख हिमांशु कनौजिया मौजूद रहे। इसके अलावा शहर में विभिन्न जगह लोगों ने शस्त्र पूजन कर विजयदशमी का पर्व मनाया।

अशोक कॉलोनी स्थित संतराम स्कूल में श्रीराम का तिलक करते संघ पदाधिकारी।

घरों में कुबेर और लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई

बिलसंडा, अमृत विचार: शनिवार को विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। घरों में मां दुर्गा के साथ अपराजिता की पूजा की गई। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों में भगवान कुबेर व लक्ष्मी के साथ अस्त्र व शस्त्र का पूजन किया। कई जगह भंडारा व कन्याभोज का आयोजन हुआ। शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गांधी शाखा की ओर से नगर के गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज परिसर में विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। संघ के उद्देश्य पर चर्चा की गई। संगठित समाज के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य वक्ता जगदीश शरण गुप्ता ने बताया कि इस दिन डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में नागपुर में संघ की स्थापना की थी। संघ का उद्देश्य भारत माता को परम वैभव पर ले जाना था। आरएसएस के नगर कार्यवाह विमल जायसवाल एडवोकेट द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक नवनीत मिश्रा, हिंदू जागरण मंच के जिला प्रचार प्रमुख धीरज मिश्रा, नगर व्यवस्था प्रमुख अशोक गुप्ता, विमल गुप्ता, सुरेश शास्त्री, रामरतन कुशवाहा, अमित जायसवाल, बागेश मिश्रा, राजीव गुप्ता, राजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे। चेयरमैन डीके गुप्ता, व्यापारी पंकज जायसवाल, अरविंद अवस्थी, विक्रम नरेश जायसवाल, रामदास पाठक, राजपाल सिंह चौहान, राकेश प्रताप सिंह, सतीशंकर मिश्रा, पूर्व प्रधान रविन्द्र शर्मा, ने अपने घरों पर शस्त्र पूजन किए।

क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने किया शस्त्र पूजन

पूरनपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से शनिवार को एपी इंटर कॉलेज में शस्त्र पूजन समारोह आयोजित किया गया। यज्ञ में समाज के लोगों ने आहुतियां दी। श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री बृज क्षेत्र ठाकुर प्रेमपाल सिंह सोलंकी रहे। उन्होंने क्षत्रिय एकता पर बल दिया। इस मौके पर मंडल महामंत्री सुबोध सिंह चौहान, नरेश पाल सिंह चौहान, एडवोकेट संजय सिंह तोमर, डा. तेज बहादुर सिंह तेजू, वीरेंद्र सिंह ध्रुव, अमित शाह, अनिल प्रताप सिंह, जगदीश सिंह, चरन सिंह, रामचंद्र पवार, रक्षपाल सिंह, रामपाल सिंह, पंकज सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अभिराज सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, कोतवाली रोड पर स्थित भदौरिया भवन में क्षत्रिय समाज के लोगों ने कार्यक्रम कर प्रभु श्रीराम और महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया। शस्त्रों का पूजन कर कलावा बांधा। मंगलकामना के लिए यज्ञ किया गया। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इसके मौके पर कौशलेंद्र भदौरिया, जयवीर सिंह, ओमपाल सिंह, शिवम भदौरिया, सत्यपाल सिंह, विपिन सिंह, अपूर्व सिंह, मोरपाल सिंह, सज्जन सिंह, पीयूष तोमर, रामकुमार सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

पूरनपुर में दशहरा के अवसर पर शस्त्रों का पूजन करते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

राम ने किया कुंभकरण का संहार

बीसलपुर। नगर में आयोजित रामलीला मेले में शनिवार को कुंभकरण वध लीला का मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति के बाद परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। शनिवार शाम करीब पांच बजे लीला का मंचन शुरू किया गया। लीला में दिखाया गया कि लक्ष्मण की मूर्छा टूटने का समाचार रावण के दरबार में पहुंचा, जिसे सुनकर रावण बहुत क्रोधित हुआ। फिर युद्ध करने के लिए अपने भाई कुंभकरण के पास गया। छह महीनों से गहरी नींद में सोए कुंभकरण को नींद से उठाया जाता है। कुंभकरण के जागने पर रावण युद्ध करने की बात कहता है। इस बीच रावण व कुंभकरण के बीच बड़े ही मार्मिक संवाद होते है। कुल की शान रखने के लिए कुंभकरण युद्ध में जाता है और राम के हाथों मारा जाता है। लीला का संचालन गोपाल कृष्ण अग्रवाल , मनोज त्रिपाठी उर्फ मीनू व सूर्य प्रकाश मिश्रा ने किया। व्यवस्था में मेला कमेटी के व्यवस्थापक सुरेश चंद्र अग्रवाल, प्रबंधक मोहित अग्रवाल, अभय अग्रवाल सचिन अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

लक्ष्मण ने तीव्रगामी बाण से किया मेघनाद का वध...

- शनिवार को लक्ष्मण व मेघनाद के बीच युद्ध और सुलोचना सती लीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: श्रीराम लीला महोत्सव संचालन समिति की ओर से आयोजित मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। शनिवार को लक्ष्मण- मेघनाद के बीच युद्ध, मेघनाद वध और सुलोचना सती की लीला का मंचन किया गया।

लीला में दिखाया गया कि कुंभकरण वध के पश्चात रावण का पुत्र मेघनाद निकुंभला देवी के मंदिर में यज्ञ करता है। तभी विभीषण प्रभु श्रीराम को इसकी जानकारी देते हैं। विभीषण ने बताया कि यज्ञ पूर्ण होने पर वह अजेय हो जायेगा। इसलिए शीघ्र अति शीघ्र यज्ञ विध्वंस कर उसे यज्ञ के लिए ललकारा जाए। विभीषण की सलाह पर श्रीराम ने लक्ष्मण, जामवंत, हनुमान, नल नील, अंगद को युद्ध के लिए भेजते हैं। हनुमान वहां पहुंचकर मेघनाद का यज्ञ विध्वंस करते हैं। लक्ष्मण उसे युद्ध के लिए ललकारते हैं। मेघनाद अपने तीक्ष्ण बाणों से वानर सेना को हताहत करने लगा। तब लक्ष्मण ने अपने तीव्रगामी बाणों का प्रहार कर उसकी सेना को हताहत कर दिया और अपने तीक्ष्ण बाणों से उसका रथ काट दिया। वह हताहत हो उठा। लक्ष्मण ने अपने तीव्रगामी बाण से उसका मस्तक काट दिया। चारों ओर लक्ष्मण की जय जयकार होने लगी।

मेघनाद की मृत्यु की खबर सुन लंका में शोक छा गया। मेघनाद की पत्नी सुलोचना अपने पति का मस्तक लेने प्रभु राम के पास पहुंची। प्रभु राम ने उसका आदर कर सम्मान पूर्वक मेघनाद का मस्तक उसे दे दिया। सुलोचना अपने पति के मस्तक को लेकर लंका में पहुंच सती हो गई। इसी के साथ मेघनाद का पुतला धूं धूं कर जल उठा। चारों ओर लक्ष्मण की जय जयकार होने लगी और भक्त आनंदित हो उठे। श्रीराम के भी जयघोष गूंजते रहे।

इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, भानु प्रताप सिंह, संजीव मिश्रा, अंशुमान मिश्र, अंकुर गुप्ता, सुधीर पाल सिंह, प्रेम सिंह, संजीव मोहन अग्रवाल, अमिताभ त्रिपाठी, रमाकांत पांडेय, अंबरीश मिश्रा, अवनीश शर्मा, महेंद्र गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, महेश सिंह, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, विश्वास सक्सेना, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मण मेघनाद युद्ध की लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

रावण वध की लीला का मंचन आज

पीलीभीत। रामलीला महोत्सव में आज रविवार को रावण वध लीला और फिर पुतला दहन किया जाएगा। हर बार की तरह हजारों की संख्या में भीड़ जुटेगी। इसके लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। रामलीला रोड पर शाम से ही वाहनों की एंट्री बंद कर दी जाएगी। मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनाती रहेगी। वाहन पार्किंग को लेकर अलग से इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी बतौर अतिथि शामिल होंगे। बच्चों के लिए खेल तमाशों की दुकानों के साथ ही झूले भी लगाए गए हैं।

मां दुर्गा मूर्ति की विसर्जन यात्रा में खूब उड़ा गुलाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: शारदीय नवरात्र में नौ दिन भगवती की पूजा अर्चना का दौर चला था। शनिवार को देवी मैया को भावभीनी विदाई देते हुए विसर्जन यात्रा निकाली गई। मोहल्ला खकरा से अपराह्न तीन बजे विसर्जन यात्रा शुरू हुई, मां दुर्गा की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ ले जाया गया। विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने रंग गुलाल उड़ाकर भजनों पर नृत्य किया। इसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन यात्रा खकरा से शुरू होकर आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा, चौक बाजार, लाल रोड, ड्रमंडगंज चौराहा, चावला चौराहा, सुनगढ़ी, तिराहा, काला मंदिर, जाटों का चौराहा, बरेली दरवाजे होते हुए ब्रह्मचारी घाट पर पहुंची। जहां नगर पालिका की ओर से बनाए गए अस्थायी तालाब में पूजा अर्चना के बाद मूर्ति का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर विसर्जन यात्रा का का स्वागत किया। इस मौके पर रानी सक्सेना, पूनम, शिवांगी सक्सेना, मधु, लता, विशाल, अमित, आशीष, पंकज, अशोक, डॉ. अतुल सक्सेना आदि मौजूद रहे। रेलवे कॉलोनी में मनोरंजन क्लब से दुर्गा विसर्जन यात्रा आरंभ हुई। इससे पहले हवन पूजन किया गया। विसर्जन यात्रा रेलवे कॉलोनी से छतरी चौराहा, थाना सुनगढ़ी, स्टेशन रोड, आयुर्वेदिक कॉलेज रोड होते हुए ब्रह्मचारी घाट पर पहुंची। जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर हरीश कैधवंशी, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र पांडे, रोहित, आदित्य पाठक, विपिन, सचिन, राजकुमार, शिवकुमार, बंटी, राजू आदि मौजूद रहे।

मोहल्ला खकरा से निकाली गई विसर्जन यात्रा में रथ पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा।

विसर्जन यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

रंग गुलाल उड़ाकर नृत्य करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

यज्ञ से होती है जीवन की सार्थकता: सोमदेव

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचार: आर्य समाज के तत्वावधान में जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चल रहे आध्यात्मिक सत्संग एवं राम कथा में दूसरे दिन शनिवार को भक्तों को यज्ञ के महत्व की जानकारी दी गई।

अजमेर से आए वैदिक प्रवक्ता सोमदेव ने कहा कि जब सारे जप-तप निष्फल हो जाते हैं, तब यज्ञ ही सब प्रकार से रक्षा करता है। सृष्टि के आदिकाल से प्रचलित यज्ञ सबसे पुरानी पूजा पद्धति है। आज आवश्यकता है यज्ञ को समझने की। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। समस्त भुवन का नाभि केंद्र यज्ञ ही है। यज्ञ की किरणों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण पवित्र व देवगम बनता है। यज्ञ भगवान विष्णु का ही अपना स्वरूप है। वेदों का संदेश है कि शाश्वत सुख और समृद्धि की कामना करने वाले मनुष्य यज्ञ को अपना नित्य कर्तव्य अवश्य समझें। भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवत गीता में अर्जुन से कहते हैं, हे अर्जुन! जो यज्ञ नहीं करते हैं, उनको परलोक तो दूर यह लोक भी प्राप्त नहीं होता है। जिन्हें स्वर्ग की कामना हो, जिन्हें जीवन में आगे बढ़ने की आकांक्षा हो उन्हें यज्ञ अवश्य करना चाहिए। यज्ञ कुंड से अग्नि की उठती हुई लपटें जीवन में ऊंचाई की तरह उठने की प्रेरणा देती हैं। यज्ञ में मुख्यतः अग्नि देव की पूजा का महत्व होता है। यज्ञ में जलने वाली समिधा समस्त वातावरण को प्रदूषण मुक्त करती है। कार्यक्रम में एटा से आई किरन आर्य व बरेली के पंडित भानु प्रकाश शास्त्री ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान मोहन स्वरूप, मंत्री राकेश कश्यप, राजेंद्र मिश्रा, बाबूराम मौर्य, जगदीश प्रसाद, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

यज्ञ का महत्व बताते सोमदेव।

- आध्यात्मिक सत्संग एवं रामकथा में दूसरे दिन भी उमड़ी भीड़

एक नजर

एसपी के आदेश पर दर्ज हुई हादसे की रिपोर्ट

बीसलपुर। नौ दिन पूर्व हुए सड़क हादसे की रिपोर्ट एसपी के आदेश पर दर्ज की गई। ग्राम परासी रामकिशन की रहने वाली धन देवी पत्नी स्वर्गीय मंगली प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चचिया ससुर लालता प्रसाद तीन अक्टूबर को दुपिहया वाहन से दवा लेने बरखेड़ा जा रहे थे। जोगीठेर गांव के पास पहुंचते ही बीसलपुर की तरफ से आ रही ईको ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। ईको चालक भाग गया था। घायल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

सात बच्चों की मां को बहला फुसलाकर ले गया युवक

बीसलपुर। सात बच्चों की मां को एक युवक प्रेमजाल में फंसाकर फुसलाकर ले गया। पुलिस ने पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। महिला घर से नकदी और जेवरात भी ले गई। कोतवाली में दी तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसके सात बच्चे हैं। उसकी पत्नी को मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली के निवासी विक्की ने प्रेमजाल में फंसा लिया। तीन अक्टूबर को आरोपी पत्नी को बहला फुसलाकर ले गया। पत्नी घर पर रखे दो लाख के जेवर और चालीस हजार रुपये भी साथ ले गई। काफी तलाशने के बाद भी उनका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

सट्टे की खाईबाड़ी करते चार गिरफ्तार

पीलीभीत, अमृत विचार : सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे चार युवकों को पुलिस ने धर दबोचा। उनके पास से सट्टे की पर्ची और नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की।सदर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक दीपचंद ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि शुक्रवार को पुलिस बल के साथ एक सूचना के आधार पर वाले मियां की मजार तिराहे से कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर गए थे। इस दौरान सट्टे की खाईबाड़ी करते चार लोगों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर चारों आरोपियों के पास से 24 सट्टा पर्ची और 23 हजार रुपये बरामद हुए।

हादसे में युवक घायल

पीलीभीत। शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी कुंवरपाल शनिवार शाम साइकिल पर जा रहे थे। तभी उन्हें बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए फौरन अस्पताल ले जाया गया।

एमश्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से अगले माह छह दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया जाएगा आयोजन

पीटीआर के वालंटियर बनेंगे युवा, वन्यजीव संरक्षण में करेंगे सहयोग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: बाघों के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश भर के चुनिंदा युवाओं को वॉलंटियर्स बनाएगा। एमश्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से पीटीआर में अगले माह छह दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित होगा। इसमें वही युवा चयनित किए जाएंगें, जिन्हें वन एवं वन्यजीवों में रुचि है। इन युवाओं को वन एवं इससे जुड़ी जानकारियां देकर पारंगत किया जाएगा। ताकि वे आगे चलकर वन्यजीव संरक्षण में सहयोग कर सकें और इसी क्षेत्र में अपना भविष्य संवार सकें।

- **अगले तीन साल तक पीटीआर में ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाने को हुआ करार**
- **चार से नौ नवंबर तक होगा प्रशिक्षण**

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाली एमश्रीएम फाउंडेशन ने पिछले दिनों पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ मिलकर तीन साल के लिए एमओयू साइन किया है। इसके तहत एमश्रीएम फाउंडेशन अपनी सहयोगी संस्थाओं के साथ टाइगर रिजर्व में वनजीवन कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। फाउंडेशन टाइगर रिजर्व को संसाधन उपलब्ध कराने के साथ वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के अलावा जंगल से सटे गांवों के लोगों को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेगी। इसको लेकर एक विस्तृत रुपरेखा तैयार की गई है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व एमश्रीएम फाउंडेशन के साथ मिलकर स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत युवाओं के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करने जा रहा है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के मुताबिक इसमें देश भर के 300 से 400 युवा आवेदन करते हैं। विभिन्न चरणों के इंटरव्यू के बाद इसमें 15 युवा चयनित किए जाएंगें। इसमें उन्हीं युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें वन्य जीवन की जानकारी होने के साथ-साथ इस क्षेत्र में रुचि भी है। प्रथम चरण में यह ट्रेनिंग प्रोग्राम पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 4 से 9 नवंबर तक होगा। प्रशिक्षित युवाओं को वालंटियर के तौर पर तैयार किया जाएगा, जो वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करेगा। ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान इन्हें जंगल एवं इससे जुड़ी जानकारियों से भी रूबरू कराया जाएगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में यह ट्रेनिंग प्रोग्राम एमश्रीएम फाउंडेशन के सहयोग से तीन साल तक चलाया जाएगा।

एमश्रीएम फाउंडेशन के साथ एमओयू साइन किया गया है। संस्था के सहयोग से वनजीवन कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसमें जंगल से जुड़े विभिन्न इश्यु के साथ एक ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किया जाएगा। इसमें देश भर से चुनिंदा युवाओं का चयन किया जाएगा। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम अगले माह आयोजित किया जाएगा। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए एक वॉलंटियर्स का ग्रुप तैयार किया जाएगा, जो वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करेगा।

– **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

कम्युनिटी डेवलपमेंट की दिशा में होगा काम

पीलीभीत। वनजीवन कार्यक्रम के तहत जंगल से सटे ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। इसको लेकर भी एक प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें पहले जंगल से सटे गांवों के लोगों की जरूरतों को देखा जाएगा। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इनकी आजीविका बढ़ाने में सहयोग किया जाएगा। इस पर पीटीआर एमश्रीएम फाउंडेशन एवं उसकी सहयोगी संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) का फीमेल ऑर्गनाइजेशन यानी फिक्की फ्लो आदि के परस्पर सहयोग से काम करेगा।

ई-रिक्शा को लेकर प्लानिंग धड़ाम, चाहें कुछ करिए...नहीं रुकेगा जाम

त्योहारी सीजन में नो एंट्री के बावजूद गलियों से होकर बाजार और व्यस्ततम मार्गों पर प्रवेश कर रहे ई-रिक्शा, अनदेखी के चलते नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: शहर में जाम की समस्या के समाधान और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से की गई प्लानिंग जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार होती दिख रही है। जिम्मेदारों के निगाह फेरने से ई-रिक्शा का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है। नो एंट्री में भी ई-रिक्शा दौड़ाए जा रहे हैं। जिसके चलते दिन में कई बार लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है।

जाम की दिक्कत शहरवासियों के सामने लंबे समय से चली आ रही है। इसके समाधान को बीते दिनों पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कई दिनों तक मंथन किया था। इसके बाद बाजार में ई-रिक्शा का प्रवेश रोकने को रणनीति बनाई गई थी। इसके बाद रूटचार्ट तैयार किया गया। इसमें तय किया गया कि कौन-कौन से ई-रिक्शा किस-किस रूट पर चलेंगे। शुरुआत में सख्ती रही तो हालात कुछ सुधरे। मगर समय बीतने के बाद हालात बद से बदतर होते चले गए। ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सड़कों पर ई-रिक्शा बेतरतीब तरीके से दौड़ते नजर आते हैं। नो एंट्री प्वाइंट पर बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किए गए। मगर यातायात पुलिस के पास स्टाफ कम पड़ा तो ट्रैफिक की कमान होमगार्ड व पीआरडी को दे दी गई।

उधर, ई-रिक्शा चालकों ने बाजार में प्रवेश करने के लिए शॉर्टकट ढूंढ निकाला। ई-रिक्शा गलियों से होकर मुख्य बाजारों में प्रवेश करने लगे। इन दिनों त्योहारी सीजन के चलते बाजारों भीड़ बढ़ रही है। सड़कों पर अतिक्रमण की भरमार है और पार्किंग की दिक्कत होने से जहां-तहां बेतरतीब वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इसके बाद ई-रिक्शा का प्रवेश यातायात व्यवस्था को ग्रहण लगा रहा है। मगर, कार्रवाई के लिए जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। शनिवार को भी व्यस्ततम इलाकों में हालात बदतर ही दिखाई दिए।

दृश्य एक: गैस चौराहा

शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर मुख्य बाजार में ई-रिक्शा की नोएंट्री है। गैस चौराहा पर इसके लिए बैरियर लगाकर निगरानी को होमगार्ड भी लगाए गए हैं। चौराहा के नजदीक में ही गलियों से निकलकर ई-रिक्शा बाजार में प्रवेश कर जाते हैं। शनिवार को भी इसी तरह से ई-रिक्शा का प्रवेश होता रहा। कई बाजार में दौड़ते रहे।

दृश्य दो: छीपियान चौराहा

शहर का छीपीयान मस्जिद चौराहा बाजार के बीचो बीच का व्यस्ततम इलाका है। यहां यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई जाती है। फिर भी दिन में कई बार जाम लगता है। यहां पर अवैध तरीके से ई-रिक्शा खड़े किए जाते थे, जोकि सवारियों का इंतजार कर रहे थे। दुकानों के बाहर रखा सामान व अतिक्रमण के बीच ई-रिक्शा से व्यवस्था बिगड़ती रही।

दृश्य तीन: ड्रमंडगंज चौराहा

बेपटरी यातायात व्यवस्था की तस्वीर जेपी रोड पर ड्रमंडगंज चौराहा के पास भी उजागर हुई। यहां पर दिन-रात पुलिस बल तैनात रहता है। इसके बावजूद यहां पर वाहनों की बेतरतीब तरीके से पार्किंग दिखी। कुछ होमगार्ड बार-बार ई-रिक्शा चालकों को नियम का पाठ पढ़ाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन बार-बार गलियों से निकलने के बाद ई-रिक्शा का जमावड़ा होता चला गया।

- **मुख्य चौराहों पर बैरियर लगाकर की गई रोकथाम तो गलियों में होकर गुजर रहे चालक**

नियम उल्लंघन पर दो दिन में 369 वाहनों के चालान

यातायात नियमों का पालन कराने के लिए एसपी अविनाश पांडेय के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस ने दो दिन के भीतर 369 चालान किए हैं। जिसमें बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, नशे में वाहन चलाना, नाबालिगों के द्वारा वाहन चलाना आदि शामिल थे। इस दौरान 2 .87 लाख रुपये का शमन शुल्क भी अधिरोपित किया गया है। मगर, ई-रिक्शा को लेकर सख्ती नहीं अपनाई जा सकी है। यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए बार-बार अभियान चलाया जाता है। बावजूद इसके लोग ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते।

दृश्य चार: बरेली गेट चौराहा

बरेली गेट चौराहे के पास बर्तन बाजार, किराना बाजार, लोहा मंडी, कपड़े का बाजार आदि है। यहां शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों से भी दिन में हजारों की संख्या में खरीदार पहुंचते हैं। जिसकी वजह से जाम की दिक्कत रहती है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए नो एंट्री तो लागू हैं, लेकिन यहां पर भी ई-रिक्शा का प्रवेश नहीं रुक सका। लोहा मंडी से किराना मंडी होते हुए ई-रिक्शा मुख्य बाजार में पहुंचते रहे।

दृश्य पांच : सुनहरी मस्जिद चौराहा

सुनगढ़ी मस्जिद चौराहे पर नो एंट्री होने के दौरान बैरियर लगाया गया है। वहीं, नजदीक में सराफा बाजार है। ऐसे में 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहता है। मगर ई-रिक्शा चालक आसपास की गलियों से होकर बाजार में पहुंच ही जाते हैं।इसी तरह की तस्वीर शनिवार को भी दिखाई दी। युवक संघ पुस्तकालय की गली से होकर ई-रिक्शा नो एंट्री जोन में पहुंचकर गुजरते रहे।

दृश्य छह: चूने वाली गली

मुख्य बाजार को जाम से बचाने के लिए तमाम प्रयास तो कर दिए गए लेकिन कई गलियां ई-रिक्शा चालकों ने तलाश ही ली, जिनके माध्यम से वह बाजार में प्रवेश कर जा रहे हैं। इनको रोकने के लिए सख्त इंतजाम नहीं हो सके हैं। चूने वाली, पुराने सेंट्रल बैंक वाली गली, आर्य समाज मंदिर वाली गली के अलावा होली चौराहा की तरफ से होकर चावला चौराहा तक पहुंचने के बाद ई-रिक्शा बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।

> त्योहार की वजह से बाजार में भीड़ अधिक हो रही है। इसे लेकर जगह -जगह यातायात पुलिसकर्मियों व होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्योहारी सीजन में शार्टकट रास्तों से भी ई-रिक्शा पर रोक लगाई जाएगी। इसे लेकर प्लानिंग बना ली गई है।
>
> – **राघवेंद्र सिंह चौहान**
> यातायात प्रभारी

चूना वाली गली से स्टेशन रोड पर निकलता ई- रिक्शा।

लोहा मंडी से चूने वाली गली में जाता ई-रिक्शा।

लाल रोड से स्टेशन रोड को जाता ई- रिक्शा।

अवैध कब्जा हटाने गई टीम बैरंग लौटी

संवाददाता, बिठौराकलां

अमृत विचार: अवैध कब्जा हटाने के लिए तहसील से टीम पहुंची तो हड़कंप मच गया। मगर कार्रवाई बीच में छोड़कर अचानक वापस लौट गई। इसके पीछे राजनीतिक दबाव की चर्चा है।

यह मामला सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां का है। यहां पर असम हांवे के किनारे एक होटल संचालित हो रहा था। इसे कुछ माह पूर्व तत्कालीन तहसीलदार द्वारा कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। मगर उसके बाद से कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी थी। होटल टिनशेड डालकर संचालित किया जा रहा। तहसीलदार का तबादला होने के बाद दोबारा से अतिक्रमण के हालात जस के तस बन गए। इधर, बीते दिनों एसडीएम की नजर पड़ी तो जानकारी की। जिसके बाद अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश मातहतों को दिए गए। शनिवार को टीम अवैध कब्जा हटाने के लिए पहुंची तो हड़कंप मच गया। इसके बाद टीम अचानक वापस चली गई।

टीम के पहुंचने के दौरान लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

मेला देखने गए युवकों पर किया हमला, दो गिरफ्तार

बीसलपुर, अमृत विचार: मेला देखने गए दो युवकों पर हमला मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

नगर के मोहल्ला दुबे के रहने वाले महावीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात वह अपने दोस्त मोहल्ला बख्तावरलाल के अनिल राठौर संग रामलीला मेला देखने गए थे। मेला परिसर में वह झूले के पास खड़े थे। इस बीच मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली के परमजीत सिंह व गुरप्रीत सिंह आए और बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया और मारपीट की। हाथ में पहने लोहे के कड़े से वार किए गए। इससे उसके सिर में काफी चोटें आईं। कुछ देर बाद बेसुध होकर गिर गए। पता लगने पर मेला चौकी प्रभारी विपिन शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पत्नी बाजार गई, पति ने फंदा लगाकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **सुनगढ़ी के मोहल्ला तुलाराम में हुई घटना, परिवार में कोहरात**
- **सीओ सिटी ने मौके पर पहुंचकर जुटाई जानकारी**

अमृत विचार: एक युवक ने घर में फंदे से लटक कर जान दे दी। उसकी पत्नी बाजार गई थी। इसकी सूचना मिलने पर सीओ सिटी ने मौका मुआयना किया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताया जाता है।

शहर के मोहल्ला मोहम्मद फारूख के रहने वाले हिमांशु (32) पुत्र मदनलाल शर्मा टेलर की दुकान करता था। वह पत्नी संगीता और 10 माह की पुत्री आरोही के साथ मोहल्ला तुलाराम में किराए के मकान में रहता था। बताते हैं कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे युवक की पत्नी बाजार चली गई। इस बीच युवक ने अपने कमरे में कुंडे के सहारे रस्सी के बने फंदे से लटक कर जान दे दी। कुछ देर बाद पत्नी वापस घर लौटी तो पति को फंदे से लटका देखा। उसके शोर मचाने पर परिवार वाले व आसपास के तमाम लोग जमा हो गए। इस बीच परिवार के अन्य लोग भी पहुंच गए। आनन-फानन में युवक को फंदे से उतारकर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। खुदकुशी की सूचना मिलने पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मेडिकल कॉलेज जा पहुंचे और जानकारी की। युवक और उसकी पत्नी के परिजन एक दूसरे पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा रहे थे। इसी को खुदकुशी की वजह बताया जा रहा था। ऐसे में पुलिस को शुरुआती जांच में मामला पारिवारिक खुदकुशी का प्रतीत हुआ।

इंस्पेक्टर सुनगढ़ी ने बताया कि पारिवारिक कलह में युवक के खुदकुशी करने का मामला है। शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच करा रहे हैं। अभी किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है।

घायल हालत में मिले युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार : तीन दिन पहले घायल हालत में मिले युवक की शनिवार को मौत हो गई। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना देते हुए हादसे के बाद पिटाई करने का आरोप कुछ लोगों पर लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मामले में तहरीर के आधार पर हादसे की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी राहुल ने बताया कि उनका 34 वर्षीय भाई जोगेंद्र कुमार पुत्र छदम्मी लाल ई रिक्शा चालक था। नौ अक्टूबर को उन्हें सूचना मिली कि भाई आसाम रोड पुलिस चौकी के पास बेहोशी की हालत में पड़ा है। इस पर वह आसाम चौकी पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने बताया कि उसके भाई का लाल रोड पर एक बाइक से एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट के बाद बाइक क्षतिग्रस्त हो जाने पर बाइक सवार युवक को उसका भाई जोगेंद्र खुद ही नौगवां चौराहे के पास लाया था। बाइक सवार ने वहां एक रिश्तेदार के घर तक छोड़ने की बात कही थी। इसके बाद ई-रिक्शा चालक मंडी समिति गेट के पास बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजनों का आरोप है कि उक्त बाइक सवार युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर जोगेंद्र की पिटाई की थी, जिससे उसे काफी चोट आई। भाई को वह घर ले आए थे और वहीं इलाज करा रहे थे। शनिवार सुबह जोगेंद्र की मौत हो गई। इसकी सूचना सुनगढ़ी पुलिस को दी गई।

कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार: कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ग्राम करनापुर के रविंद्र पाल की ओर से एफआईआर दर्ज की। जिसमें उसने बताया कि 29 जून की सुबह 6:45 बजे वह धान की पौध लगवाने के लिए गांव में लेबर को लेने जा रहा था। इस बीच गांव के जसवंत उर्फ छोटू के घर के पास पहुंचे। तभी पुरानी रंजिश के चलते जसवंत उर्फ छोटू, प्रताप सिंह, उसके पिता राम सिंह, जसवंत की पत्नी सरोज, राम सिंह की पत्नी कमला देवी ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। जान से मारने की नीयत से फावड़े से वार किया। लेबर को देने के लिए रखे दो हजार रुपये लूटे और मोबाइल तोड़ दिया। शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने उस वक्त शिकायत को जांच के नाम पर टाल दिया। जिसके बाद न्यायालय की शरण ली गई।

चोरों ने गुरुद्वारा व मकान को बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : अबकी बार चोरों ने न्यूरिया और गजरौला क्षेत्र में दस्तक दी है। दो अलग-अलग गुरुद्वारे में घुसे चोर गोलक तोड़कर रुपये निकाल ले गए। गजरौला इलाके के एक मकान में घुसकर चोर नगदी व जेवर समेट ले गए।

पहली घटना गजरौला क्षेत्र के बैकेनिया गांव में हुई। यहां निवासी सुम्मेर लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात वह परिवार समेत खाना खाकर सो गए। देर रात किसी वक्त चोर मकान में घुस आए। इसके बाद कमरे में जाकर वहां रखी अलमारी को खंगाल दिया। अलमारी से सोने का बिछुआ, पायल, मंगलसूत्र, टीका, बेसर, हाथ का फूल, नाक का फूल और दस हजार रुपये समेट ले गए। शनिवार सुबह परिवार वाले जागे तो कमरे में बिखरा सामान देख होश उड़ गए। पीड़ित के अनुसार पहले भी घर में दो बार चोरी की वारदात हो चुकी है। इंस्पेक्टर गजरौला राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उधर, थाना न्यूरिया क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा के गांव कुलरा एवं हरदासपुर स्थित गुरुद्वारों में चोरों ने गुल्लक चोरी कर ली। चोरी की जानकारी होने पर गुरुद्धारों में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। न्यूरिया पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। कुलारा गांव के सिंह गुरुद्वारा से दस हजार रुपये, जबकि हरदासपुर गुरुद्वारा की पूरी गुल्लक ही चोरी कर ले गए हैं। इंस्पेक्टर न्यूरिया अशोक पाल ने बताया कि तहरीर मिली है।

चोरी के बाद घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। ● अमृत विचार

- **न्यूरिया क्षेत्र के मझोला और गजरौला थाना क्षेत्र में हुई वारदात**

विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। गजरौला थाने में क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसका पति व ससुर नशा अधिक करता है। नशे में उसके साथ छेड़छाड़ करता था। उससे दहेज में दो लाख रुपये और एक प्लाट नाम कराने को कहते हैं। मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। 19 अगस्त को भाई उसे लेने आया तो ससुर, पति, सास और मौसेरे ससुर ने मारपीट की। नौ माह का पुत्र छीनकर उसे घर से निकाल दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

क्या आप निःसंतान हैं? आज ही सम्पर्क करें
माहेश्वरी अस्पताल एवं श्रद्धा IVF सेंटर

डा. श्रद्धा माहेश्वरी
Senior IVF Consultant,
Gynaecologist & IVF Specialist
: सम्पर्क सूत्र :
9548521316
0581-3583111
पता: बन्नूवाल नगर, ट्यूलिप ग्रांड के सामने पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
बाँझपन के प्रमुख कारण:-
महिलाओं में:-
• समय पर महावारी न होना • असंतुलित हार्मोन्स
• अण्डो का न बनना • अधिक उम्र • नलों का बंद होना
पुरुषों में:-
• शुक्राणु निल होना • शुक्राणु का कम होना
• शुक्राणुओं की गति धीमी होना

उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• Hysteroscopy • Laparoscopy
IVF/IUI मेगा फ्री कैम्प
सेंटर की शानदार सफलता और वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आईवीएफ निसंतान दंपत्तियों के लिए
-: दिनांक :-
14/15/16 अक्टूबर 2024
पर विशेष छूट
सभी बच्चेदानी व अंडेदानी की गांठ/रसौली का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा उपलब्ध।
Artificial Insemination, Egg/Sperm Donor Facility Available
निःसंतान दम्पत्तियों के लिए पहला परामर्श
सोमवार से शनिवार प्रातः
10:00 बजे से 6:00 बजे तक
बरेली में विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित IVF लैबऔर उच्च सफलता दर वाला IVF सेन्टर
लोकेशन के लिए स्कैन करें

SHIKHAR NURSING HOME
शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care
Fellowship in Diabetes
(General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S.
(Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S.
(General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S.
(Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208
शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम.
(A.N.M.) For Females only
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065

कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com,
shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

कार्यक्रम के बहाने धर्मांतरण का आरोप, हंगामा

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक समेत दो लोगों को हिरासत में लिया, होगी जांच

संवाददाता, बरखेड़ा

- हिंदू राष्ट्र शक्ति देशधर्म देवालय संगठन के जिलाध्यक्ष ने बरखेड़ा थाने में दी नामजद तहरीर

अमृत विचार: कुछ लोगों पर भजन संध्या के नाम पर महिलाओं को एकत्र कर ईसाई धर्म अपनाने लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद हिंदू संगठनों से जुड़े तमाम कार्यकर्ता मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह मामला बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर भंत का है। यहां शनिवार को एक व्यक्ति के मकान में धार्मिक कार्यक्रम हो रहा था। इस कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं शामिल हुईं। इसी दौरान चर्चा फैली की धार्मिक आयोजन के बहाने लोगों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसका पता लगने पर हिंदू राष्ट्र शक्ति देशधर्म देवालय संगठन के जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य, जिला गौरक्षा प्रमुख नंद किशोर, परमिंदर, शिवम गंगवार, विनोद कुमार, मुकेश शुक्ला, महेश कश्यप, आशुतोष शुक्ला, शोभित दीक्षित, विपिन मौर्य समेत तमाम कार्यकर्ता मौके पर जा पहुंचे। वहां पहले तो कार्यकर्ता घर के अंदर चल रहे कार्यक्रम को सुनते रहे। इसके बाद हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि भजन संध्या के नाम पर महिलाओं को एकत्र करके ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। उन्होंने धर्मांतरण का आरोप लगाए हुए पुलिस को सूचना दी । इस पर बरखेड़ा पुलिस मौके पर जा पहुंची। बताते हैं कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही कुछ लोग कार्यक्रम दोड़कर मौके से खिसक गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर हंगामा करने वालों को शांत किया। जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य की ओर से इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

> एक व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कराने के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाते हुए सूचना दी थी। इस पर पुलिस मौके पर गई थी। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिली है, मामले की जांच करा रहे हैं। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – मुकेश शुक्ला, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

परिसर में मौजूद थीं 50 महिलाएं

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पहले विरोध जताने वाले हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं से जानकारी की। इसके बाद वीडियोग्राफी करते हुए मकान के अंदर गए ओर वहां पर मौजूद लोगों से वार्ता की गई। इस दौरान करीब 50 महिलाएं मौजूद थी। कुछ सामग्री जिसे विवादित बताया जा रहा था। उसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस की छापामार कार्रवाई से खलबली मची रही।

शारदा पार से भी उठा था धर्मांतरण का शोर

इस तरह के मामले पहले भी जनपद में विभिन्न क्षेत्रों से सामने आ चुके हैं। बीते साल सुनगढ़ी थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई थी। अभी कुछ दिन पहले ही एक मामला पूरनपुर तहसील क्षेत्र में शारदा पार इलाके से चर्चित हुआ था। एक धार्मिक स्थल की कमेटी की ओर से जारी किया गया पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। जिसमें नौ परिवारों के दूसरा धर्म अपनाने से जोड़कर तमाम बातें लिखी की गई थी।

उत्तराखंड से आई प्रचार कमेटी ने जानी हकीकत

संवाददाता, पूरनपुर

शनिवार को उत्तराखंड से आए धर्म प्रचारक। ● अमृत विचार

- नानक नगरी गुरुद्वारा में बैठक कर लोगों को किया जागरूक

अमृत विचार: शारदा पार धर्मांतरण को लेकर मचा शोर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में उत्तराखंड से सिख धर्म की प्रचार कमेटी सच्चाई जानने के लिए यहां पहुंची। प्रचारकों ने बैठक कर लोगों को धर्म के प्रति जागरुक किया। दो सदस्यीय टीम इसकी रिपोर्ट शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी को सौंपेगी।

शारदा पार के गांवों में धर्मांतरण कराए जाने का शोर मचा है। कई बार सिख समाज के लोग इसका विरोध भी कर चुके हैं। विवाद के बाद गांवों में चल रही सभाएं बंद कर दी गईं। आरोप है कि वर्तमान में फिर से धर्मांतरण किया जा रहा है। बुधवार को हुई सभा के दौरान नानकनगरी गुरुद्वारा कमेटी ने फिर इसका विरोध करते हुए सभा बंद करा दी। पिछले कई दिनों से यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है। सिख इलाके में धर्मांतरण की जानकारी लगने पर शनिवार को उत्तराखंड के गुरुद्वारा गोंइदवाल सहिब से सिख धर्म की प्रचार कमेटी के सुखविंदर सिंह और जगदेव सिंह ग्राम बैल्हा पहुंचे। उन्होंने नानकनगरी गुरुद्वारा में कमेटी और संगत के साथ बैठक की। लोगों को धर्म के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पूर्वजों ने धर्म के लिए कुर्बानियां दी। बीमारी और लालच में धर्म नहीं बदलना चाहिए। समाज के लोगों की समस्याओं को शिरोमणि गुरुद्वारा कमेटी दूर करेगी।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002
डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
समय: प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली
डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली
चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रातः 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

शिविर में 157 मरीजों की हुई जांच, सात को मोतियाबिंद

शिविर के दौरान मरीज को चश्मा लगातीं स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: निशक्तजन सेवा संस्थान की ओर से मासिक शिविर शनिवार को पूरनपुर रोड स्थित अंकुर राइस मिल परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें दूर दराज ग्रामीण अंचलों से मरीज पहुंचे। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली से आए चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवाएं वितरित कीं।

शनिवार को दशहरा पर्व होने के बावजूद शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। जहां 159 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। चिकित्सकों द्वारा आंख के मरीजों की जांच की गई। सात मरीज मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें बरेली भेजा गया। वहां निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। 98 मरीजों को निशुल्क नजर के चश्मा वितरित किए गए। दांत के 23 मरीजों की निशुल्क जांच कराई। नौकरी करने के इच्छुक तीन विकलांगजनों ने अपने प्रमाण पत्र जमा किए। दो ट्राई साइकिल व पांच कान की मशीन का रजिस्ट्रेशन कराया। अध्यक्ष अमृतलाल ने बताया कि जल्द दिव्यांग रोजगार मेला आयोजित होगा।

शिविर में शीला सक्सेना, गौरव सक्सेना ने मरीजों को चश्में बांटे जबकि अनिल गुप्ता ने मरीजों को मशीन वितरित की। इस मौके पर गजेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, जयराम एडवोकेट, डॉ.प्रेम शर्मा सागर, राजेंद्र कुमार, लालता प्रसाद रहे।

गांव में जाकर महिलाओं के अधिकार बताए

महिलाओं को जागरुक करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

अमृत विचार: मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करने का क्रम जारी है। गांव-गांव जाकर पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकार और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंडरा सुमन में शनिवार को मिशन शक्ति दीदी अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। स्कूली छात्राओं को भी जागरूक किया गया। महिला दरोगा गरिमा ने साइबर फ्रॉड के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा चलाई जा रही विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या, समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास ,उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में बताया। इस मौके पर दरोगा हसमत अली, कांस्टेबल मेघा शर्मा ने भी जागरुक किया।

भट्ठा मालिक व उसके पुत्र समेत 4 पर रिपोर्ट

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसने पति, सास-ससुर और अन्य 14 लोगों के साथ चार साल पहले बलरामपुर जिले के थाना तुलसीपुर क्षेत्र में स्थित पाटेश्वरी ब्रिक फील्ड पर 500 रुपये प्रति 1000 ईंट की दर से पथाई का कार्य किया था।

भट्ठे के मालिक का पुत्र शराब पीकर छेड़छाड़ करता था। शिकायत करने पर भट्ठा मालिक ने चरित्रहीन का आरोप लगाकर बकाया दो लाख 10 हजार रुपये दिए बिना भगा दिया। मजदूर नहीं मिले तो भट्ठा मालिक ने नवंबर में उसके घर आकर बकाया में से 1,95,000 रुपये दे दिए और 15 नवम्बर तक काम पर आने को कहा। वे लोग काम करने नहीं गये तो भट्ठा मालिक ने धमकियां दीं। 1 दिसंबर 22 को पुलिस ने उसके ससुर और विपक्षी को थाने पर बुलाया। पुलिस ने ससुर को डरा धमका कर एक माह में पैसा लौटाने का सुलहनामा लिखवा लिया। पहली जनवरी 2023 को आरोपी शाम करीब आठ बजे तीन चार व्यक्तियों के साथ आया और ससुर को थाने लेकर चलने का बहाना बना कर ले गया। तब से उसके ससुर का कोई पता नहीं चल रहा है।

कबड्डी टूर्नामेंट में लिटिल एंजेल्स स्कूल दूसरी बार बना विजेता

विजयी खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत, नौ टीमों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

लिटिल एंजेल्स स्कूल की टीम के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह व अन्य।

अमृत विचार: सीमा अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट में लगातार दूसरी बार लिटिल एंजेल्स स्कूल विजेता बना। यह प्रतियोगिता विद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्य सीमा अग्रवाल के नाम से कराई जाती है। इसमें शहर के अधिकांश स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग करते हैं।

दो दिन तक चली प्रतियोगिता में नौ टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल स्प्रिंग डेल कॉलेज, लाइंस बाल विद्या मंदिर के बीच खेला गया, जिसमें लायंस बाल विद्या मंदिर ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल लिटिल एंजेल्स स्कूल व बेनहर गुरुकुल के बीच खेला गया, जिसमें लिटिल एंजेल्स ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह रहे। उन्होंने टॉस कराकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके फाइनल मैच आरंभ कराया। रोमांचक फाइनल मैच में लिटिल एंजेल स्कूल ने लाइंस बाल विद्या मंदिर को 49/45 के स्कोर से हराकर टूर्नामेंट जीता। मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों एवं तृतीय स्थान पर रही टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट के बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड प्रत्यक्ष प्रताप, बेस्ट रैडर आदित्य तिवारी रहे। प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल ने टूर्नामेंट के समाप्ति की औपचारिक घोषणा की।इस मौके पर वर्षा सक्सेना, जसमीत कौर, विशाल सक्सेना, राजेश गंगवार,हरपाल सिंह, नरेंद्र गंगवार, मसूद हसन, जावेद हुसैन आदि मौजूद रहे।

20 अक्टूबर के बाद बंद की जाएं नहरें

पीलीभीत, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने डीएम समेत अन्य अधिकारियों से बात कर किसानों की समस्याएं रखीं। उन्होंने 20 अक्टूबर के बाद नहरें बंद करने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि जनपद में सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण हरदोई ब्रांच नहर को समय से पहले ही बन्द कर दिया, जबकि ज्यादातर किसानों को पानी की बहुत जरूरत है। अधिशासी अभियन्ता ने किसानों की अनदेखी करते हुए पानी की डिमांड नही भेजी है। किसानों की समस्याओ को देखते हुए अधिकारियों से बात की गई है। उनसे 20 अक्टूबर के बाद नहरों को बन्द करने की मांग की है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया कि हरदोई ब्रांच नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ दिया जाएगा। किसानों से अपील की है कि जल्द सिंचाई का काम निपटा लें, तीन से चार दिन तक ही किसानों को नहर का पानी मिलेगा। उसके उपरांत सिल्ट सफाई के लिए नहर को बन्द कर दिया जाएगा। फिर नहर में पानी दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक ही उपलब्ध हो सकेगा।

जश्ने किबला ए आलम में मुशायरे का आयोजन

मुशायरे में कलाम पेश करते हसन मियां कदीरी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल स्थित दरबार अल्लाह हू मियां में जश्ने किबला ए आलम शानो शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसकी सदारत मौलाला मोहम्मद हसन मियां कदीरी ने की। जबकि निजामत शायर शराफत हुसैन शाद ने की।

मुशायरे में सदारत फरमाते हुए हजरत मुफ्ती हसन मियां ने अपने कलाम में यूं कहा- सुबहो शामे जिंदगी क्या आपकी कामिल हयात, सुन्नते शाहे उमम है किबलाऐ। आलम हुजूर और शराफत हुसैन शाद ने कहा- मेरे लफ्जों में जो दम है किबलाऐ आलम हुजूर, आप ही का तो करम है किबलाए आलम हुजूर। मोहम्मद हाशिम नाज ने कहा- आपका जिस पर करम है किबलाऐ आलम हुजूर, बो रहा साबित कम है किबलाए आलम हुजूर।

जियाउद्दीन जिया एडवोकेट ने कहा- सोच कर यह चश्म नम है किबलाऐ आलम हुजूर, हर तरफ जुल्मों सितम है किबलाऐ आलम हुजूर। बाबर कदीरी ने कहा-धूम से जश्ने मुबारक हम मनाएंगे सदा, जब तलक इस दम में दम है किबला ए आलम हुजूर। इनके अलावा उस्मान रजी, अब्दुल सईद खां, अशरफ जमा, कविश मोहम्मद अजीम फैजी आदि ने अपने कलाम पेश किए।

दो एक्सप्रेस ट्रेनों का किया जाएगा शार्ट टर्मिनेशन

पीलीभीत, अमृत विचार: प्रयागराज जंक्शन में यार्ड रिमॉडलिंग समेत अन्य कार्यों के चलते रेलवे प्रशासन द्वारा टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस एवं टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस का शार्ट टर्मिनेशन किया गया है। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सिंगरौली से 17 एवं 19 अक्टूबर को चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन से सायं 03.06 बजे चलाई जाएगी। वहीं टनकपुर से 18 एवं 21 अक्टूबर को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन रात्रि 09.30 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा शक्तिनगर से 18, 20 एवं 21 अक्टूबर को चलने वाली 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन से सायं 03.06 बजे चलाई जायेगी। वहीं टनकपुर से 17, 19 एवं 20 अक्टूबर को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयाग स्टेशन रात्रि 09.30 बजे पहुंचेगी।

शेर मोहम्मद मोहल्ले में चल रहा था जुआघर, तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस ने मौके से बरामद किए 2.27 लाख रुपये
- सदर कोतवाली में चार के खिलाफ मामला दर्ज

अमृत विचार: शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद के एक मकान में जुआघर चल रहा था। इसका पता लगने पर कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर तीन लोगों को दबोच लिया, जबकि एक आरोपी भाग गया। पुलिस ने मौके से 2.27 लाख रुपये बरामद किए। चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सदर कोतवाली में तैनात एसएसआई संजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात वह ठेका चौकी प्रभारी मनवीर सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी गुड्डू उर्फ मोहम्मद अकबर के मकान में जुआ खेला जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने दबिश दी। मौके से ताश की गड्डी, 2.27 लाख रुपये बरामद किए। पुलिस को देखकर एक आरोपी मौके से भाग गया। जबकि तीन को पकड़ लिया गया।

पकड़े गए युवकों ने पूछताछ में अपना नाम मोहल्ला आसफजान निवासी राजा गुप्ता, मोहल्ला डालचंद निवासी सजर अली उर्फ चोना, मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी गुड्डू उर्फ अकबर बताया। जिस मकान में जुआ खेला जा रहा था , वह आरोपी गुड्डू का था। मौके से भागने वाला आरोपी मोहल्ला खैरुल्लाशाह निवासी एजाज अहमद उर्फ पप्पू टेलर बताया गया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि जुए की सूचना प दबिश दी गई थी। तीन आरोपियों को पकड़ा गया जबकि एक भाग निकला। चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

कम्युनिष्ट पार्टी ने उठाईं ग्रामीणों की समस्याएं

पूरनपुर: भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के पदाधिकरियों ने शनिवार को शेरपुर कलां में बैठक की। ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा हुई। मोईन खान ने कहा कि आवास और शौचालय के दर्जनों पात्रों को लाभ नहीं दिया गया। पात्र टीनशेड और खपरैल में गुजर बसर कर रहे हैं। गांव को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की भी मांग की जा चुकी है। अभी इन मांगों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा पार्टी ग्रामीणों के हक की आवाज उठाती रहेगी। इस मौके पर शाकिर खां, मोहम्द चांद खां, अखलाक खां, फरीदा बेगम, जीशन खां आदि मौजूद रहे।

ट्रक और कंटेनर की भिड़ंत में एक की जान गई

संवाददाता, पूरनपुर

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त खड़ा वाहन।

- शनिवार सुबह पीलीभीत मार्ग पर हुआ हादसा

अमृत विचार: वाहनों की तेज रफ्तार हादसे का सबब बन गई। ट्रक और कंटेनर की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर तक जाम की स्थिति रही। पुलिस ने वाहनों को हटवाकर आवागमन चालू कराया।

यह हादसा शुक्रवार देर रात पीलीभीत मार्ग पर हुआ। गांव उदयकरनपुर के पास कंटेनर और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण हुई कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कंटेनर चालक रामपुर जनपद के थाना भोट क्षेत्र के ग्राम मबकरा निवासी अतीक (30) पुत्र नसीर अहमद, अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर निवासी नन्हू पुत्र मुन्नालाल और जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम अमखिड़िया निवासी शाहरुख पुत्र शाहिद घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने वाहनों को हटवाकर घायलों को बाहर निकाला। अतीक क्षतिग्रस्त कंटेनर में फंस गया था। उसे बाहर निकालने में खासा मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने नन्हूं और शाहरुख को पूरनपुर सीएचसी भिजवाया, जबकि अतीक को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। मगर इस दौरान अतीक की मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

चालक को झपकी आने से दुकान में घुसा ट्रक

पूरनपुर, अमृत विचार : शुक्रवार रात एक ट्रक उत्तराखंड से मोरंग लेकर बंडा जा रहा था। पूरनपुर-बंडा मार्ग पर कल्यानपुर गांव के पास पहुंचकर ट्रक चालक को झपकी आ गई। इससे ट्कर सड़क किनारे रियाजुद्धीन की किराना की दुकान में जा घुसा। ट्रक की रफ्तार अधिक होने से ट्रक दुकान को पर सामने मकान से जा टकराया। हादसे के दौरान तेज आवाज होने पर तमाम ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। दुकान मालिक ने बताया कि दुकान क्षतिग्रस्त होने से उसमें रखा सामान भी खराब हो गया है। इस हादसे में करीब दो लाख का नुकसान बताया।

हाइटगेज में फंसकर निकले वाहन

संवाददाता, मिर्जापुर

कोलाघाट पर कार्यक्रम के दौरान बोलते रामवीर सोमवंशी। ● अमृत विचार

- बोले कोलाघाट संघर्ष मोर्चा के सदस्य पुल पर बेवजह आवागमन बंद रखने के वालो के खिलाफ हो कार्रवाई

अमृत विचार : कोलाघाट पुल पर लगे हाइटगेज में वाहन फंसने से जाम की स्थिति बन रही है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बैठक कर तीन वर्षों तक क्षेत्र की जनता को बेवजह परेशान करने के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को करीब तीन वर्षों के इंतजार के बाद क्षेत्रीय लोगों को कोलाघाट पुल से गुजरने का मौका मिला। कोलाघाट पर आवागमन शुरू होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं कोलाघाट पुल पर लगे हाइटगेज में पिकअप समेत अन्य वाहन फंस रहे हैं। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वाहन न निकलने पर चालक मायूस होकर वापस लौटने को मजबूर होते हैं। वहीं शनिवार को कोलाघाट संघर्ष मोर्चा द्वारा पुल के निकट कार्यक्रम रखा गया। इस दौरानसमाजसेवी रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा कि बीते तीन वर्षों में क्षेत्र की जनता को बेवजह परेशान रखा गया। पुल पर आवागमन बंद होने से लोगों को तमाम दुश्वारियों से गुजरना पड़ा। उन्होंने इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सपा नेता कमलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार में निर्माण के दौरान यदि अनियमितताएं हुई हैं तो दोषियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई क्यों नही कर रही है। उन्होंने पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की जल्द मरम्मत, दो पैंटून पुल उपलब्ध कराने व पैंटून पुल से मेन रोड पर खड़ंजा बिछवाने के लिए तत्कालीन मंत्री जितिन प्रसाद की सराहना की। कार्यक्रम को तारा यादव , मोहित शर्मा , पार्थ यादव आदि ने भी संबोधित किया।

समाजवादी विचारधारा के संवाहक थे डॉ. लोहिया

- सपा के जिला कार्यालय पर मनाई डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि

पीलीभीत, अमृत विचार: समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने डॉ. लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद गोष्ठी आयोजित की गई।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि डॉ. लोहिया समाजवाद के ध्वजवाहक एवं समाजवादी चिंतन, विचारधारा के संवाहक रहे। उन्होंने समाजवादी व्यवस्था को देश में स्थापित करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों व क्रांतिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया। उन्होंने अपनी अल्पायु में ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी एवं प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना कर समाजवादी आंदोलन को धार देने का काम किया। विचार गोष्ठी का संचालन सपा के जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट ने किया।

इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, रूपराम कश्यप, काशीराम सरोज, हाजी अकबर अहमद अंसारी, गयासुद्दीन, रामकुमार पासवान, डिंपल गौड़, निरंजन गंगवार, संजय सिंह यादव, दीपक वर्मा, हरगोविंद गंगवार आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने ग्रामीणों के नाम लिखी चिट्ठी, गांव-गांव पहुंचाया जा रहा संदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्राम पंचायत विकास योजना की तैयारी में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए ग्राम पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी में ग्रामीणों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने ग्रामीणों के नाम एक चिट्ठी भी लिखी है। पंचायत राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री का यह संदेश गांव-गांव पहुंचाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते दो अक्टूबर को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी के लिए राष्ट्रव्यापी जन योजना अभियान-सबकी योजना,सबका विकास की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य गांव के विकास में वहां के स्थानीय लोगों की भूमिका एवं कार्ययोजना तैयार करने में उनकी भागीदारी तय करना है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों के नाम चिट्ठी लिखी है। प्रधानमंत्री की ओर से लिखी गई इस चिट्ठी में कहा है कि देश की सशक्त और आत्मनिर्भर ग्राम पंचायतें विकसित देश की नींव हैं। हमारे गांवों को, हमारी ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने में जन योजना अभियान- सबकी योजना, सबका विकास एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गांव के विकास में वहां के लोग सक्रिय रूप में भाग लें। ताकि योजनाएं पंचायत के स्तर से आगे बढ़कर लोगों की योजनाएं बनें। ''आत्मा गांवों की और सुविधाएं शहर की'' इस विचार के साथ बीते वर्षों में देश भर की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने चिट्ठी के माध्यम से ग्रामीणों से अपील की है कि सभी इस अभियान में पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लें। आप सबकी सक्रिय सहभागिता से इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होगा। हम सभी के सामूहिक प्रयासों में विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति निश्चित है। इधर पंचायत राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के इस संदेश को गांव-गांव पहुंचाया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि जन योजना अभियान के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हो चुकी है। इसकी सफलता को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। प्रधानमंत्री के संदेश को गांव स्तर तक पहुंचाया जा रहा है।

विजय दशमी पर मैलानी रेंज में हुआ शस्त्र पूजन

कुकरा, अमृत विचार : वन रेंज मैलानी कार्यालय पर विजय दशमी पर शस्त्रों की साफ सफाई कर पूजन किया गया। मैलानी रेंजर निर्भय प्रताप शाही,जटपुरा चौकी के वन दरोगा ठाकुर अखिलेश सिंह, शुभम सिंह, राजाराम तिवारी, बृजेश शुक्ला, वनरक्षक हरेंद्र सिंह, ताज मोहम्मद आदि वनकर्मी मौजूद रहे।

कमरे में फंदे से लटका मिला महिला का शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अकबरपुर तिरिया गांव में एक महिला का शव कमरे में कुंडे से साड़ी से लटका हुआ मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर तिरिया निवासी देवेंद्र की शादी 5 फरवरी 2024 को राजकुमारी(24) निवासी पीलीभीत से हुई थी। शनिवार की दोपहर खाना खाने के बाद एक कमरे में चली गयी। वह शाम पांच बजे तक कमरे से बाहर नहीं आयी तो परिवार वालों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया दरवाजा नहीं खुलाा। पति ने धक्का देकर दरवाजे की कुंडी तोड़ दी। उन्होंने देखा कि उसकी पत्नी का शव साड़ी के फंदे से कुंडे से लटका हुआ था। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विश्व जीत प्रताप सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर सूचना मिलने पर मृतका राजकुमारी के पिता महेंद्र परिवार वालों के साथ पुत्री की ससुराल पहुंचे। उन्होंने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के मायके वालों की तरफ कोई तहरीर नहीं आई है और मामले की जांच की जा रही है।

ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, दोस्त घायल

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

मृतक गिरीश।

- मेला देखकर गांव लौट रहे थे दोनों, रास्ते में सरइया मोड़ पर हुआ हादसा

अमृत विचार : शुक्रवार की रात सरइया मोड़ पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। दोनों दोस्त रामलीला देखकर बाइक से घर जा रहे थे। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया गोसाई निवासी गिरीश(35) गांव निवासी दोस्त बैजनाथ के साथ शुक्रवार की शाम बाइक से रामलीला देखने के लिए गए थे। दोनों रात दस बजे बाइक से मेला देखकर अपने गांव वापस लौट रहे थे। सरइया मोड़ के निकट ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए। राहगीरों ने थाना पर सूचना दी, तब प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। जहां डाक्टर ने गिरीश को मृत घोषित कर दिया। घायल का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी पत्नी व तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

टेंपो की टक्कर से बाइक सवार व्यापारी घायल

कलान। थाना क्षेत्र के गांव बाराकलां निवासी व्यापारी गंगाराम बाइक से शनिवार दोपहर बाद कलान से सामान खरीदने आ रहे थे। बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर स्थित रोजी पब्लिक स्कूल के पास टेंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यापारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

खुटार। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव नत्थापुर गांव निवासी बलदेव सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका भतीजा हरजिंदर सिंह (52) अपनी पत्नी राजविंदर कौर के साथ नत्थापुर गांव से बाइक से मुराद खेड़ा, थाना पलिया खीरी को गए थे। जहां से वह बुधवार की शाम लगभग 5 :30 बजे बाइक से वापस आ रहे थे।खुटार पुवायां रोड अठकोना मोड़ के पास सामने से आ रही एक कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे हरजिंदर सिंह की मौत हो गई थी। जबकि उनकी पत्नी राजविंदर कौर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बल्देव सिंह की तहरीर पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली है।

सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

पुवायां/शाहजहांपुर, अमृत विचार : शनिवार की सुबह चार बजे युवक खेत से अपने घर लौट रहा था। गांव के बाहर मुख्य रोड पर वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। चालक वाहन लेकर भाग गया। ग्रामीणों ने खून से लथपथ शव पड़ा देखा। सूचना पर पुलिस और परिवार वाले पहुंचे। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव हरना नगला निवासी नरवीर(35) परिवार के साथ खेती बाड़ी करता था। वह रोजाना खेत पर खड़ी फसल को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेत पर जाता था। शुक्रवार की रात आठ बजे वह खेत पर गया। वह सुबह चार बजे खेत से घर की ओर पैदल आ रहा था। गांव के मुख्य रोड पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने उसका शव खून से लथपथ पड़ा देखा। परिवार वाले मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों का कहना है कि उसको किसी वाहन ने टक्कर मार दी है और रोजाना खेत पर फसल देखने के लिए जाते थे। मृतक नरवीर की शादी नहीं हुई थी और चार भाइयों में सबसे छोटा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

...न जाने किस मछली में बंधन की चाह हो

जमुना प्रसाद उपाध्याय को सम्मानित करते विधायक अमन गिरि, चेयरमैन विजय शुक्ल।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- मंगला देवी मंदिर में कवि सम्मलेन में कवियों ने बिखेरे गीतों के रंग

अमृत विचार: मां मंगला देवी मंदिर पर साहित्य महोपाध्याय पंडित सियाराम मिश्र की स्मृति में हुए कवि सम्मलेन में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने कवियों को सम्मानित किया।

दिल्ली की रजनी श्रीवास्तव ने मां वाणी की वंदना से कवि सम्मलेन आरंभ। फतेहपुर के हास्य कवि समीर शुक्ल ने सुनाया- अरे मोरे भैया बच के रहना, गिरगिट मिलिहै सतरंगा, तिनिक तिनिक हर गंगा। लखनऊ के डॉ अतुल बाजपेई ने पढ़ा-बल बुद्धि पराक्रम के सागर जिनके आयुध धनुसाधक हैं, वह पुरुषोत्तम भरत गौरव, प्रभु राम हमारे नायक हैं। अयोध्या के जमुना प्रसाद उपाध्याय ने पढ़ा-नदी की धार पर भी चंद सियासी बस जाएं, तो प्यासे होंठ एक-एक बूंद को तरस जाएं। देहरादून के बुद्धिनाथ मिश्रा ने सुनाया-एक बार जाल और फेंक रे मछेरे, न जाने किस मछली में बंधन की चाह हो। कवि करुणेश मिश्र, शकुश मिश्रा, राघव शुक्ल आदि ने भी काव्य पाठ किया। केके शुक्ल, राजन मिश्रा, जनार्दन गिरि, रमेश पांडेय शलभ, मधुकर सैदाई, डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री आदि रहे

सही परामर्श
सही इलाज

डा.कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी,
मॉडल टाउन,
निकट बड़ा गुरूद्वारा,
(इन्द्रापार्क के पास)
बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

खून के आंसू

हकीम
जहीर अहमद
(क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार
रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे,
इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत
क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.Sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में विपविपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024,रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

घर के बाहर खेल रहे बच्चे की ट्रैक्टर से कुचल कर मौत

मोहम्मदी, अमृत विचार: कोतवाली के गफ्फार नगर में घर के बाहर खेल रहे डेढ़ साल के बच्चे की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई।

गफ्फार नगर निवासी पंकज मौर्या ने बताया कि शनिवार की शाम उनका डेढ़ साल का भतीजा वेहांस मौर्या पुत्र रिंकू मौर्या घर के सामने खेल रहा था। तभी पड़ोसी प्रदीप कुमार अपना ट्रैक्टर लापरवाही से चलाते हुए तेज रफ्तार निकला। ट्रैक्टर की चपेट में आकर भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक प्रदीप ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर कर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पंकज की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पलिया के सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ शस्त्र पूजन

पलिया कलां, अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दशहरा पर मध्याह्न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शस्त्र पूजन कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह बलजीत सिंह, नगर कार्यवाह अभिषेक शुक्ला, कृष्ण कुमार मालपानी, प्रबंधक रामबचन तिवारी , विजय महिंद्रा, प्रधानाचार्य रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार सिंह भाटी, शिक्षक रजनीश, विकास कुमार आदि रहे।

शिकायत पर पुनः होगी लाभार्थी की पात्रता की जांच

सिंगाही, अमृत विचार: डूडा के परियोजना अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ला भट्ठी निवासी विनय कुमार ने शिकायत की है कि पीएम आवास योजना शहरी का लाभार्थी जगरूप अपात्र है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि शिकायत पर लाभार्थी की पात्रता की जांच करने के लिए एसडीएम निघासन को पत्र लिखकर सात दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। जांच में अपात्र मिलने पर आवास के लिए दी गई धनराशि की रिकवरी कराई जाएगी।

जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा चालान

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: एसपी रेलवे के आदेश पर चलाए गए अभियान के दौरान जीआरपी ने शहर के मोहल्ला ईदगाह निवासी पप्पू को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी पप्पू को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है।

पांचवें दिन भी पुलिस नहीं लगा पाई चोरों का सुराग

निघासन, अमृत विचार: गांव खैरहनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक हरद्वारी लाल पांडेय के घर 6 अक्टूबर की देर रात चोर 100 ग्राम सोने के आभूषण, दो किलो चांदी व 60 हजार की नगदी और 12 कारतूस लेकर फरार हो गए। चोरों ने घर में सो रहे लोगों के कमरों का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था।

इस घटना के खुलासे में लगी पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। हालांकि उसने तीन संदिग्धों को पकड़ा है और उनसे पूछताछ कर रही है, लेकिन पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

माता के गीतों ने श्रद्धालुओं को किया मुग्ध

सजी भगवान शिव की झांकी।

बांकेगंज, अमृत विचार : राधा कृष्ण मंदिर एवं बाकेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे 36 वें दुर्गा पूजा समारोह में शुक्रवार को रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। गोरखपुर की पार्टी द्वारा माता रानी की भेंटे प्रस्तुत कीं। कलाकारों के द्वारा सुंदर झांकियां दिखाई गईं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती के जागरण को सुना। शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में सजे मां भगवती के दरबार में पूजा अर्चना कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

कल्पना ने पत्तियों पर मां दुर्गा के स्वरूप उकेरे

पत्ती पर माता के स्वरूप।

रोशननगर, अमृत विचार : ब्लाक बांकेगंज क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद की लीफ आर्टिस्ट कल्पना तिवारी ने नवरात्रि में गुड़हल, पीपल, मदार की पत्तियों पर मां जगदम्बे के स्वरूप को उकेरकर सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं देकर अपनी श्रद्धा दर्शायी। चित्रकारी तो बहुत लोग करते हैं किन्तु पत्तियों पर कटिंग करके चित्र उकेरना हर किसी के बस का नहीं हैं। कल्पना तिवारी एकलौती लीफ आर्टिस्ट के रूप में जानी जाती हैं।

डोली भूमि गिरत दसकंधर, छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर

विजयादशमी : अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व धूमधाम से मनाया गया, श्रीराम ने रावण का किया वध तो जय जयकार कर उठे लोग

- रामलीला मैदान में दशहरा मेला देखने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग
- राम-रावण के बीच भीषण युद्ध देख उत्साहित हो उठे दर्शक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर की ऐतिहासिक रामलीला में अहंकार और बुराई का प्रतीक लंकापति रावण का प्रभु श्री राम ने वध किया। रावण के जमीन पर गिरने के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत होते ही मेला मैदान जयश्री राम के नारों से गूंज उठा। रावण वध से पहले रामलीला महोत्सव में समुद्र पर पुल बांधने, विभीषण का भगवान राम की शरण में आना, कुंभकरण वध आदि का मंचन हुआ।

शहर के मेला मैदान में चल रही रामलीला के दसवें दिन वानर सेना ने समुद्र पर पुल का निर्माण किया। इसके बाद सेना के साथ भगवान राम ने लंका पर चढ़ाई कर दी। इसके साथ शुरू हो जाता है राक्षसी सेना का विनाश। श्रीराम को मारने के लिए लंकेश अपने तमाम योद्धाओं को भेजता है, लेकिन एक-एक कर सब मारे जाते हैं। तब रावण ने कुंभकरण को जगाकर युद्ध में भेजा। मगर, वह भी प्रभु श्री राम के हाथों मारा जाता है। पश्चात मेघनाथ-लक्ष्मण युद्ध, शक्ति बाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने, हनुमान का संजीवनी बूटी लाकर उन्हें ठीक करने, लक्ष्मण के हाथों मेघनाथ और श्रीराम के हाथों कुंभकर्ण के वध की लीलाओं के मंचन बाद रावण स्वयं श्रीराम से युद्ध करने के लिए आता है। राम और रावण के बीच घोर युद्ध होता है। अंत में रावण वध से उसकी सेना में भगदड़ मच जाती है। इसके साथ ही मेला मैदान में खड़ा रावण के पुतले में आग लगा दी जाती है। रावण वध और पुतला जलते ही मैदान में आतिशबाजी के साथ जय श्रीराम का जयघोष होने लगता है। रावण वध देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

रथ पर सवार हो युद्ध का मंचन करते राम और रावण के प्रतिरूप बने कलाकार। ● अमृत विचार

मेला मैदान में धूं धूंकर जलता पुतला।

रावण के पुतले में लगाई गई आग।

पुतले की लकड़ियां लेने को मची भगदड़

रामलीला में राम के अग्निबाण से रावण का पुतला धूं-धूं कर जलने लगता है। पुतले में लगी लकड़ियां लेने के लिए दर्शकों में होड़ मच जाती है। लकड़ियां पाने के लिए लोगों में मची भगदड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मान्यता है कि पुतले की लकड़ी घर में रखने से भूत प्रेत की बाधा घर में नहीं रहती

रामलीला में प्रसंगों का मंचन देखते दर्शक। ● अमृत विचार

रामलीला में आज

गोला गोकर्णनाथ। श्रीरामलीला में शनिवार को रावण वध का मंचन किया गया। रविवार को भरत मिलाप, राजगद्दी शोभायात्रा मोहम्मदी रोड पर रात नौ बजे से।

रावण वध होते ही जय श्री राम के गूंज उठे घोष

पलिया कलां, अमृत विचार : अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक दशहरा पलिया नगर में धूमधाम से मनाया गया। रावण वध एवं उसके विशालकाय पुतले के दहन के पश्चात श्री राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन हो गया।

मंच पर एक तरफ प्रभु श्री राम की गेरुआ वस्त्रधारी बानर सेना हाथों में धनुष बाण, गदा, डंडा, कटार, फरसा आदि लिए जय श्री राम का जयघोष करती दिखाई देती है, तो दूसरी तरफ काली पोशाक पहने राक्षसराज रावण

की निशाचरी सेना खड्ग, तलवार, बांका, कुल्हाड़ी लिए गर्जना कर रही होती है। दोनों सेनाओं में युद्ध होता है। अंत में विभीषण के बताए भेद पर श्री राम के हाथों रावण का वध होता है। पश्चात रावण के पुतले में आग लगाने से पहले आतिशबाजी का सुंदर प्रदर्शन होता है। इसके बाद रावण के पुतले में आग लगा दी जाती है।

सीओ यादवेंद्र यादव, कोतवाली प्रभारी मनबोध तिवारी, गौरीफंटा कोतवाली प्रभारी अवधेश यादव, रामलीला कमेटी के व्यवस्थापक राजेश भारतीय, अध्यक्ष तेजपाल सिंह, प्रेम प्रकाश पांडे, रमेश चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

धूं धूंकर जला अधर्म के प्रतीक रावण का पुतला

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर के मेला मैदान में श्रीरामलीला मंचन स्थल पर शाम को रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। रावण दहन से पहले रामलीला का मंचन हुआ, जिसमें राम रावण का युद्ध देखकर लोगों ने श्रीराम की जय जयकार की। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतले को दहन किया।

मेला मैदान में हो रही रामलीला में विजयदशमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने रावण के दम्भ को चकनाचूर कर दिया। असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म की जीत के प्रतीक के रूप में अधर्म, अनाचार, लोभ, क्रोध, घमंड से परिपूर्ण रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया।

पुतला दहन होते ही पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। पुतला दहन से पूर्व मथुरा के रामलीला के कलाकारों ने राम रावण, लक्ष्मण, मेघनाद के बीच युद्ध का रोमांचक मंचन किया। श्रीराम ने प्रतीकात्मक रूप से रावण, कुंभकरण का और लक्ष्मण ने मेघनाद का वध किया। पूरनपुर के अली की आतिशबाजी देखकर लोग हर्षित हो उठे। जब पुतला जले तो उनकी लकड़ी लेने के लिए दर्शकों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी।

जिसे नियंत्रित करने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। संरक्षक जनार्दन गिरि, अध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, पंकज गुप्ता, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ गवेंद्र गौतम, राकेश तिवारी बड़े, दीपक मिश्रा, रामगुलाम पांडे, शोभित सिंह, सुभाष मिश्रा, रामस्वरूप यादव, हंसराम स्वर्णकार, पंकज मिश्र आदि।

रामलीला के कलाकारों ने किया शस्त्रों का पूजन

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : विजयदशमी का पर्व शनिवार को जिले भर में मनाया गया। इस बार यह पर्व दो दिन यानि रविवार को भी मनाया जाएगा। सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के सर्वराकार विपुल सेठ ने बताया कि रामलीला मंचन से पहले मथुरा भवन में विधि विधान से शस्त्रों का पूजन किया गया, जिसके बाद रामलीला मंचन के लिए सवारी निकाली गई। बता दें कि दशहरे के दिन शस्त्रों का पूजन करने की परंपरा प्राचीन काल से ही चली आ रही है।

जगराता में भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु

गोला गोकर्णनाथ : अहमदनगर में श्रवण कुमार शुक्ला के घर में जगराते का आरंभ नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू, बीईओ अनुराग मिश्र ने किया। बीसलपुर के अजय अलबेला ने जय गणेश देवा भजन गाया। रजनी ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी गाकर दर्शकों को ताली बजाने को मजबूर किया। पुजारी योगेश मिश्रा ने हवन पूजन कराया, दोपहर से शुरू हुए कन्याभोज में तमाम कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में मौरध्वज मौर्य, प्रशान्त शुक्ल, सौरभ मिश्र, अरुण प्रजापति, रोहित मिश्र, नवी हुसेन, शिवम कुमार आदि लगे रहे।

दूसरे दिन भी मनाई नवमी, मंदिरों- घरों में किया हवन व कन्या भोज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: नवरात्र में इस बार तिथियों को लेकर भक्तों में असमंजस रहा। किसी ने अष्टमी का व्रत बृहस्पतिवार को रखा तो किसी ने शुक्रवार को। इसी तरह नवमी और दशमी तिथि को लेकर भी भक्त असमंजस में रहे। यही वजह रही शनिवार को भी मंदिरों से लेकर घरों में हवन पूजन से लेकर कन्या भोज किया गया। नवरात्र पारायण के बाद माताराणी की मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

शहर के संकटा देवी मंदिर से लेकर बंकटा देवी, माता शीतला देवी, भुइयां माता मंदिर में शनिवार को भक्तों का हुजूम रहा। खासकर महिलाओं ने विधि विधान से मंदिरों में देवी मां के दर्शन कर पूजन किया और हवन में शामिल हुई। इसके बाद मंदिरों से लेकर घरों में कन्याओं को दही जलेबी, खीर पूड़ी, हलुवा पूडी आदि कराने का सिलसिला शाम तक चलता रहा।

वहीं पांडालों में स्थापित दुर्गा मूर्तियों का गाजे बाजे के साथ नदियों में विसर्जन किया गया। भानपुरः बिजुआ क्षेत्र में घरों से लेकर गली-मोहल्लों में दुर्गा माता के पंडाल सजाकर जगराता हुआ। शनिवार को क्षेत्र के गांव अमृतापुर, सोनपीपर, राजपुर, बरमबाबा एवं ईटकुटी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को लेकर विधि विधान से पूजन कर ढ़ोल व डीजे की धुन पर नाचते गाते भक्त शारदा तट पहुंचे। वहां पर मां दुर्गा की मूर्ति की पूजा-अर्चना कर विसर्जन किया। उधर, बरमबाबा मंदिर पर समिति एवं क्षेत्रवासियों ने दुर्गा जागरण के साथ हवन पूजन कर भंडारा कर प्रसाद वितरण किया।

विसर्जन के लिए मां दुर्गा की मूर्ति लेकर जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बरमबाबा मंदिर परिसर में भंडारे में प्रसाद पाते भक्त। ● अमृत विचार

संकटा देवी मंदिर में कन्याओं को भोज करातीं श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अबीर गुलाल उड़ाकर निकाली मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नवरात्र समापन पर मां दुर्गा की मूर्तियों को नदियों में विसर्जित कर किया गया। मिल कॉलोनी की वैष्णों दरबार की मूर्ति विसर्जन को लेकर निकली शोभायात्रा के अशोक चौराहा पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभासदों व पालिका कर्मचारियों संग पुष्प वर्षा की। सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, रज्जन खान, रियाजुद्दीन, सुशील कश्यप, आशीष अवस्थी, इजरान, रविन्द्र कटियार, विनोद स्वर्णकार आदि मौजूद रहे।

नवरात्र के पारायण पर कराया कन्या भोज

पलिया कलां। शारदीय नवरात्रि के समापन पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों व घरों पर कन्या भोज आयोजित कर उनका आशीर्वाद लिया। नगर के प्रमुख श्रीकुल आश्रम पर आचार्य गोविंद माधव मिश्र, मिंटू गुप्ता जलालाबादी एवं रामू वर्मा आदि द्वारा 151 कन्याओं एवं ब्राह्मणों को पूड़ी, खीर, सब्जी आदि खिलाकर दक्षिणा दे आशीर्वाद लिया गया। इस मौके पर रामकृष्ण मिश्रा, आलोक मिश्रा, धनेंद्र शुक्ला, विश्वकांत त्रिपाठी, पंडित अतुल शुक्ला, पं .राजेंद्र तिवारी ,पं .सोमेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। पांडे बाबा स्थान पर भी कई श्रद्धालुओं ने कन्याओं को खीर, पूड़ी, चना, हलवा आदि खिलाकर आशीर्वाद लिया। मोहल्ला सिंगहिया में स्थित देवी मंदिर, चीनी मिल में बने मंदिर, दुधवा रोड पर स्थित कालरात्रि मंदिर ,पटिहन के देवी मंदिर, निहाली पुरवा के राम जानकी मंदिर, संपूर्णानगर रोड स्थित गुदरिया बाबा मंदिर सहित बोझवा, मटहिया ,मझगई ,चंदनचौकी के पूजा पंडालों व देवी मंदिरों में विशाल कन्या भोज आयोजित किए गए।

पलिया विधायक रोमी साहनी ने मंगल कामना की। पुजारी संजय कुमार गौड़, अध्यक्ष महेश सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, मंत्री कमलेश सिंह,सदस्य डॉ. रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

वैष्णो दरबार में किया कन्या पूजन, भंडारा

मूड़ा सवारान, अमृत विचार : मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा ग्राम पंचायत भैठिया में शारदीय नवरात्र के अवसर पर सजाए गए 31वें वैष्णो दरबार में शनिवार को प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक हुये कन्या भोज में कन्याएं सज धज कर पहुंचीं। कन्याओं का विधि पूर्वक पूजन अर्चन कर प्रसाद ग्रहण कराकर उन्हें दान दक्षिणा देकर विदा किया। जगदीश प्रसाद सोनी, अध्यक्ष सचिन सोनी, प्रमोद सोनी, कमलेश गुप्ता, विशाल राठौर, धर्मेश चैहान, रामराखन राठौर, शुभम गुप्ता, सुशील सोनी रहे।

पार्वती तप और शिव विवाह का किया गया मंचन

बिझौली, अमृत विचार : देवी स्थान पर नवें दिन जागरण में सती द्वारा श्री राम की परीक्षा, पार्वती का तप और शिव विवाह का मंचन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना व माता की पूजा अर्चना से हुई। पुरुष बराती बने, वहीं महिलाओं ने मां पार्वती के परिजन बनकर नाच गाकर समूचे पंडाल को भाव विभोर कर दिया। भोलेनाथ बने सुरजीत ने असली नाग को गले मे डालकर दर्शकों को लुभाया तो गौरा के रूप में सूरज राज गुज्जर, रूपनबारी बने रूपराम कश्यप और राजा हिमाचल बने नंदकिशोर, नंदी बने उत्तम, सूक्र शनिचर बने कस्यप, हरिओम बजरंगबली ने खूब वाहवाही लूटी। भक्तजनों ने नाच गाकर शिव विवाह का आनंद उठाया। लक्ष्मी कांत शास्त्री की अगुवाई में ग्रामीणों ने आतिशबाजी से बारात का स्वागत किया। बलबीर, विपिन सिंह, पुष्कर, रामेश्वर सिंह, रामचन्द्र राज़, पंकज राज,आदि मौजूद रहे।

जागरण में भक्ति गीतों, झांकियों ने श्रद्धालुओं को मोहा

मूड़ा सवारान, अमृत विचार: ग्राम पंचायत भैठिया के वैष्णो दरबार में शुक्रवार रात को जगराता कराया गया, जिसमें पूरी रात कलाकारों ने भक्ति गीतों एवं सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया। में श्री सिद्धि विनायक दुर्गा जागरण पार्टी के कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किए, साथ ही कलाकारों ने राधाकृष्ण, मां काली, शिव तांडव, शिव विवाह, साईं बाबा, कृष्ण सुदामा, सीता हरण, राम दरबार, भक्त रसखान आदि सजीव झांकियों से दर्शकों का मन मोह लिया। श्रोता रात भर सजीव झांकियां और भक्ति गीतों पर थिरकते रहे। समापन पर मां को हलवे, चने का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। प्रमोद सोनी, सुशील सोनी, सचिन सोनी, शुभम गुप्ता, संदीप सोनी, विशाल राठौर, विनोद वर्मा, सार्थक सोनी, रामकरन, रोहित वर्मा रहे।

दुर्गा जागरण में सजी झांकी। ● अमृत विचार

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
■ डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्रः- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550040 4)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पताः- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
■ डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटो के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्रः- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550040 4)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पताः- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार
क्लासीफाइड
सीधे प्रवेश D.EL.Ed. (BTC) में
राफ़िआह कॉलेज आफ एजुकेशन
निकट डाक बंगला बिसौली रोड सहसवान बदायूं
शासनादेश सं. 390/अरसठ-4 2023-2067/ 2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 09.09.2024 प्रवेश की कार्यवाही हेतु शासनादेश संख्या-828 अरसठ-4- 2023-2067 2023 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 D.EL.ED. पूर्व (B.T.C) प्रशिक्षण सत्र 2024-26 में अल्पसंख्यक अभ्यर्थी न मिलने पर अन्य सभी वर्ग के इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी सीधा प्रवेश ले सकते हैं, संस्थान की वेबसाइट www.rce group.org पर आवेदन आमंत्रित हैं।
9999736330, 9999098111, 8859563997

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट वर्ष 2021-22 अनुक्रमांक 2225670535 वास्तव में खो गये हैं। **अनन्त मिश्रा पुत्र ब्रिजनाथ मिश्रा नि. मदरा खेल थाना कोतवाली तहसील सदर शाहजहांपुर**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

बाघ को पकड़ने की मांग राकिशसं ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार : महेशपुर वन रेंज में के खेतों में बाघ लगातार चहलकदमी करते देखा जा रहा है। दहशत के चलते किसानों के खेतों से धान, गन्ने की कटाई छिलाई प्रभावित हो रही है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़े जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने महेशपुर रेंज कार्यालय में दिए ज्ञापन में कहा कि इमलिया के अमरीश और मूड़ा अस्सी के जाकिर अली को बाघ के निवाला बनाये जाने के बाद संगठन द्वारा कई बार एसडीएम को ज्ञापन प्रेषित किये जाने के बाद भी बाघ नहीं पकड़ने पर 18 सितम्बर को सत्याग्रह किया था। वनक्षेत्राधिकारी महेशपुर और गोला वन रेंज अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में बाघ पकड़ने का आश्वासन दिया गया था किंतु बाघ अब तक पकड़ा नहीं जा सका है। हरैंया निवासी रामू के 12 अप्रैल को बाघ के हमले में मारे जाने के बाद मृतक की पीड़ित पत्नी सरोजनी को वन विभाग से मिलने वाली सहायता राशि अब तक नहीं दी गई है। बाघ पकड़ने के लिए सरकार ने महेशपुर रेंज को 40 लाख रुपये दिये हैं, जिससे दो हाथी भी मंगाये गये हैं। ड्रोन उड़ाये गए तमाम पड्डों (जानवरों) की भोजन के लिए व्यवस्था की किंतु बाघ नहीं पकड़ा जा सका। वन रेंज अधिकारी नरेश पाल सिंह ने बताया है कि वन रेंज को 40 लाख रुपये प्रदान किए जाने की बात भ्रामक हैं। ऐसी कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है।

दशहरा मेला: ट्रस्ट व नगर पालिका में विवाद के चलते दुकानें लगाने से बच रहे व्यापारी

एडीएम का फरमान, सांस्कृतिक कार्यक्रम कराएगी नगर पालिका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एडीएम बोले दुकान आंवटन और रसीद काटने का दायित्व नगर पालिका का

अमृत विचार: रामलीला महोत्सव समापन की ओर है। इसके बाद होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर पालिका और ट्रस्ट के बीच चली आ रही रार जारी है। इन दोनों की जंग में बाहर से आए व्यापारी दुकानें लगाने को लेकर असमंजस में हैं। हालांकि शनिवार को एडीएम का फरमान जारी होने से दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।

दशहरा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर पालिका प्रशासन और सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के सर्वराकार आमने-सामने हैं। हालांकि पालिका प्रशासन को तहसील से मेला कराने की एनओसी मिल चुकी है। साथ ही शनिवार को एडीएम ने भी पालिका प्रशासन को मेला कराने की हरी झंडी दे दी है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि दशहरा मेला परंपरागत तरीके से नगर पालिका परिषद और श्रीरामलीला का आयोजन सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट द्वारा किया जाता रहा है।

पिछले सालों की तरह इस बार भी दशहरा मेला आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए एसडीएम सदर की ओर से नगर पालिका लखीमपुर को मेला आयोजन की अनुमति भी दी जा चुकी है। शांति पूर्वक सकुशल मेला कराने के लिए मेला कोतवाली

दशहरा मेले में दुकानें लगवाने के लिए खाली कराया गया मैदान। ● अमृत विचार

भी स्थापित है। दुकान आवंटन, रसीद काटने, सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के साथ संपूर्ण मेला आयोजन का दायित्व नगर पालिका परिषद का ही है। मेले में अनैतिक रूप से खलल या अराजकता फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला आयोजन में समस्या आने पर पालिका प्रशासन पुलिस के सहयोग से सकुशल संपन्न कराएगा।

> सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट पिछले 160 सालों से रामलीला मेले का आयोजन कराता आ रहा है। पालिका प्रशासन अनावश्यक मेले में अवरोध उत्पन्न कर रहा है। पालिका प्रशासन ट्रस्ट की जमीन पर जबरन दुकानदारों की रसीद काटने पर आमादा है। फिलहाल मामला न्यायालय में है, जिसका निर्णय हमें स्वीकार्य होगा। -**विपुल सेठ, सर्वराकार, सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट**

> दुकानों का आवंटन नगर पालिका परिषद कर रही है। मेला क्षेत्र में दुकानें लगनी भी शुरू हो गई हैं। रविवार से झूले आदि भी लगने लगेंगे। जिला एवं पुलिस प्रशासन से मेला लगवाने में सहयोग कर रहा है। सभी आवश्यक एनओसी प्राप्त हो चुकी है। हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन नगर पालिका ही कराएगा। -**डॉ. इरा श्रीवास्तव, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद लखीमपुर**

तेंदुआ के हमले में बकरी की मौत

महंगापुर, अमृत विचार: संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के ग्राम महंगापुर निवासी फार्मर जसवंत सिंह शनिवार की शाम करीब सवा पांच बजे अपनी बकरियों को महंगापुर मंसूरी फ़ार्म मार्ग पर स्थित गुरुदारा के पास चरा रहा था। अचानक गन्ने के खेत से निकला तेंदुआ एक बकरी को उठाकर ले जाना लगा। तभी लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ गन्ने के खेत में बकरी को मृत अवस्था में ड़कर भाग निकला।

बाइकों की भिड़ंत में, युवक की मौत, तीन घायल

लखीमपुर खीरी। थाना पढुआ क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत में मोहित (20) निवासी मूड़ा बुजुर्ग की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चार दिन बाद भी एफआईआर नहीं, लोगों में गुस्सा

विधायक थप्पड़ कांड: अधिकारियों के अनुसार, अभी की जा रही है मामले की जांच, सड़कों पर आ सकता है आक्रोष

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सदर विधायक की पिटाई के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस की जांच अभी तक पूरी नहीं हो सकी है और न ही लापरवाह पुलिस व प्रशासन के अफसरों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है। इससे विधायक के समर्थकों में प्रशासन की प्रति आक्रोष पनप रहा है, जो किसी भी समय फूट सकता है। उधर प्रदेश संगठन की कारण बताओ नोटिस का भी समय पूरा हो चुका है। ऐसे में भाजपा सहित अन्य लोगों की निगाहे अब प्रदेश संगठन के निर्णय पर टिकी हुई हैं।

बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक के नामांकन के दौरान विधायक योगेश वर्मा और अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह के बीच पर्चा छीनने को लेकर विवाद हो गया था। अवधेश सिंह ने विधायक को थप्पड़ मार दिया था वहीं उनके समर्थकों पिटाई कर दी थी। इस दौरान व्यापारी नेता राजू अग्रवाल समेत कुछ अन्य लोगों के साथ भी मारपीट हुई। सदर विधायक और व्यापारी नेता ने सदर कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस के कोई कार्रवाई न करने पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने डीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया था और तीन दिन के भीतर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी, लेकिन अभी तक इस मामले में पुलिस की कार्रवाई शून्य होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। कार्रवाई न होने पर लोगों का गुस्सा सड़क पर फूट सकता है।

राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने अवधेश सिंह से की मुलाकात

अवधेश सिंह के आवास पर राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह उर्फ दीपू व अन्य समर्थक। ● अमृत विचार

राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू शनिवार को विधायक को थप्पड़ मारने के आरोपी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह के आवास पर पहुंचे। उन्होंने उनसे पूरे मामले की जानकारी ली। बताया कि अवधेश सिंह के साथ छोटी सी घटना हो गई थी। वह उनका हालचाल लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि अन्याय नहीं होन दिया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अवधेश सिंह के आवास पर मौजूद रहे।

- भाजपा प्रदेश संगठन का आरोपियों को नोटिस का समय पूरा, अब कार्रवाई पर नजर

जनप्रतिनिधि पर हाथ उठाना लोकतंत्र की हत्या

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि वह पटेल सेवा संस्थान गोला के आजीवन संरक्षक हैं। विलोबी मैदान में पटेल सेवा संस्थान केतहत लोग जुटे थे। किसी भी जनप्रतिनिधि पर हाथ उठाना इंसानियत, मानवता और लोकतंत्र की हत्या है। विधायक किसी भी दल का होता। हम उसके साथ होते। हम चुप रहें यह मुनासिब नहीं। वीडियो में साफ झलक रहा है कि पहले हाथ किसने उठाया। पुलिस क्या करती रही। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। हम हिंसा के खिलाफ हैं। लोकतंत्र में संवैधानिक तरीके से सभी को अपने विचार रखने का अधिकार है।

नौकरी का झांसा देकर युवती से ठगे एक लाख रुपये

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के ग्राम लालजीपुरवा निवासी दिनेश कुमार नाग की पुत्री कोमल ने प6लिस को तहरीर दी कि उसके गांव के ही बब्लू चौरसिया ने स्टेट मलेरिया यूनिट में नौकरी दिलाने की बात कही। वह झांसे में आ गई। आरोपी ने उससे जनवरी से जून 2023 तक 39 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए।

पहली अप्रैल 23 तक 61 हजार रुपये नगद लिए। दो महीने के भीतर नियुक्ति पत्र दिलाने का वादा किया। निर्धारित समय के बाद भी जब उसे नियुक्ति पत्र नहीं मिला तो उसने बबलू से रुपये लौटाने को कहा। आरोपी नियुक्ति पत्र आज कल आने की बात कहते हुए उसे टरकाता रहा। रुपये वापस करने का दबाव बनाया तो आरोपी भड़क गया और गाली गलौज करते हुए रुपये देने से इंकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

यति नरसिहांनंद पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

निघासन, अमृत विचार : पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही को सौंपा। शनिवार को लालपुर की मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद शरीफ के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के तमाम लोग मस्जिद पर एकत्र हुए। जौहर की नमाज के बाद ज्ञापन नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही को सौंपा। स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की। प्रबंधक मुन्ना हाफिज हिसामुद्दीन, सदर नसीमुद्दीन, गौहर अली, आशिक अली, सलाहुद्दीन, बब्लू, मोईन अंसारी, जुबैर अंसारी, रफीक शाह, हाजी डॉक्टर दानिश अली समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

इराक व मक्का मदीना के लिए तीन जायरीन रवाना

मितौली, अमृत विचार : कस्बे के रहने वाले मुन्ना मिस्त्री के पिता नत्थू अली, हाजी कय्यूम गफ्फारी व फारूक किराना स्टोर की मां हाजिन खुशनसीब इराक व मक्का मदीना के लिए 28 दिनों के सफर पर रवाना हुए। जायरीन सबसे पहले इराक बगदाद पहुचेंगे। जहां से गौस पाक की रोजे की ज़ियारत करेंगे। इसके बाद जायरीन कर्बला जाएगे। जहां पर हजरत इमाम हुसैन व शहीदे कर्बला के रोजो की ज़ियारत करेंगे। फिर नजफ जाएगे। इसके बाद मक्का मदीना में उमरा करेंगे। लोगों ने जायरीनों के घरों में पहुंचकर माला पहनाकर उनका सम्मान किया और अपने हक में दुआ मांगने की अपील की।

कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक का जन्मदिन मनाया

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कस्बा बेलरायां स्थित गांधी इंटर कॉलेज के संस्थापक स्व. सेठ सीताराम अग्रवाल का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया। दो महीने पहले शिक्षक इंद्रेश कुमार वर्मा का निधन होने के कारण कार्यक्रम नहीं किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय गुप्ता, प्राइमरी सेक्शन के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा, लिपिक विनीत मिश्रा समेत सभी शिक्षकमौजूद रहे।

महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर किया जागरूक

औरंगाबाद, अमृत विचार : पकरिया गांव में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मितौली एसडीएम विनीत कुमार उपाध्याय ने महिलाओं को उनके अधिकारों के साथ-साथ सुरक्षा और संरक्षण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं के साथ महिलाओं के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी। गोष्ठी को पुलिस क्षेत्राधिकारी मितौली शमशेर बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज रमेश चंद्र पांडेय, इंस्पेक्टर अपराध महेश पाठक व सहित महिला आरक्षियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं रहीं।

लाइलाज रोगों के मरीजों की मददगार है पैलिएटिव केयर

जिला अस्पताल में शपथ दिलाते सीएमएस डॉ. आरके कोली।

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिला अस्पताल में शनिवार को वर्ल्ड हॉस्पिक एंड पैलिएटिव केयर डे यानि विश्व आश्रय एवं प्रशामक देखभाल दिवस मनाया गया। इस दौरान सीएमएस ने स्टाफ नर्स एवं वार्ड बॉय को पैलिएटिव केयर के बारे में बताया। जिरियाट्रिक फिजिशियन एवं पैलिएटिव केयर के नोडल डॉ. शिखर वाजपेयी ने बताया कि पैलिएटिव केयर से लाइलाज एवं जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारियां, जिसमें कैंसर, लकवा, तंत्रिका तंत्र, हृदय, किडनी, सांस रोगों में पैलिएटिव केयर से मरीजों को ठीक करने में काफी मदद मिली है। सीएमएस ने बताया कि हर साल विश्व भर में 60 मिलियन लोगों को पैलिएटिव केयर की जरूरत होती है। मगर, जानकारी के अभाव में मात्र दो प्रतिशत को ही इसका लाभ मिलता है। जागरुकता के लिए ही 12 अक्टूबर को वर्ल्ड पैलिएटिव केयर डे मनाया जाता है। इस दौरान विश्व तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को तंबाकू छोड़ने एवं तंबाकू से होने वाले नुकसानों के प्रति लोगों को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गई। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी वर्मा ने बताया कि करीब दस साल पहले डब्ल्यूएचओ ने मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए पैलिएटिव केयर एवं पीड़ा से राहत को शामिल किया। डॉ. रोहित पाठक, डॉ. अखिलेश शुक्ला, डॉ. राकेश गुप्ता, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

रूट डायवर्जन धड़ाम, शहर में हर जगह जाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: दशहरा को लेकर शनिवार की सुबह से लागू किया गया रूट डायवर्जन प्लान ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण धड़ाम हो गया। इससे मेला मैदान रोड पर भीषण जाम लग गया। जाम में बड़ी संख्या में वाहन घंटों फंसे रहे।

इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार को दशहरा के चलते निघासन मार्ग पर स्थित मेला मैदान में रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के आने इसको लेकर यातायात पुलिस ने शनिवार की शाम चार बजे से रूट डायवर्जन प्लान लागू किया था, जिससे आने-जाने वाले लोगों को कोई खास दिक्कत नहीं हो सके, लेकिन यातायात पुलिस की लापरवाही के कारण यह व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम हो गई और शाम करीब पांच बजे इस मार्ग पर भारी जाम लग गया। घंटों वाहन जाम में फंसे रहे। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम का कारण प्रतिबंध होने के बावजूद फर्राटा भरने वाले ई-रिक्शा और ऑटो बने। इस मार्ग पर घंटों करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा।

मेला मैदान धर्मकांटा के पास जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- शाम चार बजे के बाद रेंगते रहे वाहन, परेशान रहे लोग

यह था रूट डायवर्जन

- सैंधरी बाईपास मोड़ से लखीमपुर शहर की ओर आने के लिए दो पहिया वाहन पलिया बस अड्डे तक आ सकेंगे। शेष सभी वाहन बाईपास होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।
- इमली तिराहा से केवल दो पहिया वाहन ही मेला मैदान रोड की ओर जा सकेंगे।
- संकटादेवी चौराहा से मेला मैदान की ओर तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। यह सभी वाहन संकटा देवी से गोला रोड होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे।
- गोल्डन स्क्वायर रिसोर्ट तिराहा से गढ़ी रोड की ओर तीन व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

इन रूटों पर प्रतिबंधित हैं वाहन

बक्शा मार्केट तिराहा से मेला मैदान की ओर और गढ़ी रोड स्थित कल्याणी हॉस्पिटल तिराहा से मेला मैदान की तरफ वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित किए गए हैं। केवल पैदल आने- जाने की अनुमति दी गई है। पलिया बस अड्डा से मेला मैदान और हाथीपुर गुरुद्वारा तिराहा मोड़ से मेला मैदान की ओर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। इन मार्गों से पैदल आने- जाने की अनुमति दी गई है।

स्मृति महाविद्यालय के संस्थापक का निधन

पलिया कलां, अमृत विचार : स्मृति महाविद्यालय एवं साईं धाम बोझवा, भीरा के संस्थापक पूर्व ब्लाक प्रमुख बिजुआ सत्येंद्र शर्मा का शनिवार शाम करीब आठ बजे निधन हो गया। करीब 83 वर्षीय सत्येंद्र शर्मा कुछ समय से काफी बीमार चल रहे थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया। वह ''तराई के मालवीय'' उपाधि से सम्मानित किए गए। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 10 बजे गांव में किया जाएगा।

सरकारी रुपये से मौज : शहरी आवास योजना में पहली किस्त के 45 व दूसरी में डिफाल्टर मिले 139 लाभार्थी

नशे में उड़ाये तो किसी ने शादी में खर्च कर लिए रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना को अपात्रों ने ही नहीं, बल्कि पात्र लाभार्थियों ने भी चूना लगाया है। अपात्रों ने विभागीय लोगों की साठगांठ से आवास हथिया लिए, वहीं पात्रों ने आवास बनवाने के लिए मिली पहली और दूसरी किस्त से मकान न बनवाकर निजी उपयोग में खर्च कर लिए। इसका खुलासा डूडा की ओर से कराई गई जांच में हुआ।

ऐसे 184 लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं, जिनसे मय ब्याज सहित रिकवरी कराने की कवायद शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 45 लाभार्थियों ने पहली किस्त के 50 हजार रुपये और 139 लाभार्थियों ने दूसरी किस्त के दो लाख रुपये लेकर आवास ही नहीं बनवाया। इसका खुलासा डूडा के परियोजना अधिकारी की जांच में हुआ है। बता दें कि पीएम आवास योजना शहरी के तहत आवास विहीन लोगों को घर बनाने के लिए 2.50 लाख रुपये दिए जाते हैं। इस योजना की यह शर्त है कि धनराशि का उपयोग आवास बनाने में ही करना है। योजना के तहत पहली किस्त के 50 हजार रुपये नींव का निर्माण होने पर मिलती है। जबकि दूसरी किस्त के दो लाख रुपये आवास बानने को और तीसरी किस्त के 50 हजार रुपये आखिर में आवास का सौंदर्यीकरण कराने के लिए मिलते हैं। मगर, जिले में तमाम लोग ऐसे हैं, जिन्होंने आवास निर्माण के लिए मिली धनराशि मकान बनवाने पर न खर्च कर दूसरे कार्यों में उपभोग कर लिया।

नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय।

> जिले में कुल 184 लाभार्थी ऐसे सामने आए हैं, जिन्होंने पहली और दूसरी किस्त का पैसा लेने के बाद भी आवास नहीं बनवाया। अब इन सभी लाभार्थियों से सरकारी पैसे की वसूली कराई जाएगी। - **डॉ. अजय कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी, नगरीय विकास अभिकरण**

शौक व अन्य जरूरतों में कर लिया खर्च

पैसा लेकर आवास न बनवाने वालों की जांच में अजीबोगरीब खुलासे हुए हैं। किसी ने योजना के रुपयों से नशा व अन्य शौक पूरे कर लिए तो किसी ने शादी ब्याह से लेकर इलाज कराने में खर्च कर दिए। कुछ ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जिनमें आवास की दूसरी किस्त का बंदरबांट कर लिया गया।

● योजना शुरू होने से अब तक कुल चिंहित लाभार्थी	31747
● जिले में अब तक बन चुके प्रधानमंत्री शहरी आवास	30340
● प्रथम किस्त के 50 हजार लेकर घर न बनाने वाले लोग	45
● दूसरी किस्त के दो लाख लेकर घर न बनाने वाले लोग	139
● पीएम आवास योजना के तहत मिलने वाली धनराशि	2.50 लाख

बाइक सवार लुटेरों ने तमंचे के बल पर जेवर लूटे

मितौली, अमृत विचार: थाना क्षेत्र में चोरी व लूटपाट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार की शाम बाइक सवार दंपती को बाइक सवार लुटेरों ने ओवरटेक कर रोक लिया और तमंचे के बल पर महिला के जेवर लूटकर भाग निकले।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव अल्लीपुर निवासी अजय पाल ने बताया कि वह शुक्रवार शाम को अपनी ससुराल धनीपुर से पत्नी को विदा कराकर जा रहे थे। तभी कैमीभूड़ के आगे तेंदुआ को जाने वाली सड़क की मोड़ पर बाइक पर सवार होकर आए तीन लुटेरों ने उनकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने उसकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया और गोली मार देने की धमकी देते हुए उसकी पत्नी के गले से सोने का हार और कान का झाला लूट कर भाग गये। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

रतन टाटा को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

पड़रिया तुला, अमृत विचार: उद्योगपति रतन टाटा को व्यापारियों ने मोमबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी विजय करन भारद्वाज के प्रतिष्ठान पर रतन टाटा जी का श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्यापारी सोनू शुक्ला, अमित वर्मा, सुशील गुप्ता, रमेश गुप्ता, बबलू शुक्ला, राजू शुक्ला, पिंकू वर्मा, श्याम खन्ना, दीपक गुप्ता, जितेंद्र यादव, रजनीश पाल, शिवा भारद्वाज, वीरेंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते व्यापारी। ● अमृत विचार

गोला गोकर्णनाथ। महर्षि परशुराम विचार मंच के पदाधिकारियों ने इंदिरा पार्क में रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। डॉ पीयूष कुमार शुक्ल,नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, विनीत सिंह भदौरिया, राकेश त्रिपाठी, राजेश अग्निहोत्री, केजी त्रिवेदी आदि ने रतन टाटा के जीवन पर प्रकाश डाला। द्धांजलि सभा में सचिन सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह, धीरज बाजपेयी, रविंद्र कटियार, आयुष शुक्ला, मदन गोपाल मिश्र आदि रहे।

गोला में रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

टेसू अगर करें, टेसू मगर करें, टेसू लेके ही टरें

दशहरा पर्व के साथ ही गली-कूचों में सुनाई देने लगे टेसू-झांझी के गीत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शरद पूर्णिमा तक टेसू के संदर्भ में गीत की पंक्तियां यूं ही सुनाई देती रहेंगी

अमृत विचार : टेसू अगर करें, टेसू मगर करें, टेसू लेके ही टरें के बोल इन दिनों शाम होते ही गली-कूचों में सुनाई पड़ रहे हैं। नन्हे-मुन्ने बच्चे टेसू और झांझी लिए द्वार-द्वार पहुंच रहे हैं। शरद पूर्णिमा तक टेसू के संदर्भ में उक्त पंक्तियां यूं ही सुनाई देती रहेंगी।

जिले में झांझी-टेसू का विवाह रचाने की प्रथा है। दशहरे के मेले से लोग झांझी और टेसू के नाम की मटकी खरीद कर लाते हैं। कुम्भकारों द्वारा झाझी ''लड़की'' और टेसू ''लड़का'' बनाया जाता है। फिर झांझी और टेसू को मटकी पर रंग लेते हैं। झाझी को सलोनी सी लड़की के रूप में और टेसू को मछधारी युवक के रूप में रंगा जाता है। दशहरे की शाम से ही सब बच्चे झाझी और टेसू वाली मटकी के अन्दर अनाज रख, दीपक जलाकर घर-घर जाते हैं, जहां अनाज और धन दिया जाता है। गांव वालों में कुछ लोग कन्या पक्ष के हो जाते हैं, कुछ वर पक्ष के। फिर दोनों पक्षों में विवाह की तैयारी का यह कार्यक्रम दशहरे के पश्चात चौदस तक चलता है। रात में बाकायदा सब स्त्रियां एकत्रित होकर नाच-गाना करती हैं। शरद पूनों के दिन तक जो अनाज इकटठा होता है, उसे बेचकर एकत्रित धन से पूनों की रात्रि में झांझी-टेसू का ब्याह किया जाता है। वर पक्ष वाले कन्यापक्ष के प्रमुख व्यक्ति के यहाँ बारात लेकर जाते हैं, वहां विवाह का स्वांग रचाया जाता है। फिर खील, बताशे, रेवड़ी आदि बांटी जाती है। और इसी मान्यता के चलते जनपद में बच्चों में अधिक उत्साह दिखता है। इन दिनों नगर के विभिन्न इलाकों में झांझी और टेसू के प्रतीकों की दुकानें सजी हुई हैं।

शहर के प्रभु पार्क के बाहर टेसू और झांझी खरीदते लोग। ● अमृत विचार

डॉक्टर के खाते से साइबर ठगों ने निकाले ढाई लाख

बरेली, अमृत विचार : रकम दोगुनी करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक डॉक्टर के खाते से ढाई लाख रुपये निकाल लिए। डॉक्टर की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रुद्राक्ष अपार्टमेंट निवासी डॉ. अनिमेश कुमार ने बताया कि उनके पास एक फोन आया और जल्द ही पैसों को दोगुना करने का झांसा देते हुए बैंक की कुछ डिटेल पूछी और खाते से ढाई लाख रुपये निकाल लिए। उन्होंने साइबर पोर्टल पर ठगी की शिकायत की थी। उन्होंने बारादरी थाने में भी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बरेली मंडल से 866 लोग जाएंगे हज यात्रा पर

बरेली कार्यालय

- बरेली से 568, पीलीभीत से 86, बदायूं से 102 और शाहजहांपुर से 110 लोग चयनित
- पहली किस्त किस्त जमा करने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर तक

अमृत विचार: बरेली मंडल से वर्ष 2025 में हज यात्रा पर जाने के लिए 886 लोगों का चयन किया गया है। इसमें सबसे अधिक लोग बरेली के हैं। हज कमेटी ने शनिवार को सूची जारी की। हज यात्रा के लिए पहली किस्त जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

हज यात्रा 2025 की तैयारी शुरू हो गई है। मंडल में सबसे अधिक बरेली से 568 और सबसे कम पीलीभीत के 86 लोगों का चयन किया गया है।

इसके अलावा शाहजहांपुर के 110 और बदायूं के 102 लोग हज यात्रा पर जाएंगे। सेंट्रल हज कमेटी ने पहली किस्त में हर यात्री को एक लाख 30 हजार 300 रुपये जमा करने के निर्देश दिए हैं।

> 2025 की हज यात्रा पर जाने वालों की सूची जारी कर दी गई है। बरेली मंडल में सबसे अधिक हज यात्री बरेली जिले से हैं। प्रदेश सरकार की तरफ से हज यात्रा पर जाने वालों के लिए बेहतर सुविधा के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। -डॉ. सैयद एहतेशाम उल हुदा, सदस्य राज्य हज समिति

डेलापीर मंडी में नकली नोट खपाते एक गिरफ्तार, दो फरार

शाहजहांपुर के हैं तीनों आरोपी, पांच-पांच सौ के सौ नोट बरामद

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : इज्जतनगर पुलिस ने शाहजहांपुर के युवक को पांच-पांच सौ के सौ नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। उसके दो साथी भागने में कामयाब हो गए। आरोपी डेलापीर मंडी में नकली नोट खपाने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ में उसने नेपाल से नकली नोटों की खेप लाने की बात कही है। पुलिस उसके साथियों को तलाश कर रही है।

पकड़े गए युवक की पहचान शाहजहांपुर के मोहल्ला सिन्जई निवासी विवेक मौर्य के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक विवेक और उसके साथी बरेली आकर डेलापीर मंडी और शराब की दुकानों पर नकली नोट खपाते थे। पुलिस की पूछताछ में विवेक ने अपने फरार साथियों का नाम रवि अरोड़ा और आयुष अरोड़ा बताया। रवि आयुष का पिता है। दोनों शाहजहांपुर के बक्सरिया मोहल्ले के रहने वाले हैं और एक बड़ी टायर शॉप के भी मालिक हैं।विवेक ने पुलिस को बताया कि लूट के एक मामले में जमानत होने के बाद 27 सितंबर को वह जेल से बाहर आया था। दो दिन बाद उसकी मुलाकात रवि और आयुष से हुई, तभी तीनों ने नेपाल से जाली नोट लाकर खपाने की योजना बनाई थी। इसके बाद बस से पुवायां, पूरनपुर और वनबसा होते हुए महेंद्रनगर में भारत-नेपाल की सीमा पर पहुंचे जहां मिला एक व्यक्ति रवि अरोड़ा को पहले से जानता था। उसने पांच हजार रुपये लेकर 50 हजार के नकली नोटों की गड्डी दी।

आढ़ती ने पकड़ा खेल, पुलिस को सूचना दी

शाहजहांपुर लौटकर तीनों ने जाली नोट खपाने की योजना बनाई और उसी के तहत शनिवार को महिंद्रा एसयूवी से बरेली में डेलापीर मंडी पहुंचे। यहां तीनों ने शराब की दुकानों के साथ मंडी में आढ़तियों के यहां नकली नोट खपाए। विवेक ने बताया कि वे लोग 50 या सौ रुपये का सामान खरीदते थे और दुकानदार से बची हुई रकम ले लेते थे लेकिन एक आढ़ती ने उनका खेल पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवेक को गिरफ्तार कर लिया। रवि और आयुष भागने में सफल रहे।

नकली नोट मामले में चार महीने पहले ही गया था जेल

आरोपी विवेक मौर्य कुछ समय पहले कई साथियों समेत 67 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ शाहजहांपुर में गिरफ्तार हुआ था। कोतवाली पुलिस ने 19 जून को उसे जेल भेजा था। कुछ ही दिन पहले वह जमानत पर रिहा हुआ था। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि आरोपी के मोबाइल फोन में कई साक्ष्य मिले हैं जिनसे बड़ा खुलासा होने की आशंका है।

> नकली नोटों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। फरार हुए उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी नेपाल के किस व्यक्ति से नकली नोट लेकर आते थे। - मानुष पारीक, एसपी सिटी

गंगा में केमिकल से मछलियों और पक्षियों की मौत

- धौरिया एतमाली के प्रधान और ग्रामीणों ने की पुलिस से शिकायत

हसनपुर (अमरोहा) अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव धौरिया एतमाली में मछुआरों ने गंगा में केमिकल डाल दिया। इससे सैंकड़ों मछलियों और पक्षियों की मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने गंगा में मछलियां और पक्षी पानी में मरे हुए पड़े देखे। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है।

यह घटना गांव धौरिया एतमाली में गंगा बांध के पास गंगा नदी की है। जहां शनिवार सुबह गंगा के पानी में सैंकड़ों मछलियां और पक्षी मरे हुए पड़े थे। ग्राम प्रधान गोपाल, अचल सिंह, राजू जाटव, छज्जन, पूरन सिंह ने बताया कि सुबह जब ग्रामीण उधर से गुजरे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि यहां मछुआरे मछली पकड़ने के लिए आते है। उन्हीं मछुआरों ने यहां गंगा के पानी में जहरीला केमिकल डाला है। इसकी वजह से सैंकड़ों मछलियां मर गई हैं।

रुविवि का दीक्षांत समारोह कल, आज होगा रिहर्सल

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अटल सभागार में सोमवार को समारोह होगा, इससे पहले रविवार को रिहर्सल किया जाएगा। समारोह में 94 टॉपर्स को पदक और डिग्रियां दी जाएंगी।

अटल सभागार प्रभारी प्रो. जेएन मौर्य ने बताया कि सभागार में सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। शनिवार को सजावट और मंच तैयार किया गया। सभागार में करीब 700 लोग मौजूद रहेंगे। भोजन की व्यवस्था के लिए सभागार के पीछे टेंट भी लगा दिया गया है। अतिथियों और छात्रों के प्रवेश की भी प्लानिंग कर ली गई है। राज्यपाल, मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथियों को विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक से प्रवेश दिया जाएगा।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह के निर्देश पर सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा ने एंट्री और पार्किंग की कार्ययोजना तैयार की है। वीवीआईपी और वीआईपी वाहनों के लिए अटल सभागार के सामने पार्किंग बनाई गई है। विश्वविद्यालय के स्टाफ को बीसलपुर रोड स्थित गेट नंबर दो से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि अन्य सभी आमंत्रित अतिथियों और छात्र-छात्राओं को गेट नंबर तीन से प्रवेश मिलेगा। इन लोगों के वाहनों की पार्किंग डोहरा रोड पर स्थित छात्रावास में होगी। अटल सभागार के अंदर बायीं तरफ वाले गेट से विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को प्रवेश मिलेगा, जबकि राज्यपाल और मुख्य अतिथि दायीं ओर के द्वार से प्रवेश करेंगी। अटल सभागार में पहली लाइन में वीआईपी बैठेंगे और जबकि दूसरी लाइन विश्वविद्यालय के शिक्षक और तीसरी लाइन मीडिया के लिए आरक्षित की गई है। उसके बाद कर्मचारी, अभिभावक और विद्यार्थी बैठेंगे।

अटल सभागार में शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसमें कार्य परिषद और विद्या परिषद के सभी सदस्य, सभी संकायाध्यक्ष आदि शामिल होंगे। शोभायात्रा का पूर्वाभ्यास 13 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे से होगा।

मेधावियों को मिलेगा 20 ग्राम का पदक

दीक्षांत समारोह में 94 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। चांदी के गोल्ड प्लेटेड मेडल का वजन 20 ग्राम है। मेडल पर एक तरफ विश्वविद्यालय मेरिट मेडल 2023-24 लिखा है, जबकि दूसरी तरफ विश्वविद्यालय का नाम और ध्येय वाक्य चरैवेति चरैवेति लिखा हुआ है।

कंप्यूटर साइंस विभाग में तैनात रह चुके हैं प्रो. बिनोद

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि बीआर अंबेडकर एनआईटी जालंधर के डायरेक्टर प्रो. बिनोद कुमार कनौजिया होंगे। प्रो. बिनोद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में तैनात रहे हैं। वह जनवरी 2008 में यहां से चले गये।

ग्राम पंचायत कलारी, विकास खण्ड बिथरी चैनपुर (बरेली)

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कलारी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रोड़ा महीन रेता प्रथम ईट आदि की सीलबन्द निविदायें दिनांक 13.10.2024 को दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें निविदादाता के उसके प्रतिनिधि के समक्ष उसी दिन सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान की अध्यक्षता में शाम 3:00 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	लम्बाई	अनु. लागत
1.	कलारी में रामदयाल, तुलाराम व डोरी लाल के मकान से पंचायत भवन तक सीसी निर्माण कार्य	40 मीटर	137000/-

ग्राम प्रधान नसरीन बी — सचिव युधिष्ठिर सिंह

ग्राम पंचायत मोहनपुर उर्फ रामनगर, विकास खण्ड बिथरी चैनपुर (बरेली)

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहनपुर उर्फ रामनगर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रोड़ा महीन रेता प्रथम ईट आदि की सीलबन्द निविदायें दिनांक 13.10.2024 को दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें निविदादाता के उसके प्रतिनिधि के समक्ष उसी दिन सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान की अध्यक्षता में शाम 3:00 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	लम्बाई	अनु. लागत
1.	डॉ. जितेन्द्र गंगवार के मकान से राजेश अग्रवाल के खेत तक सी सी निर्माण कार्य	75 मीटर	3.99 लाख

ग्राम प्रधान बादाम सिंह — सचिव छवि पटेल

कार्यालय ग्राम पंचायत कोहनी विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोहनी को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यो के लिये शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विवरण निम्न अनुसार है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	योजना का नाम
1.	कब्रिस्तान की पुलिया से बाबू खां के खेत तक सी.सी. व नाली निर्माण	399754/-	मनरेगा
2.	आंगनबाड़ी केन्द्र से कब्रिस्तान की पुलिया तक नाला निर्माण	398600/-	मनरेगा
3.	नाहर खां के घर से मेन रोड तक सी.सी. व नाली निर्माण	354600/-	मनरेगा

इच्छुक पंजीकृत सप्यालर/फर्म निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकता है। पंजीकृत सप्लायर/फर्म मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 14.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 14.10.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सर्वथा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदाओं को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

शायरा बेगम-ग्राम प्रधान — चन्द्रभान-सचिव

त्योहार के समय एक और ब्लॉक से यात्रा होगी मुश्किल

बरेली कार्यालय

- प्रयागराज जंक्शन पर 17 से 19 अक्टूबर तक कराया जाएगा काम
- इज्जतनगर मंडल की ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट और ओरिजिनेट किया जाएगा

अमृत विचार: त्योहारी सीजन में रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन पर एक और ब्लॉक लेने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। 17 से 19 अक्टूबर तक ब्लॉक की वजह से इज्जतनगर मंडल की कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा।

इज्जतनगर रेलवे मंडल प्रशासन ने शनिवार को सूचना दी कि प्रयागराज जंक्शन यार्ड में रिमॉडलिंग कार्य और रूट रिले इन्टरलॉकिंग से इलेक्ट्रानिक इन्टरलॉकिंग में परिवर्तन किया जाएगा। इसकी वजह से इज्जतनगर मंडल की कई ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट और शार्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इसकी वजह से सिंगरौली से 17 और 19 अक्टूबर को चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयागराज स्टेशन से 03:06 बजे चलाई जाएगी। इसके अलावा शक्तिनगर से 18, 20 और 21 अक्टूबर को चलने वाली 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयागराज स्टेशन से 03:06 बजे चलाई जाएगी। वहीं टनकपुर से 18 और 21 अक्टूबर को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयागराज 21:30 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी।

टनकपुर से 17, 19 और 20 अक्टूबर को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस संशोधित टर्मिनल प्रयागराज स्टेशन 21:30 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी।

...ताकि खटारा गाड़ियों में न ढोई जाए त्योहारों की भीड़

बरेली कार्यालय

- त्योहारों के दौरान चलेगा यात्री वाहनों की चेकिंग का अभियान
- परिवहन आयुक्त ने आरटीओ को दिए वाहनों की चेकिंग के निर्देश

अमृत विचार : त्योहारों के दौरान कमाई करने के चक्कर में खटारा गाड़ियां चलाकर यात्रियों की जान खतरे में न डाली जाए, इसके लिए परिवहन विभाग सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाएगा। मुख्यालय से आरटीओ को आदेश जारी किया गया है कि स्थानीय स्तर पर पर्याप्त टीमें बनाकर यात्री वाहनों की फिटनेस के साथ इंश्योरेंस और परमिट की भी जांच की जाए।

परिवहन विभाग के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नवंबर और दिसंबर में कई त्योहार हैं। इस दौरान स्वाभाविक तौर पर यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। आमतौर पर ऐसे मौकों पर यात्रियों की सुरक्षा की परवाह किए बगैर अनफिट और खटारा गाड़ियों को भी सड़कों पर उतार दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है, लिहाजा यह सुनिश्चित किया जाना है कि ऐसे वाहन सड़कों पर न चलें।

आदेश में कहा गया है कि आरटीओ और एआरटीओ अपने जिले की बस यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बात करने के बाद आपसी समन्वय स्थापित कर यात्रियों को सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया कराए।

निजी यात्री वाहनों के साथ रोडवेज बसों की भी सड़कों फिटनेस, बीमा, परमिट आदि बिंदुओं पर गहनता से जांच की जाए। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यालय के आदेश का सख्ती से पालन करने की योजना बना ली गई है। जल्द ही टीमें गठित कर सड़कों पर यात्री वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी जाएगी।

नक्सलियों से संबंध बता हत्या की धमकी

बरेली कार्यालय

- व्यापारी से 78.50 लाख ठगे झारखंड के व्यक्ति ने सरिया खरीदने के बाद नहीं किया भुगतान

अमृत विचार : झारखंड के रांची के ठग ने खुद को बड़ा ठेकेदार बताकर बरेली के व्यापारी से 78.49 लाख रुपये से अधिक की स्टील की सरिया ले ली। उसने खुद के नक्सलियों से संबंध बताकर व्यापारी की परिवार सहित हत्या कराने की धमकी दी और कुछ लोगों को रेकी के लिए भी लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

धनवंतरी मार्ग, गांधीनगर निवासी विकास खंडेलवाल ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह टीएमटी स्टील बार्स (सरिया) का कार्य करते हैं। मैकेनियर रोड पर उनकी फर्म किरण इंटरप्राइजेज है। झारखंड के जिला गढ़वा के गांव सिंधीताली निवासी नीरज चौबे वर्ष 2022 में उनकी फर्म में आए थे। नीरज ने बताया था कि वह जेआरए इंफ्राटेक के मालिक हैं। उनकी कंपनी का मुख्य कार्यालय सुखदेवनगर रातू रोड रांची और एक कार्यालय नोएडा में है। वह देश के बड़े सरकारी ठेकेदारों में से एक हैं और रेलवे, समेत कई अन्य बड़े कार्यों के सरकारी ठेके लिए हैं।

दोबारा आर्डर देने से किया मना तो धमकी

नीरज चौबे ने दोबारा आर्डर भेजा, लेकिन पैसे न मिलने पर उन्होंने स्टील बार्स देने से इन्कार कर दिया। तब आरोपी नीरज ने उन्हें धमकाया कि उसके लोग झारखंड में नक्सलियों के ग्रुप में शामिल हैं। वह परिवार समेत उनकी हत्या करा देगा। शुरू में उन्हें लगा कि नीरज धमकी दे रहा है, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि कुछ संदिग्ध लोग उनकी रेकी कर रहे हैं। तब एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। विकास के मुताबिक नीरज के खिलाफ दिल्ली में भी रिपोर्ट दर्ज है।

नीरज ने उन्हें कई बड़े सरकारी ठेकों के समझौते दिखाकर भरोसे में ले लिया। नीरज ने कहा कि उत्तराखंड के रुद्रपुर में उनकी फर्म का काम चल रहा है। जिसके लिए वह स्टील के बार्स चाहते हैं। इसके बाद आरोपी ने 14 अप्रैल 2022 को 1 करोड़ 43 लाख 7618 रुपये का आर्डर भेजा। आर्डर मिलने के बाद विकास ने 5 मई 2022 तक 78 लाख 49 हजार 666 रुपये का स्टील बार्स भेज दिया। नीरज ने उन्हें एक चेक दिया। उन्होंने चेक बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गया।

लोन का समझौता कराने के बहाने 7.50 लाख ठगे

बरेली,अमृत विचार : गुलजार नगर निवासी यास्मीन ने बताया कि उनके पति अनीस ने वर्ष 2021 में बैंक ऑफ बड़ौदा की हरूनगला शाखा से मकान बनवाने के लिए लोन लिया था। उनसे मोहल्ले के युसुफ उर्फ विक्की और शेरू मिले और कहा कि वे बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी नवेद अख्तर को जानते हैं। नवेद बैंक में समझौता करा देगा। नवेद ने भी 7.50 लाख रुपये में समझौता कराने का झांसा दिया। उन्होंने तीनों को रुपये दे दिए लेकिन बैंक कर्मियों ने उनका मकान सीज कर दिया। जब उन्होंने आरोपियों से पैसे मांगे तो टालमटोल की। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस के सामने आरोपियों ने 6.50 लाख रुपये लेना माना और जल्द वापस करने का वादा किया लेकिन वापस नहीं किए। आरोपियों ने धमकी दी कि वह उनके पति और बेटे की हत्या कर देंगे और बाद में बेटियों को अपहरण कर लेंगे।

कार्यालय उपजिलाधिकारी, दातागंज

पत्रांक : 646/रा.नि.(का.)/मत्स्य आवंटन/2024-25 — दिनांक : 08.10.2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील दातागंज के अन्तर्गत ग्रामों में स्थित तालाबों के मत्स्य पालन दस वर्षीय पट्टा आवंटन हेतु तहसील दातागंज के सभागार में स्थित 22.10.2024 को एवं माह के प्रथम एवं तृतीय शुक्रवार को (लक्ष्य पूर्ण होने तक) राजकीय अवकाश को छोड़कर नीलामी शिविर का आयोजन किया जायेगा। अत: इच्छुक पात्र व्यक्तियों के आवेदन उक्त दिनांक को प्रात: 11:00 बजे से 2:00 बजे तक लिये जायेंगे। अपरान्ह 2:00 बजे के बाद कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा 2:00 बजे के बाद समान वरीयता समूह में नीलमी के आधार पर आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक पात्र व्यक्ति खसरा, खतौनी, जाति/आय प्रमाण पत्र व प्रार्थना पत्र के साथ नियत तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर आवंटन कार्यवाही में भाग लेने हेतु उपस्थित रहें। नीलामी नीलामकर्ता अधिकारी, नायब तहसीलदार दातागंज (बदायूँ) की उपस्थिति में की जायेगी। आवंटन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार उप जिलाधिकारी में निहित होगा।

आवंटन हेतु तालाबों का विवरण :-

क्र.सं.	ग्राम का नाम	गाटा सं.	क्षेत्रफल	क्र.सं.	ग्राम का नाम	गाटा सं.	क्षेत्रफल
1.	झुकसा	700 मि.	0.164	13.	महरोली	80	0.379
2.	संजरपुर	23	0.392	14.	मनिकापुर शिकारपुर	255	0.847
		127	0.683	15.	कौर	80	0.278
		174	0.228			189	0.341
3.	वाकरपुर	76	0.202			193	0.215
4.	सकतपुर बेला	1	0.696	16.	किशनी मेहरा	1771	0.481
		2	0.544	17.	वमियाना	76	0.405
5.	गढ़ा	463/716	0.240	18.	नूरपुर	241	0.772
6.	दियोनी	347	0.430			377	0.898
7.	रिजोल चा.न. 1	1051 क	0.506	19.	झुकसा	700मि.	1.138
8.	झुकसा	700 मि.	1.972	20.	झुकसा	700मि.	0.253
9.	गौतरा पट्टी भौनी	220 मि.	0.506	21.	गौतरा पट्टी भौनी	262	0.152
10.	गौतरा पट्टी भौनी	247	0.164	22.	गौतरा पट्टी भौनी	263	0.063
11.	अठार्रा कुनिया	158	0.658	23.	गौतरा पट्टी भौनी	264	0.139
12.	पडेली बझेडा	275	1.404	24.	झुकसा	158	0.658

नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्तें :-

1. नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने वाले की पात्रता एवं शर्तें उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 की नियमावली 2016 के नियम 57, 58 (उ.प्र.रा.सं की धारा 61) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार होगी।

उपजिलाधिकारी
दातागंज

चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण है नैतिकता

नैतिकता विशिष्ट जीवन मूल्य है। सभ्यता के प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा का विकास भी होता रहा है। मनुष्य ने मिलजुल कर रहने की आवश्यकता अनुभव की थी। इतिहास के पाषाण काल से लेकर अब तक लगातार नए भूक्षेत्रों और चिंतन अनुशासन की खोज जारी है। एक यूनानी इतिहासकार ग्रोट ने लिखा था कि किसी देश में संविधान सर्वोच्च सत्ता होता है। लोग गलत कामों से डरते हैं। इसलिए वे कानून तोड़ने का साहस नहीं कर पाते। समाज के बड़े हिस्से के अंतःकरण में नैतिक निष्ठा रहती है। भारत में नैतिकता आदर्श मानी जाती है। तो भी सम्यक नैतिकता का पालन एक वर्ग द्वारा नहीं किया जाता। 'नैतिक' निष्ठा वाले समाज परंपराएं आगे बढ़ाते रहते हैं। संप्रति चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता के सवाल उठ रहे हैं। औषधियों के निर्माता अपने ब्रांड को श्रेष्ठ और अन्य ब्रांडों को बेकार बताते हैं। कुछ समय पहले पतंजलि कंपनी द्वारा नए उत्पादों की घोषणा की गई। अनेक असाध्य रोगों के ठीक हो जाने का दावा किया गया। इनमें तमाम स्वस्थ हुए होंगे और तमाम लोगों को चिकित्सा से निराशा हुई होगी। ऐसे तमाम मामले न्यायालयों का विषय बने। 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने भी अपना पक्ष रखा। चिकित्सक अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों का प्रचार करने और सही ठहराने के प्रयास में रहे। यह अनुचित था।

चिकित्सा उत्पाद साधारण दवा नहीं होते। अनुशासन में रहते हुए इनका सेवन उपयोगी होता है। औद्योगिक प्रबंधनों द्वारा दिए गए विज्ञापन और प्रचार से रोगी प्रभावित होते हैं। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एन.सी.डी.आर.सी) ने हाल ही में जॉनसन एंड जॉनसन लिमिटेड पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि कंपनी द्वारा निर्मित दोषपूर्ण हिप रिप्लेसमेंट डिवाइस से रोगी को तमाम जटिलताएं झेलनी पड़ी। भारत में चिकित्सक को भगवान जैसा आदर मिलता रहा है। तमाम चिकित्सक ऐसे होते भी हैं। उनमें सेवा भाव रहता है। वह अपने विषय के विशेषज्ञ भी होते हैं। मैं न्यूरोलॉजी के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ पद्मश्री डॉक्टर सुनील प्रधान (लखनऊ) का उल्लेख कर सकता हूं। वह रोगी के प्रति ममत्व भाव रखते हैं और अपने कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा। वे विरल हैं। सरल हैं। कठोर हैं और मुलायम भी हैं। ऐसे तमाम चिकित्सक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान उनके कर्तव्य प्रशंसनीय रहे हैं, मगर एक बड़ा हिस्सा चिकित्सा को उत्कृष्ट सेवा धर्म नहीं मानता। सरकारों द्वारा संचालित अस्पताल पर्याप्त नहीं हैं। इन अस्पतालों की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। रोगी के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार नहीं होता। इसका दुष्परिणाम सामने हैं। महानगरों में हजारों निजी अस्पताल बढ़े हैं। इनमें रोगियों को अच्छा व्यवहार मिलता है, लेकिन भारी भरकम पैसा वसूली साधारण बात है। निजी अस्पताल अच्छी आमदनी देने वाला व्यवसाय हो गया है। सो निजी अस्पतालों की भीड़ है।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> प्राचीन भारत की चिकित्सा परंपरा अनूठी है। सबकी इच्छा होती है कि हम स्वस्थ रहें। दीर्घायु पाएं, लेकिन रोग बढ़े हैं। नए रोगों की संख्या बढ़ी है। जल और वायु प्रदूषित है। रोग हो जाने के बाद उपचार के लिए चिकित्सक की शरण में जाते हैं, लेकिन भारत में रोग होने के पहले ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग विज्ञान और संयमित जीवन की आदर्श आचार संहिता है।

चिकित्सा मानवता के प्रति प्रत्यक्ष सेवाभाव है। चिकित्सकों को 'हिप्पोक्रेटिक ओथ' दिलाई जाती है। उच्च आदर्शों के लिए दीक्षांत समारोह के दौरान यह शपथ दोहराने की परंपरा है। शपथ के प्रत्येक वाक्य का संबंध चिकित्सा नैतिकता से है। परोपकार भी इस शपथ का भाग है। इसमें उपचार के दौरान रोगी के स्वास्थ्य और कल्याण की प्राथमिकता सम्मिलित है। चिकित्सा संबंधी उपकरण आपूर्ति करने वाली कंपनी को भी इस नैतिकता से जोड़ा गया है। रोगी से संबंधित जानकारी की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना इस नैतिकता का हिस्सा है। चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास की कमी का उल्लेख है। सरकारी अस्पतालों में कार्यरत तमाम डॉक्टर घर पर निजी प्रैक्टिस करते हैं। मरीज के परिजन परेशान रहते हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति वैज्ञानिक है, लेकिन शपथ संकल्प में देवताओं और देवियों का उल्लेख भी किया गया है। अपोलो यूनान के देवता हैं। उनके साथ प्रतिष्ठित देवियों को भी गिना गया है। वे जुड़वा हैं। शपथ का संबंध निजी संकल्प से होता है। चिकित्सा क्षेत्र में प्रगाढ़ संकल्प की आवश्यकता है। विधायक, सांसद, मंत्री और न्यायपालिका में भी शुद्ध अंतःकरण से काम करने की शपथ ली जाती है, लेकिन शपथ के परिणामों से सारा देश अवगत है।

प्राचीन भारत की चिकित्सा परंपरा अनूठी है। सबकी इच्छा होती है कि हम स्वस्थ रहें। दीर्घायु पाएं, लेकिन रोग बढ़े हैं। नए रोगों की संख्या बढ़ी है। जल और वायु प्रदूषित है। रोग हो जाने के बाद उपचार के लिए चिकित्सक की शरण में जाते हैं, लेकिन भारत में रोग होने के पहले ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग विज्ञान और संयमित जीवन की आदर्श आचार संहिता है। इसीलिए भारतीय चिकित्सा पद्धति को आयुर्वेद कहा गया है। यह स्वस्थ आयु का विज्ञान है। संक्षेप में आयुर्विज्ञान। चरक संहिता के अनुसार रोगों की वृद्धि हुई। तब परस्पर विचार विमर्श के लिए विद्वानों की बैठक हुई। तय किया गया कि भारद्वाज इंद्र के पास जाएं और रोग दूर करने की जानकारी लें। तमाम विद्वानों से ज्ञान लेकर इस सभा को बताएं। भारद्वाज ने यह ज्ञान आत्रेय को बताया और आत्रेय ने अग्निवेश को। इस कथा से पता चलता है कि प्राचीन काल में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण था। चरक संहिता में पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, अग्नि, देश, काल और मन के साथ आत्मा को भी द्रव्य बताया गया है। चरक का आत्म द्रव्य गीता वाली अमर आत्मा से भिन्न है। वैशेषिक दर्शन से जुड़ा है।

यूरोपीय औषधि वैज्ञानिकों ने अपोलो जैसे देवता के सामने संकल्प लेने की बात कही है। चरक ने आयुर्विज्ञान में इंद्र को महत्व दिया है। जैसे इंद्र वैदिक काल के प्रतिष्ठित देवता हैं वैसे ही यूनान के देवता अपोलो। ऋग्वेद के रचना काल में तमाम रोगों और औषधियों की जानकारी थी। ऋग्वेद (10.97) में कहते हैं, ''औषधियों का ज्ञान तीन युग पहले ही हो चुका था।'' ऋषि बताते हैं कि, "औषधियां कई तरह की हैं। कुछ फल वाली, कुछ फूल वाली। औषधियों का प्रभाव शरीर पर पड़ता है।" मैकडनल और कीथ ने वैदिक इंडेक्स में बताया है कि "भारतवासियों की रुचि शरीर रचना से संबंधित विज्ञान की तरफ थी। ऋग्वेद में अश्विनी कुमारों के चिकित्सा ज्ञान का उल्लेख है। अपोलो की तरह वे भी जुड़वा हैं, उन्होंने अनेक ऋषियों को स्वस्थ किया है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में मानसिक रोग बढ़े हैं। चरक संहिता में कहते हैं कि, "ईर्ष्या, शोक, भय और क्रोध आदि मनोविकार हैं। जब मन और बुद्धि का समान योग होता है। संतुलन ठीक रहता है। तब मनुष्य स्वस्थ रहता है। जब इनका योग या अतियोग या मिथ्यायोग होता है तब रोग पैदा होते हैं। अच्छी नींद के कारण ज्ञानेंद्रियों की प्रवृत्ति उचित रहती है। आयु नियत बनी रहती है। अनिद्रा में ज्ञानेंद्रियों की उचित प्रवृत्ति नहीं होती। तमाम मानसिक विकार पैदा होते हैं।

भारतीय आयुर्विज्ञान में मन को स्वस्थ रखने पर जोर दिया गया है। अर्थ से स्पष्ट है कि मनोरोगों की जानकारी सिगमंड फ्रायड जैसे विद्वान के पहले ही भारत को थी। चिकित्सा नैतिकता की बात ठीक उठी है। चरक संहिता में कहा गया है कि,"चिकित्सक सेवा भाव से कम करें। राजा से चिकित्सा का पूरा खर्च लेना चाहिए, लेकिन धनाभाव से पीड़ित गरीब से धन लोलुपता नहीं दिखानी चाहिए। लिखा है कि अगर ज्यादा धन लेना ही वैद्य का उद्देश्य बन रहा हो तो चिकित्सक को लोहे के गरम गोले अपने मुंह में डाल लेना चाहिए। यहां चरक कठोर दिखाई पड़ते हैं, लेकिन जीवन मृत्यु के महत्वपूर्ण प्रश्नों के समाधान में कठोरता जरूरी है। चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता का प्रश्न महत्वपूर्ण है।

युगांतकारी परिवर्तन



आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की अंतिम कृति "लालित्य तत्व" इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि उसमें लोक विज्ञान और मिथक को लेकर गंभीर चर्चा है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने बड़े स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि "मानवशास्त्रियों ने जब से संसार के विभिन्न मानव समुदायों के जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया, तब से मनुष्य जीवन के इतने महत्वपूर्ण सत्य और तथ्य सामने आने लगे कि मानविकी के विभिन्न अनुशासनों की अध्ययन-दृष्टि में युगांतरकारी परिवर्तन हुआ।"

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि अठारहवीं शताब्दी के प्रारंभ में यूरोपियन लोग दूर-दूर के द्वीपों और देशों में पहुंचने लगे। वे विभिन्न देशों और द्वीपों में रहने वाले लोगों की रीति-नीति, आचार-विचारों के समझने और उन्हें लिपिबद्ध करने का प्रयत्न करते थे। उनके इन यात्रा विवरणों ने उन्नीसवीं शती के विचारशील लोगों के सामने ज्ञान का एक नया अध्याय प्रस्तुत किया। यूरोप के संयत बुद्धि के विचारकों को विविध विषयों पर नए सिरे से सोचने की दृष्टि मिली।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सभ्यता की विभिन्न सीढ़ियों पर स्थित आदिम, अर्द्धसभ्य और सभ्य जातियों की बहुविचित्र प्रकार की भाषा, कला, जादू-टोने आदि के विवरणों से यूरोपियन विद्वानों के सामने 'मनुष्य' अपने बहु-विचित्र रूप में उपलब्ध हुआ। धीरे-धीरे मनुष्य को समझने के प्रयत्नों ने नया रूप ग्रहण किया। भाषा, धर्म, आचार, नैतिकता, यौन संबंध, शिल्प सबको नई दृष्टि से देखा जाने लगा। आगे चलकर विद्वानों को कुतूहली यात्रियों के विवरणों से संतोष नहीं हुआ, दूर-दूर के द्वीप द्वीपांतरों में सच्चे ज्ञान-पिपासुओं की अनुसंधित्सा को प्रवेश मिला। परिणामस्वरूप लोकवार्ता शास्त्र का जन्म हुआ और मानव विज्ञान की नई शास्त्रीय विवेचना का विकास हुआ। देखा गया कि आचार, रीति-रिवाजों से लेकर धर्म, दर्शन, शिल्प, सौंदर्य तक में सर्वत्र नए सिरे से सोचने की आवश्यकता है। कोई नैतिक मूल्य अंतिम नहीं है, कोई शिल्प विधि सर्वोत्तम नहीं कही जा सकता, कोई अभिव्यक्ति पद्धति सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकती। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि मानवचित्त की व्यापकता के रहस्यभेद को लेकर चिंतन किया गया, आदिमजातियों की जीवनशैली और विश्व दृष्टि की विविधता देखने के बाद जीवविज्ञान, नीतिविज्ञान, मनोविज्ञान आदि पर नए विचार सामने आए।

मानवीय मूल्यों के विकास को समझने की अज्ञात पूर्व सामग्री हाथ लगी। प्राचीन धर्मग्रंथों को नए आलोक में देखने के प्रयास की वृद्धि हुई। लोकवार्ता ने अभिजात साहित्य को उसके यथार्थ परिवेश में देखने की दृष्टि प्रदान की। अध्ययन के नए-नए अनुशासन उभरकर आए। शिल्प और कला के परिशंसन की दृष्टि में महत्वपूर्ण परिमार्जन हुआ।" सर फ्रेजर की गोल्डेन बाउ, एडवर्ड वेस्टरमार्क की ह्यूमन मैरिज, रिचुअल एंड बिलीफ इन मोरक्को तथा द ओरिजिन एंड डिवलपमेंट ऑफ मौरल आइडियल्स ने परंपरा का नया स्वरूप और अर्थ प्रमाणित कर दिया।

यह सत्य प्रतिष्ठित हुआ कि मनुष्य का मन सर्वत्र एक है, एक ही प्रकार से सोचने वाला, एक ही प्रकार से उद्बुद्ध या अवबुद्ध होने वाला, सब प्रकार से एक। वेस्टरमार्क ने मनुष्य के अनेक बाह्य आचरणों के परस्पर-विरोधी तथ्यों का संकलन करके यही नतीजा निकाला कि सब होते हुए भी मनुष्य एक ही जीव श्रेणी का प्राणी है। मनुष्य का चित्त एक रूप है, उसकी अवगतियां और उदात्तीकरण की वृत्तियां समान मार्ग से चलती हैं, उनकी अवनर्मिल और उन्नर्मिल अवस्थाएं निश्चित परिस्थितियों में समान रूप से क्रियाशील होती हैं।

पटरी पर आते भारत-मालदीव संबंध

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर अगर गौर किया जाए तो कभी-कभी तो ऐसा लगने लगता है कि विश्व आज तनाव, अस्थिरता एवं युद्ध की गिरफ्त में जकड़ा हुआ है।

हाल ही में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के द्वारा पहली आधिकारिक भारत यात्रा की जा रही है। पांच दिवसीय इस यात्रा को भारत एवं मालदीव के मध्य संबंधों में सुधार की दिशा में एक ठोस कदम की तरह देखा जा रहा है। निस्संदेह मालदीव जैसे पड़ोसी देश के साथ रिश्तों का सुधार कर प्रगाढ़ हो जाना दोनों देशों के लिए एक अच्छा संकेत है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य संपन्न हुई द्विपक्षीय वार्ता में भारत एवं मालदीव के मध्य पांच मुख्य समझौतों एवं तीन प्रमुख घोषणाओं पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते मुख्य रूप से मुद्राओं के आदान-प्रदान पर सहमति, खेलों में सहयोग, भारत की नेशनल जुडिशियल एकेडमी एवं मालदीव के जुडिशियल कमीशन के पारस्परिक सहयोग, भारतीय केंद्रीय जांच ब्यूरो एवं मालदीव के एंटी करप्शन कमिशन के बीच सहयोग तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय व मालदीव के पुलिसिंग एंड लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी के बीच प्रशिक्षण जैसे मुद्दों पर आधारित हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता एवं समृद्धि के लिए दोनों देशों के द्वारा मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई गई है। मुक्त व्यापार समझौते एवं डिजिटल कनेक्टिविटी पर फोकस करते हुए मालदीव में रुपे कार्ड भी लॉन्च किया गया।

मालदीव की आवश्यकता के अनुसार दोनों देशों के बीच 40 करोड़ डॉलर का मुद्रा विनिमय समझौता भी संपन्न हुआ है। दोनों नेताओं के द्वारा भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए रन वे और 700 से अधिक आवास का भी उद्घाटन किया गया। दोनों देशों के द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी सहयोग को बढ़ावा देने की बात की गई है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर अगर गौर किया जाए तो कभी-कभी तो ऐसा लगने लगता है कि विश्व आज तनाव, अस्थिरता एवं युद्ध की गिरफ्त में जकड़ा हुआ है। जहां एक ओर लंबे समय से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है तो वहीं दूसरी तरफ इजराइल व ईरान में भी परस्पर संघर्ष से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। लंबे समय से व्याप्त इन संघर्षों में विश्व को अर्थव्यवस्था एवं जन-धन की कितनी क्षति उठानी पड़ी है इसका अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है। भारत एवं मालदीव की एक दूसरे के सापेक्ष अवस्थितियों पर यदि विचार किया जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि दोनों ही देश एक-दूसरे के लिए एक विशिष्ट महत्व रखते हैं। जहां मालदीव के लिए भारत पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है तो वहीं भारत के लिए मालदीव समुद्री सुरक्षा एवं सामरिक हितों को लेकर जरूरी है। इस आधार पर दोनों देशों के मध्य पारस्परिक समझौतों, सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के आधार पर, जो पहल संबंध सुधार की दिशा में की गई है, वह निस्संदेह ही दोनों देशों के विभिन्न हितों के दृष्टिकोण से आवश्यक भी है और साथ ही साथ लाभप्रद भी।



भारत की नीति तो आदिकाल से ही 'वसुधैव कुटुंबकम' की रही है, किंतु हमारी यह पावन व निःस्वार्थ भावना कूटनीति के दायरे में आने से बच नहीं पाई, जिसका खामियाजा हमें एक लंबे समय तक भुगतना पड़ा, लेकिन वर्ष 2014 में जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर अपने हाथों में संभाली है, तब से निरंतर ही वैश्विक पटल पर भारत का सितारा बुलंद होता जा रहा है। आज विश्व की महाशक्तियां भी भारत की महत्ता एवं संप्रभुता के आगे नतमस्तक हैं। अगर हम एक वर्ष पहले की बात करें तो मोहम्मद मुइज्जू ने 17 नवंबर 2023 को मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। राष्ट्रपति बनने के बाद तुरंत ही मोइज्जू के नेतृत्व में 'इंडिया आउट' के रूप में भारत विरोधी अभियान चलाया गया था, किंतु मालदीव की यह भारत विरोधी लहर खुद उस पर ही भारी पड़ने लगी। वर्ष 2024 की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उनके खिलाफ मालदीव के तीन उपमंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणी से एक राजनयिक विवाद एवं गहमागहमी का माहौल खड़ा हो गया था। नतीजा यह हुआ कि भारतीय पर्यटकों ने भी करारा जवाब देते हुए मालदीव का बहिष्कार कर दिया और भारत में भी एक तरह से मालदीव बायकॉट की धारा बह पड़ी। मालदीव के लिए इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि इस वर्ष भारत से मालदीव पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में एक भारी गिरावट दर्ज की गई। भारत से बहुत कम संख्या में पर्यटक पहुंचने के कारण मालदीव को एक अच्छी खासी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी, क्योंकि पर्यटकों की संख्या का सर्वाधिक प्रतिशत उसे भारत से ही प्राप्त होता था।

निश्चित रूप से ये सुधरते रिश्ते दोनों ही देशों के लिए बहुआयामी रूप से लाभप्रद होंगे। भारी कर्ज के बोझ तले दबे एवं आर्थिक मंदी का सामना कर रहे मालदीव की सहायता भारत ने पहले भी हमेशा की है और वर्तमान में भी हर तरह की मदद को तत्पर है। यहां पर एक बात और विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मालदीव ने 'इंडिया आउट' अभियान चीन जैसी भारत विरोधी ताकत के इशारों पर शुरू किया था, किंतु संकट की स्थिति में चीन ने मालदीव की लेशमात्र भी सहायता नहीं की। कारण यह है कि चीन की नीति हमेशा से ही अपने स्वार्थ, लाभ एवं हितों को साधने की रही है। आखिरकार जब चीन की यह दुर्भावनापूर्ण नीति मालदीव को समझ में आ गई तब उसके द्वारा भारत के साथ संबंध सुधारने की दिशा में पहल की गई है।

चाल, चरित्र और चेहरा

महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

> हरियाणा सरकार ने विगत 7 सालों में राम-रहीम को नौ बार लंबी अवधि के लिए पैरोल दी। शासन एक ओर बलात्कारियों को कठोर दंड देने का कानून बनाता है और कतिपय शासक दूसरी ओर उस कानून का मखौल उड़ाते हैं।

मानव मन की एक विशेषता है कि यदि किसी व्यक्ति अथवा संगठन की कुख्याति के कारण उससे निम्न स्तर के आचरण की अपेक्षा हो और वह निम्न स्तरीय आचरण करे तो उसे सामान्य व्यवहार मानकर विशेष विचलित नहीं होता है, परंतु जिससे उच्च स्तरीय आचरण की अपेक्षा हो, उसकी छोटी तुच्छता भी मानव मन पर गहन प्रभाव डालती है। देश के नागरिक भारतीय जनता पार्टी को इस आशा पर मत देते रहे हैं कि उसने उनमें अन्यों से उच्च स्तरीय चाल, चरित्र और चेहरा का दल होने का विश्वास जगा दिया था। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस मापदंड पर बहुत कुछ खरा उतरा भी है, परंतु कहीं-कहीं भाजपा वालों के कृत्य स्वच्छ चाल, चरित्र और चेहरे के इस विश्वास को हिला देने का कार्य कर रहे हैं।

उदाहरणार्थ-राम-रहीम को बलात्कार के दो मुकदमों में 20-20 साल की सजा हुई। हरियाणा सरकार ने विगत सात सालों में उसे नौ बार लंबी अवधि के लिए पैरोल दी। शासन एक ओर बलात्कारियों को कठोर दंड देने का कानून बनाता है और कतिपय शासक दूसरी ओर उस कानून का मखौल उड़ाते हैं। कतिपय स्वयंभू गौरक्षक किसी व्यक्ति के विरुद्ध गौभक्षण या गौहत्या का आरोप लगाकर सरेआम उन पर हमला और हत्या तक कर देते हैं। कतिपय भगवाधारी ऐसे कुकृत्य करने वालों की भर्त्सना करने के बजाय उनको माला पहनाते हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री का आवास केजरीवाल द्वारा खाली करने पर नई मुख्यमंत्री आतिशी ने उसमें अपना सामान रखवा दिया। उनकी अनुमति के बिना उस सामान को निकलवाकर आवास में ताला लगवा देना गलत आचरण के अतिरिक्त क्या कहा जा सकता है? भाजपा के हितचिंतकों को चाहिए कि अपने कार्यकर्ताओं को यदा-कदा दर्पण दिखाते रहें, जिससे वे उसके चाल, चरित्र और चेहरे को धूमिल न कर दें।

आंबेडकर की बुद्ध क्रांति

सम्राट अशोक का बुद्धिज्म की ओर झुकाव का कारण कलिंग युद्ध है। कलिंग एक धनधान्य पूर्ण समृद्ध राज्य था। साम्राज्यवादी विस्तार की नियत से सम्राट अशोक ने कलिंग पर आक्रमण किया। अशोक ने युद्ध तो जीत लिया, लेकिन कलिंग की जनहानि बहुत हुई। जब सम्राट अशोक को विजय का संदेश मिला तो वह खुश होकर हाथी पर चढ़कर कलिंग की राजधानी तोशाली की ओर कूच करते हैं। वहां पहुंचने के लिए सम्राट अशोक को रणभूमि से होकर गुजरना पड़ा। रणभूमि पर सम्राट को रोने, कराहने, चीखने-चिल्लाने की भयंकर आवाजें सुनाई पड़ती हैं। वह देखता है कि कहीं सैनिकों के धड़ अलग थे, कहीं हाथ, कहीं पांव, चारो ओर रक्त ही रक्त मानो रक्त की नदी बह रही हो। जैसे दर्द भरी आवाजें उनके स्वागत में हों। युद्ध भूमि के हालात देखकर सम्राट अशोक बहुत द्रवित हुए।

सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म ग्रहण करना असाधारण घटना है। इस संबंध में कई दृष्टांत मिलते हैं। एक घटना है किं सम्राट की श्रद्धा जिस भिक्षु के प्रति बढ़ रही थी वो बनारस के प्रसिद्ध धनिक मोगली के पुत्र उपगुप्त थे, जो कि उत्तर भारत के बौद्ध मठों के मुख्य आचार्य थे। एक दिन उपगुप्त ने सम्राट से कहा इस संसार में जितने भी जीव हैं मनुष्य, पशु-पक्षी सभी को ईश्वर ने बनाया है। इनमें किसी की भी हिंसा करना उचित नहीं है। धर्म के नाम पर लाखों निरीह पशुओं का वध कल्याण का मार्ग नहीं हो सकता। हिंसा महापाप है। इसको बंद करने का उपाय करें। यह सुनकर सम्राट अशोक ने जीव हत्या को प्रतिबंध करने के आदेश दिए। उपगुप्त ने उपदेश देते हुए कहा धर्म के नाम पर रक्तपात प्राणियों की हत्या धर्म नहीं कहलाता। भगवान बुद्ध के अनुसार अहिंसा ही सत्य और परम धर्म है। सम्राट अशोक ने कहा तो मैं ऐसे उत्तम में अपना जीवन आपके चरणों में समर्पित करता हूं, आप ऐसे धर्म की दीक्षा दें। तब आचार्य उपगुप्त ने सम्राट अशोक को दीक्षित किया और अशोक महान बुद्ध की शरण में धम्म की शरण में, संघ की शरण में हो गए।

13 अक्टूबर 1935 को बाबा साहब आंबेडकर ने येवला के मैदान में लगभग दस हजार की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था कि "दुर्भाग्य से मैं हिंदू अछूत पैदा हुआ हूं, लेकिन मैं हिंदू होकर मरूंगा नहीं।'' उनकी इस घोषणा से हिंदू नेता व विचारक हैरान रह गए। इस घोषणा के पश्चात देश-दुनिया के सभी धर्मों के अनेक धार्मिक नेता अपने-अपने धर्म में शामिल करने को आने लगे। बाबा साहब सभी धर्मों का अध्ययन भी करने लगें उनका झुकाव सिख धर्म की ओर भी हुआ था। सिख धर्म के पक्ष लेने के ठीक 21 वर्ष बाद बुद्ध धर्म को चुना। बौद्ध धर्म से आंबेडकर का परिचय युवा अवस्था में उनके ब्राह्मण गुरु कृष्णा जी केलूसकर ने कराया था।

आंबेडकर को खुद की लिखी हुई भगवान बुद्ध की जीवनी भी दी, जिसका आंबेडकर के युवा मन पर बहुत असर हुआ। आंबेडकर ने 1934 में दादर में अपना मकान बनवाया तो उसका नाम भी बौद्ध राजा की राजधानी के नाम पर राजगृह रखा। 1940 में जब उन्होंने पहला कालेज खोला तो उसका नाम सिद्धार्थ रखा जो बुद्ध का ही नाम था। 1947 से 1950 के बीच आंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष रहते हुए भारतीय गणराज्य के प्रतीकों में, बौद्ध संस्कृति के प्रतीकों को शामिल करवाया। प्राचीन भारत के बौद्ध सम्राट अशोक के सिंह को राष्ट्रीय चिन्ह की मान्यता दी गई। राष्ट्रीय ध्वज में धम्म चक्र, राष्ट्रपति भवन की त्रिकोनिका पर बौद्ध सूक्ति उत्कीर्ण कराई। जैसा कि वैलेरियन रंडरिंग्स ने शानदार लेखन में दर्शाया है कि बौद्ध धर्म आंबेडकर के रूचि और व्यक्तित्व से पूरी तरह मेल खाता है।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आखिर 14 अक्टूबर 1956 को दशहरे के दिन भिक्षु चंद्रमणि महास्थविर को नागपुर की धरती पर धर्मांतरण कार्यक्रम में संचालित करने के लिए आमंत्रित किया। जहां आंबेडकर के आह्वान पर पांच लाख से अधिक अस्पृश्यों का समूह उमड़ पड़ा, जो कि सफेद वस्त्र व गेरुए झंडे लिए थे, जिसे बौद्ध धर्म का रंग माना जाता है। भिक्षु ने आंबेडकर व उनकी पत्नी सविता आंबेडकर को बौद्ध धर्म में दीक्षित किया। इसके बाद आंबेडकर ने धर्मांतरण की प्रतीक्षा कर रहे लाखों लोगों को त्रिशरण व पंचशील और अपनी ओर से 22 शपथ दिलाई। दशहरे का दिन आंबेडकर की दीक्षा दिवस को धूमधाम से मनाते है।

अपने शस्त्रों को नमन करने का दिन

दशहरे पर शस्त्र पूजा का विधान है। ये परंपरा है। हमारे पुरखों की बनाई व्यवस्था। बाप-दादाओं की छोड़ी गई बंदूकें, लाठी, तलवारे, धो मांजकर चमका ली जाती हैं इस दिन। चावल, रोरी का तिलक लगाकर इनकी पूजा की जाती है। पुष्प समर्पित किए जाते हैं, इन पर। इनसे निवेदन किया जाता है कि हे देव हमारी रक्षा के लिए सदैव सनिद्ध रहना। जब भी कोई चोर-डाकू, बदमाश हमारे घर में बलात प्रवेश की चेष्ठा करें तो टाईम पर उपलब्ध हो जाना। हम चलाना चाहे आपको तो चल जाना। अपने हलक में कारतूस मत फंसा लेना। ऐसा न हो आप ऐन टाइम पर नमस्ते कह जाएं और हमे भी यूपी पुलिस की तरह मुंह से ठांय-ठांय करना पड़े।

शस्त्र विहीन रहना कोई अक्लमंदी नहीं। हर आदमी के पास अपने शस्त्र होते हैं, होने ही चाहिए। नहीं होंगे तो दशहरे पर या दशहरे के पहले और बाद में क्या किया जाएगा? शस्त्र मेरे पास भी हैं। शस्त्र छोड़िए पूरा शस्त्र भंडागार ही है और मैं उनकी पूजा करने के लिए प्रस्तुत भी हूं। सबसे पहले मैं अपनी सरकारी कुर्सी को प्रणाम करता हूं। हे देवी। हे मेरी आराध्या। तुम हो तो मैं हूं। मेरा अस्तित्व का कारण हो आप। मेरा परिचय आप से ही है। मेरी पर्सनालिटी पर लटका नींबू मिर्ची हैं आप। आप न होती तो मुझे कौन पूछता। मेरे वायु मार्ग से आने जाने की व्यवस्थाएं कैसे होना संभव थी? एसी फस्ट के रिजर्वेशन कौन कराता, मेरे कहीं आने-जाने पर कौन छोड़ता और कौन रिसीव करता? आप न होती मेरे जीवन में तो, मुझे मिलने वाली अनगिनत नमस्तों की, बटर चिकन सहित सर्किट हाउसों की नाना प्रकार की खातिरदारियों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। सरकारी बंगलों, सर्राटा भरती सरकारी कारों को दूर से ही देखकर उदास होना होता मुझे भी। आप भरे मार्केट में मेरे पर्स की रक्षा हेतु कोई न कोई मातहत भेज ही देती हैं। आप रक्षक हैं मेरी। आप मेरे पास हैं इसलिए मेरे शत्रु डरते हैं मुझसें। वो जानते हैं जब तक आपकी कृपा मुझ पर है वो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। हे देवी, मुझ पर सदैव कृपालु बनी रहे। ताकि मैं ऐसे ही निद्वंद विचरता रह सकूं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> शस्त्र विहीन रहना कोई अक्लमंदी नहीं। हर आदमी के पास अपने शस्त्र होते हैं, होने ही चाहिए। नहीं होंगे तो दशहरे पर या दशहरे के पहले और बाद में क्या किया जाएगा?

मेरा द्वितीय प्रणाम मेरे पेन को है। हे देव आप ही वो विभूति है, जो मेरे वर्तमान वैभव का कारण है। आपका हाथ पकड़ कर ही तो मैं यहां तक पहुंच सका हूं। आप जब चलते हैं तो सब रुक जाते हैं। आपकी गति के सम्मुख सभी स्तब्ध हैं। नतमस्तक हैं। आपकी तीखी नोंक से झरते शब्दों ने मुझे यशस्वी किया है। आपके सामने कोई भी शो कॉज नोटिस ठहर नहीं पाता। मेरी सरकारी नौकरी को आपने ही असरकारी बनाया है प्रभु। आप इसी तरह मेरे जीवन में उपस्थित बने रहकर मेरी रक्षा करते रहें। मैं आपको बार-बार प्रणाम करता हूं। अपने पेंट की जेब में रखे उस लक्ष्मीपुत्र पर्स को भी प्रणाम करता हूं मैं, जिसे जेब से निकालने की कभी जरूरत महसूस ही नहीं होती मुझे, जिसमें आवक का वन वे ट्राफिक है, जो हमेशा फूला-फूला रहता है और जिसकी वजह से मैं फूला-फूला घूमता हूं।

मैं इसी क्रम में अपनी बड़ी सी ऑफिस टेबल, उस पर विराजमान अनगिनत फाइलों, एक्सॉईज एक्ट और सिविल सर्विस कंडक्ट रूल जैसी कानूनी किताबों को विनम्र प्रणाम करता हूं। ये अमूल्य शस्त्र हैं मेरे, जो मुझे आक्रामक और अविजित बनाते हैं, इनकी उपस्थिति मात्र से शत्रुओं का बल क्षीण हो जाता है।

मेरा अगला प्रणाम मेरे मोबाइल को समर्पित हैं। आप के बिना अपने जीवन की कल्पना करना दुष्कर है मेरे लिए। मैं जितना भी स्मार्ट हुआ हूं उसके पीछे आपकी स्मार्टनेस का हाथ ही तो है। आपसे यथासमय प्राप्त सूचनाओं ने कई बार जूनियर अफसरों की खुरापातों और सीनियर अफसरों के इंस्पेक्शनों से मेरी रक्षा की है। आपकी मदद से ही मैं अपने शत्रुओं के खिलाफ अफवाहें फैलाने में समर्थ हो सका और दोस्तों की सहायता प्राप्त कर सका। आप मेरे वंदनीय शस्त्र हैं। मैं आपकी उपस्थिति में स्वयं को सुरक्षित अनुभव करता हूं। कृपया ऐसे ही मेरे जीवन में बने रहिए। निरंतर अपडेटेड होते रहिए, ताकि मैं स्वयं को बलशाली अनुभव करता रह सकूं।

मेरे अगले शस्त्र जिन्हें गिनाना चाहूंगा मैं, वे हैं मेरे चाहने वाले, मेरे भक्त, मेरे मुरीद, चमचे और लग्गु भग्गू ये सभी मेरे लिए अवैध कट्टों और तमंचों की तरह पूजनीय हैं। ये सभी मेरे गुणों, यश, साहस, संबंधों, हैसियत, दूसरों को पटक लेने की मेरी क्षमता का इस तरह बढ़ा-चढ़ा कर बखान करते हैं, जिससे मेरे शत्रुओं के दिल कांप उठते हैं। वे लड़ने का साहस नहीं जुटा पाते। आत्मसमर्पण करते हैं और मैं मुझे बिना लड़े अजेय हो जाता हूं।

इसी क्रम में मैं अपनी स्टेनों, ड्राइवरों, कांस्टबलों और चपरासियों को भी प्रणाम करता हूं, उनकी मेरे आसपास उपस्थिति मेरे आभामंडल को और अधिक प्रकाशवान बना, मेरे शत्रुओं को आतंकित करती हैं। मेरे इन शस्त्रों के कारण ही वे मुझ पर निर्विघ्न पहुंच पाने में असमर्थ है और मैं सुरक्षित बना रहता हूं। दशहरा का दिन अपने शस्त्रों को नमन करने का दिन है। ये सजग, सबल और अमोघ बने रहें। हमारे शत्रुओं का मनोबल ध्वस्त करते रहें। इसी तरह हमें विजेता बनाते रहें। यही मंगल कामना है।

अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भी किया गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा का स्वागत

योगी की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर से निकली विजयादशमी शोभायात्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: धर्म, सत्य और न्याय की विजय प्रतिष्ठा के पावन महापर्व विजयादशमी के अवसर पर शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा में आस्था के रथ पर सवार गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरे रास्ते श्रद्धा और समरसता के फूल बरसते रहे। उमंग, उल्लास व उत्साह की लहरों के बीच शोभायात्रा का रास्तेभर हुआ जोरदार अभिनंदन सामाजिक समरसता के ताने बाने को मजबूत करता रहा।

गोरक्षपीठाधीश्वर के नेतृत्व वाली इस पारंपरिक शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह से भावपूर्ण स्वागत किया। फूलों से सजे नए रथ पर गोरखनाथ मंदिर के महंत के पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का बुनकर (मुस्लिम) और सिंधी समाज के साथ ही सर्वसमाज के लोगों ने अभिनंदन किया। पीठाधीश्वर योगी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, मंगलमय जीवन की कामना की और नौ दिन तक चले नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया।

नाथ संप्रदाय की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के कई अनुष्ठान अद्भुत और विहंगम, अद्भुत हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख अनुष्ठान है विजयादशमी की शोभायात्रा। शनिवार को इस पावन पर्व पर शाम करीब चार बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरु गोरखनाथ का पूजन कर और

गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर में विजयादशमी पर श्री गोरखनाथ मंदिर के तत्वावधान में आयोजित भव्य विजय शोभायात्रा में भाग लेते हुए।

उनका आशीर्वाद लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ इस साल निर्मित नए रथ पर सवार हुए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

नाथपंथ के विशेष वाद्ययंत्र नागफनी, तुरही, नगाड़े, काशी से आए डमरू दल, ढोल व बैंड बाजे की धुन और हनुमान दल के बालकों के हैरतंगेज करतब के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। जगह-जगह स्वागत में कलाकारों के विविध लोक नृत्य समूची भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पूरे रास्ते दोनों किनारे पर श्रद्धा से भाव विभोर लोग गोरक्षपीठाधीश्वर की एक झलक पाने को आतुर नजर आ रहे थे।

उर्दू अकादमी के निवर्तमान चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा ने बुनकर समाज की तरफ से गोरक्षपीठाधीश्वर को फूल माला तथा केसरिया अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया। कैफुलवरा के साथ चौधरी रुकनुद्दीन, चौधरी रज़ीउद्दीन, चौधरी ज़ैद, चौधरी हाफ़िज़, अयाज़ अहमद, चौधरी अनस, नफीस आदि ने गोक्षपीठाधीश्वर का अभिनंदन किया। इस दौरान रास्ते के दोनों तरफ बने मकानों पर बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं व बच्चे अपने स्मार्ट फोन में योगी की तस्वीर खींचते रहे। चौधरी कैफुलवरा ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ियों से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा का स्वागत करता है। बुनकर वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अजीजुलहई के नेतृत्व में भी गोरक्षपीठाधीश्वर का अभिनंदन किया गया।

शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंची। यहां गोरक्षपीठाधीश्वर ने गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव व अन्य देव विग्रहों की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। महादेव का अभिषेक भी किया। मानसरोवर मंदिर में पूजन के उपरांत योगी की शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान में पहुंची। यहां चल रही रामलीला में उन्होंने प श्रीराम का राजतिलक किया। इसके साथ ही श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी।

सार-संक्षेप

अखाड़ा परिषद ने निर्मोही, अनी अखाड़ा के बहिष्कार का लिया निर्णय, जल्द बुलाई जाएगी बैठक

प्रयागराज, अमृत विचार : अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने निर्मोही अनी अखाड़ा के अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्र दास के बहिष्कार का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अगर निर्मोही अखाड़ा उनके साथ रहेगा तो उसका भी बहिष्कार किया जाएगा। यही नहीं, इनके समर्थन में जितने अखाड़े खड़े रहेंगे, उनका भी बहिष्कार होगा। अखाड़ा परिषद से जुड़े अखाड़े उन्हें अपने किसी कार्यक्रम में नहीं बुलाएंगे, न उनके कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह निर्णय राजेंद्र दास द्वारा बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई 13 अखाड़ों की बैठक में अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्षों को लेकर अपशब्द कहने पर लिया गया है। इसका प्रस्ताव पारित करने के लिए प्रयागराज में जल्द अखाड़ा परिषद की बैठक बुलाई जाएगी। अखाड़ा परिषद मौजूदा समय दो गुटों में बंटा है। एक गुट के अध्यक्ष निरंजनी अखाड़ा के अध्यक्ष श्रीमदेत रवींद्र पुरी और महामंत्री महंत हरि गिरि हैं।

मूर्ति विसर्जन के दौरान करंट से दो लोगों की मौत

प्रतापगढ़,एजेंसी : प्रतापगढ़ में शनिवार को करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य झुलस गए। घटना जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर शिवगढ़ तूरी गांव में उस समय हुई जब पांच लोगों का एक समूह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय राय ने बताया कि रंजीत कुमार (36) और अरुण कुमार सिंह (46) को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

महंत विजय राम दास का इंदौर में निधन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : बड़ा भक्तमाल परिवार के अंतर्गत आने वाले अयोध्या के प्रसिद्ध विजय भक्तमाल मंदिर के 65 वर्षीय महंत विजय राम दास महाराज का इंदौर मध्य प्रदेश में शनिवार देर सांय निधन हो गया। यह जानकारी बड़ा भक्तमाल मंदिर के उत्तराधिकारी महंत अवधेश दास महाराज ने देते हुए बताया कि वैष्णव परम्परा अनुसार रविवार को दस बजे साकेतवासी महंत विजय राम दास का अंतिम संस्कार सरयू तट पर होगा। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने विजय राम दास महाराज के निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि वह विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य तथा मंदिर आंदोलन के ऐसे संत थे जो सदैव हर बैठक में सक्रिय रहे। उनके निधन से विहिप के सभी सदस्य दुखी हैं, ऐसे सेवाभावी संत का साकेत गमन अपूर्णनीय क्षति है।

नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को 10 साल की सजा

महाराजगंज,एजेंसी : जिले की की एक अदालत ने 2023 में नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोपी एक व्यक्ति को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सहायक लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने शनिवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र में लड़की से बलात्कार के लिए अमीन अली को दोषी ठहराया। न्यायाधीश ने दोषी पर 8,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 18 अगस्त, 2023 को हुई थी। पीड़िता की मां की पुलिस शिकायत के आधार पर अली के खिलाफ तहत मामला दर्ज किया गया।

निवेशकों को विकास गाथा सुनाएगा यूपी डायस्पोरा

लखनऊ,अमृत विचार : यूपी डायस्पोरा फोरम रविवार को दुबई में इन्वेस्टर मीट का आयोजन करने जा रही है। इसमें प्रदेश के हजारों लोग इकट्ठा होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल, विशिष्ट अतिथि यूपीडीएफ के चेयरमैन पंकज जायसवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री भोला सिंह आदि शामिल हो रहे हैं। यूनाइटेड अरब अमीरात के पूर्व मंत्री हिज एक्सलेंसी डॉ मोहम्मद सईद अल किंदी एवं योगी प्रियव्रत अनिमेष विशिष्ट सम्मानित अतिथि होंगे।

पति यौन इच्छा पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा

हाईकोर्ट ने दहेज के आरोपों को निराधार बताते हुए याचिका खारिज की

प्रयागराज,एजेंसी

अमृत विचार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति के खिलाफ दहेज के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि ये आरोप निराधार हैं और व्यक्तिगत विवादों से प्रेरित हैं। अदालत ने इस मामले में कहा कि नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा।

न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने प्रांजल शर्मा और दो अन्य के खिलाफ इस मामले को खारिज करते हुए कहा कि प्राथमिकी में प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बयान, दहेज के लिए उत्पीड़न के दावों का समर्थन नहीं करते। अदालत ने पाया कि प्राथमिक आरोप, दंपति के यौन संबंध से जुड़ी असहमतियों के आसपास केंद्रित हैं और ये विवाद दहेज की मांग से जुड़े नहीं हैं। अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पक्षों के बीच यह विवाद यौन संबंध स्थापित नहीं होने को लेकर है जिसकी वजह से विपक्षी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई

और दहेज की मांग को लेकर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाए गए। अदालत ने प्रश्न किया कि नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से या पत्नी अपनी यौन इच्छा पति से व्यक्त नहीं करेगी तो वे कहां जाएंगे। प्राथमिकी में प्रांजल शुक्ला पर दहेज की मांग करने और पत्नी से गाली गलौज करने के साथ ही उसे अश्लील फिल्में देखने और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया गया हैं।

अदालत ने कहा कि विश्वसनीय साक्ष्य से ये आरोप साबित नहीं हुए। इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, मीशा शुक्ला का विवाह आवेदक प्रांजल शुक्ला के साथ हिंदू रीति रिवाज से सात दिसंबर, 2015 को हुआ था। मीशा ने अपने सास-ससुर मधु शर्मा और पुण्य शील शर्मा पर दहेज मांगने का आरोप लगाया। हालांकि, प्राथमिकी में यह भी स्पष्ट किया गया कि शादी से पहले दहेज की कोई मांग नहीं थी।

याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता विनय शरण ने कहा कि प्राथमिकी में लगाए गए आरोप और विपक्षी के बयान शारीरिक संबंध को लेकर हैं और विपक्षी (पत्नी) द्वारा बयान में मारपीट को लेकर जो आरोप लगाए गए हैं वे याचिकाकर्ता की यौन इच्छा पूरी नहीं करने के संबंध में हैं न कि दहेज की मांग के लिए। अदालत ने कहा कि प्राथमिकी और पीड़िता के बयान पर गौर करने से साफ है कि यदि कोई मारपीट की गई तो वह दहेज की मांग के लिए नहीं, बल्कि यौन इच्छा पूरी करने से मना करने के लिए की गई। अदालत ने तीन अक्टूबर को दिए अपने आदेश में शुक्ला के खिलाफ मामले को रद कर दिया। अदालत ने कहा कि हमारे विचार से मौजूदा प्राथमिकी कुछ और नहीं बल्कि दहेज की मांग को लेकर मनगढ़ंत कहानी है।

गोंडा में धार्मिक जुलूस पर पथराव

गोंडा, एजेंसी : गोंडा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में शनिवार की रात देवी दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस पर कुछ अराजक तत्वों ने पत्थर फेंके। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने बताया कि स्टेशन रोड पर नूरामल मंदिर के निकट विसर्जन जुलूस पर दो पत्थर फेंके गए। उन्होंने बताया कि जुलूस के साथ मौके पर मौजूद पुलिस बल और उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामले को समय रहते संभाल लिया गया और मूर्तियों का विसर्जन हो रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके पर पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

युवक की मौत के मामले में सरकार पुलिस पर करें सख्त कार्रवाई, पीड़ित परिवार की करें मदद: माया

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि अंबेडकर पार्क घूमने आए अनुसूचित वर्ग के युवक की मौत की घटना अति दुखद है। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार की मदद करने की मांग की। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए उन्होंने कहा कि मोहल्ला गंजरहा पुरवा रहने युवक की पुलिस बर्बरता से मौत हुई। इससे लोगों में रोष व्याप्त है।

सामूहिक बलात्कार का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद,एजेंसी: जिले के ट्रोनिका सिटी थाना इलाक़े में एक नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार मामले में पुलिस ने शनिवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दो नाबालिग आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया गया है।

लोनी क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सूर्यबली मौर्य ने शनिवार को बताया कि मामले के मुख्य आरोपी चांद को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले का चौथा आरोपी फ़रार हो गया है, जिसे पुलिस तलाश कर रही है। एसीपी ने घटना के संदर्भ में बताया कि 16 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ उसके बॉय फ्रेंड और तीन अन्य आरोपियों ने नसामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित किशोरी ने ट्रॉनिका सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि वह सादिकपुर निवासी चांद नामक युवक को पिछले डेढ़ साल से जानती थी। चांद ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। एसीपी मौर्य ने बताया कि गत सात अक्टूबर को पीड़िता को चांद ने अपने दोस्त के कार्यालय में बुलाया, जहां चांद ने उसके साथ बलात्कार किया, उसके अलावा तीन अन्य लोगों ने भी बारी-बारी से पीड़िता के साथ बलात्कार किया। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर वह अपने यौन शोषण के बारे में किसी के सामने खुलासा करेगी तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और 10 अक्टूबर को ट्रोनिका सिटी पुलिस थाना पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की थी।

वर्ग पहेली-220

बाएं से दाएं

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना; चिचोड़ना

ऊपर से नीचे

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।



वर्ग पहेली -219 का हल

1 ल	ह	ल	हा		2 रो	
भ					ज़ा	
नी		3 जो		4 जा		
	5 म	हा	भा	ग		
6 ग	ग	री		र		
	रि			ण		
	7 बी	ए	ड			

10 साल की बेटी को लटकाकर पीटने के आरोप में पिता गिरफ्तार

ललितपुर,एजेंसी

- **पिता ने बच्ची के पैर रस्सी से बांधकर उल्टा लटकाया**
- **किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला था**

जिले में बान थाना क्षेत्र स्थित धमना गांव में 10 साल की लड़की को रस्सी से बांधकर उल्टा लटकाकर पिटाई करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। बान थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजा दिनेश सिंह ने बताया कि धमना गांव में 10 साल की बच्ची के पैर रस्सी से बांधने और उल्टा लटकाकर पिटाई करने की घटना सात अक्टूबर की है। उन्होंने बताया कि किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया था, जिसका संज्ञान लिया गया। उन्होंने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पिता गोविंद दास रायकवार (45) को गिरफ्तार किया गया।

सिंह के अनुसार, आरोपी पिता को शुक्रवार को संबंधित अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में रायकवार ने बताया कि मामूली सी बात न मानने पर उसने बेटी के साथ मारपीट की थी। यह पूरी तरह से अमानवीय है।

अखिलेश ने डॉ. राममनोहर लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि पर कहा

समाजवादी व्यवस्था से ही गरीबी मिटेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए कहा है कि हम उनके सपनों का समाजवादी भारत बनाने का सपना पूरा करने का संकल्प लेते है। डॉ. राममनोहर लोहिन ने देश में हर तरह से भेदभाव के खात्मे, और जाति तोड़ने का आव्हान किया था। हर स्तर पर हो रहे भेदभाव का विरोध किया था। समाजवादी व्यवस्था से ही गरीबी मिटेगी। पढ़ाई में भेदभाव मिटेगा।

उन्होंने कहा, डॉ. लोहिया की दाम बांधो नीति से ही महंगाई, गरीबी दूर होगी। लोहिया ने सप्तक्रांति के माध्यम से समाज में खुशहाली का

डॉ. राममनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते अखिलेश यादव।

रास्ता दिखाया था। अखिलेश ने यहां गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क में पहुंचकर समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एकत्र हजारों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनसमुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। पुण्यतिथि पर राजधानी लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम लोहिया पार्क में हुआ। लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमती नगर में विधायक रविदास मेहरोत्रा ने डॉ. लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों और अन्य प्रदेशों में भी समाजवादी पार्टी के कार्यालयों में डॉ. राममनोहर लोहिया को श्रद्धांजलि दी गई।

सुडोकू -133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			2	5	7		9	
	5				4			
8		4	6		9	2		
4			1			3		
	3						4	
		6			3			5
		2	5		1	8		4
			9				7	
	4		3	6	8			1

सुडोकू - 132 का हल

5	1	2	6	7	8	3	9	4
4	6	8	3	2	9	1	7	5
7	9	3	4	5	1	2	8	6
1	3	4	2	8	7	5	6	9
8	7	5	9	3	6	4	2	1
6	2	9	5	1	4	8	3	7
2	5	1	7	6	3	9	4	8
9	8	7	1	4	2	6	5	3
3	4	6	8	9	5	7	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 13 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 09.08 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 14 अक्टूबर 02.51 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष आज व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे, किंतु आप अपनी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ़्यूज भी हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा होने की सम्भावना है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाए रखें।

वृष आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को प्रोफेशनल जीवन से अधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिए दिन उत्तम है। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

मिथुन आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की सम्भावना है। आपके ऊपर काफी जिम्मेदारियां रहेंगी।

कर्क आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा। व्यवसाय में आप कड़े निर्णय ले सकते हैं। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।

सिंह आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित हो सकते हैं। संपत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा।

कन्या आज इवेन्ट मैनेजमेंट से जुड़े लोगों का काम बढ़ने वाला है। बच्चों की परवरिश में काफी समय देंगे। गुप्त शत्रुओं की वजह से कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें।

तुला आज विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। संतान का व्यवहार आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है।

वृश्चिक आज मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। जॉब में आपको ओवरटाइम करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की राजनीति के कारण आपको समस्या होगी। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी।

धनु आज नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे। शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी।

मकर आज नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपकी इच्छाशक्ति आपके लिए विपरीत परिस्थितियों में ढाल के रूप में काम करेगी। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। फाइनेंस और लोन से जुड़े हुए अटके काम शुरू हो सकते हैं।

कुंभ आज बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिंता हो सकती है। हालांकि कॉलेज विद्यार्थियों को प्लेसमेन्ट आदि के माध्यम से जॉब मिलने की संभावना बन रही है। संपत्ति विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें।

मीन आज आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आएगी। जॉब में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की तरफ आपकी रुचि बढ़ सकती है। प्रेमी जन को कोई महंगा गिफ्ट दे सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **कोहराम** — सुबह: 09.00
- **थैंक गॉड** — शाम: 06.00
- **खिलाड़ी 786** — सुबह: 11.02
- **खट्टा मीठा** — रात: 08.00

&pictures
- **ओलिम्पस हेज फॉलेन** — सुबह: 10.51
- **द लेजेंड ऑफ टार्जन** — रात: 09.00

SONY PIX
- **पड़ोसन** — दोपहर: 12.00
- **फुकरे 3** — रात: 08.40

ZEE CINEMA
- **जनता की अदालत** — सुबह: 11.39
- **कार्तिकेय 2** — रात: 07.30

ZEE ACTION

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात: 08.40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी – साहब 20 रु. दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी – लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है।
भिखारी – मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ मे है न।
आदमी – अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी – नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पत्नी – मैं रोज पूजा करती हूं। काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति – एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

जरूरत पड़ने पर हथियारों का करेंगे प्रयोग

विजयादशमी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर शस्त्र पूजा

- बोले- भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया

नई दिल्ली, एजेंसी

विजयादशमी पर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सुकना में 33 कोर मुख्यालय में शस्त्र पूजा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर घृणा या द्वेष के कारण आक्रमण नहीं किया, लेकिन अगर इसके हितों को खतरा हुआ तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। विजयादशमी पर सिंह ने पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर शस्त्र पूजा की।

उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान स्पष्ट संकेत है कि यदि आवश्यकता हुई तो हथियारों व उपकरणों का उपयोग होगा। सुकना स्थित 33 कोर को त्रिशक्ति कोर के नाम से जाना जाता है। यह सिक्किम सेक्टर में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। रक्षा मंत्रालय ने सिंह के हवाले से कहा कि भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया। हम तभी लड़ते हैं जब हमारी अखंडता और संप्रभुता का अपमान होता है या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश होती है, जब धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों के विरूद्ध युद्ध छेड़ा जाता है, यही हमें विरासत में मिला है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे हितों को खतरा है तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। रक्षा मंत्री ने एक्स पर इस अनुष्ठान की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत में विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की पुरानी परंपरा रही है। आज सुकना, दार्जिलिंग में 33 कोर हेडक्वार्टरस में की शस्त्र पूजा। मंत्रालय ने कहा कि सेना में यह महत्वपूर्ण समारोह - शस्त्र पूजा-राष्ट्र की संप्रभुता के रक्षक के रूप में हथियारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मनोनीत रक्षा सचिव आरके सिंह, पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी, सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन, त्रिशक्ति कोर के कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बीकेआई आतंकी वधावा समेत छह के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। एनआईए ने अप्रैल में पंजाब में विहिप नेता विकास प्रभाकर की हत्या के मामले में प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के पाकिस्तान स्थित प्रमुख वधावा सिंह और पांच अन्य आतंकियों के खिलाफ शुक्रवार को आरोपपत्र दाखिल किया। विकास बग्गा के नाम से पहचाने जाने वाले प्रभाकर की 13 अप्रैल 2024 को पंजाब के रूपनगर जिले के नंगल में उनकी दुकान में बीकेआई के आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एनआईए के अनुसार, आरोपपत्र में वधावा सिंह उर्फ बब्बर के साथ दो अन्य फरार आरोपी और तीन गिरफ्तार आरोपियों को हत्या का मुख्य अपराधी बताया गया है।

विहिप नेता की हत्या का मामला

कांग्रेस ने किया आतंकियों का समर्थन

भाजपा का पलटवार

- कांग्रेस को अर्बन नक्सल गिरोह के चलाने के मोदी की टिप्पणी पर छिड़ा विवाद
- कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर आतंकवादियों की पार्टी होने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा केंद्र में सत्तारूढ़ दल को आतंकवादियों की पार्टी कहे जाने के बाद शनिवार को उन पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि हमेशा आतंकवादियों का समर्थन करने वाली मुख्य विपक्षी पार्टी अब इस तरह के आरोप लगा रही है।

खरगे के आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस जो तीन तलाक, हलाला और हिजाब जैसी रूढ़िवादी इस्लामी प्रथाओं के पक्ष में खड़ी थी, अब हिंदू समाज के बारे में सभी प्रकार की आधारहीन टिप्पणियां कर रही है। त्रिवेदी ने कहा कि यह अर्बन नक्सल वाली मानसिकता का मंसूबा है जिस बारे में प्रधानमंत्री बोला करते हैं।

खरगे की टिप्पणी उनकी पार्टी को प्रतिबिंबित करती

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दावा किया कि खरगे की टिप्पणी उनकी खुद की पार्टी कांग्रेस को प्रतिबिंबित करती है क्योंकि यह कांग्रेस ही है जिसने हमेशा आतंकवादियों का समर्थन किया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दावा किया कि खरगे ने गलती से भाजपा को आतंकवादियों की पार्टी कह दिया। जोशी ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह सोनिया गांधी थीं जिन्होंने बाटला हाउस में मारे गए आतंकवादियों के लिए आंसू बहाए थे। यह कांग्रेस थी जो अफजल गुरु पर नरम हो गई थी। यह कांग्रेस थी जिसने 2004 में पोटा को रद कर दिया था। यह उनके प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह थे जिन्होंने अलगवादियों से हाथ मिलाया था।

भाजपा आतंकियों की पार्टी : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनकी पार्टी को अर्बन नक्सल गिरोह की ओर से चलाने संबंधी प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा आतंकवादियों की पार्टी है। वे लिंचिंग करते हैं, लोगों को पीटते हैं तथा एससी/एसटी समुदायों के लोगों पर अत्याचार करते हैं। खरगे ने कहा कि मोदी हमेशा से यह कहते रहे हैं। यहां तक कि वह अब भी यह कहते हैं। अब तक वह चुप बैठे थे, थोड़ा जान आने के बाद वह प्रबुद्ध लोगों को अर्बन नक्सल बोल रहे हैं, वह कांग्रेस को अर्बन नक्सल बोल रहे हैं।

एक नजर

एसआईटी ने अभिनेता सिद्दीकी से की पूछताछ

तिरुवनंतपुरम। मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी से उनके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मामले की जांच के सिलसिले में एसआईटी ने शनिवार को फिर से पूछताछ की। अभिनेत्री द्वारा दर्ज कराए मामले में अभिनेता से दूसरी बार पूछताछ की गई। सिद्दीकी से तिरुवनंतपुरम में छावनी पुलिस थाने में अधिकारियों ने दो घंटे तक पूछताछ की।

1.47 करोड़ की ठगी के आरोप में 10 गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने पांच मामलों में 1.47 करोड़ ठगने के आरोप में देश के विभिन्न हिस्सों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पीड़ितों को फिनटेक कंपनी के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश का लालच दिया। इसके बाद हवाला चैनल और धोखाधड़ी से बनाए गए बैंक खातों के माध्यम से धन की हेराफेरी की गई।

ऑनलाइन व्यापार घोटाले की जांच सीबीआई को

गुवाहाटी। केंद्र ने सीबीआई को असम में करोड़ों के ऑनलाइन व्यापार घोटाले से जुड़े 41 मामलों की जांच का निर्देश दिया है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर यह जानकारी साझा की, जिसके अनुसार मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा के नेतृत्व वाली सरकार ने मामलों में सीबीआई को सहयोग का आश्वासन दिया है।

दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को मुआवजा देने का आदेश

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2013 में मोटरसाइकिल दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिवार को 23.54 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। एमएसीटी अध्यक्ष और प्रधान जिला न्यायाधीश एसबी अग्रवाल ने प्रतिवादियों, टेम्पो के मालिक और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को 7.5% वार्षिक ब्याज के साथ मुआवजा देने का आदेश दिया। चार अक्टूबर के आदेश की प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। मृतक व्यक्ति के परिवार की ओर से अधिवक्ता पीवी राव उपस्थित हुए जबकि वाहन का मालिक उपस्थित नहीं हुआ और मामला एकपक्षीय रूप से उसके खिलाफ तय किया गया। अधिवक्ता राव ने न्यायाधिकरण को बताया कि मृतक साबिर हारून सालदुरकर 28 नवंबर 2013 को अपनी मोटरसाइकिल पर दापोली से हरने की ओर जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई।

महिला की लज्जा भंग करने पर तीन अभिनेता व अभिनेत्रियों पर रिपोर्ट

कोच्चि। यूट्यूब चैनल के माध्यम से एक महिला कलाकार की से लज्जा भंग करने में तीन मलयालम अभिनेता-अभिनेत्रियों पर मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि टेलीविजन-सिनेमा अभिनेत्री बीना एंटनी, उनके अभिनेता पति मनोज और अभिनेत्री स्वासिका पर सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से उक्त महिला की लज्जा भंग करने को लेकर मामले दर्ज हुआ हैं। नेदुम्बस्सेरी पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता वह इंसान है जिसने न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद मलयालम के प्रमुख अभिनेताओं पर आरोप लगाए थे।

प्रदर्शन कर रहे एक और चिकित्सक अस्पताल में भर्ती

आरजी कर मामला

- अनिश्चितकालीन अनशन में शामिल हुए दो और डाक्टर, संख्या हुई 11

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता स्थित आरजीकर अस्पताल में दो महीने पहले महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले में न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे एक और कनिष्ठ चिकित्सक की तबीयत खराब होने के बाद शनिवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक आलोक वर्मा अनशन पर बैठे लोगों में शामिल हैं और वह दूसरे चिकित्सक है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले अनिकेत महतो को तबीयत खराब होने पर आरजीकर अस्पताल के ईसीयू में भर्ती कराया गया था। रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के परिचय पांडा और कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अलोलिका घोरुई भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। इससे राज्य भर में अनशन पर बैठे चिकित्सकों की कुल संख्या 11 हो गई, जिनमें अस्पताल में भर्ती दो चिकित्सक भी हैं। चिकित्सकों ने पांच अक्टूबर को अनशन शुरू किया था।

प्रदर्शनकारियों ने सीबीआई कार्यालय तक किया मार्च

कोलकाता। चिकित्सकों, वकीलों और नागरिक समाज के सदस्यों समेत सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित सीबीआई कार्यालय तक मार्च निकालकर महिला चिकित्सक के मामले में निष्पक्ष और न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सीबीआई जांच पर भी आश्चर्य व्यक्त किया, जिसने आरोपपत्र में पुलिस के जांच निष्कर्षों की पुष्टि की है। पुलिस ने संजय रॉय को एकमात्र अपराधी बताया गया था, जो अब हिरासत में है।

उपराज्यपाल ने 200 नए पीजीटी पदों को मंजूरी दी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को स्नातकोत्तर शिक्षकों (पीजीटी) के लिए 200 अतिरिक्त पदों के सृजन को मंजूरी दे दी। राज निवास द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर निर्धारित ये पद दिल्ली के शिक्षा निदेशालय के तहत सरकारी स्कूलों में नियमित आधार पर भरे जाएंगे और वेतन मैट्रिक्स स्तर 8 (47,600- 1,51,100 रुपये) के मुताबिक होंगे। इसका उद्देश्य गैर-स्थायी पदों से जुड़े पक्षपात, भ्रष्टाचार, आरक्षण मानदंडों के उल्लंघन व उत्पीड़न जैसे मुद्दों को कम करना है।

टक्कर से पहले ट्रेन ने बदला ट्रैक डेटा-लॉगर वीडियो से चला पता

तमिलनाडु हादसा

- शुक्रवार की देर रात यात्री ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई के पास यात्री ट्रेन के खड़ी मालगाड़ी से टकराने के एक दिन बाद, विशेषज्ञों और यूनियन नेताओं ने कहा कि डेटा-लॉगर वीडियो के अनुसार, मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस को मुख्य लाइन से गुजरने के लिए हरी झंडी दी गई थी लेकिन यह एक लूप लाइन पर चली गयी जिस पर पहले से ही मालगाड़ी खड़ी थी। मैसूर-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस, शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे चेन्नई रेल मंडल के कावरापेट्टई रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे नौ यात्री घायल हो गए। डेटा लॉगर एक उपकरण है जो स्टेशन क्षेत्र में अन्य चीजों के अलावा ट्रेनों की गतिविधियों और सिग्नल संबंधी पहलुओं को रिकॉर्ड करने के लिए रखा जाता है।

गुजरात में निर्माण स्थल पर मिट्टी धंसने से पांच मजदूरों की मौत

मेहसाणा। गुजरात के मेहसाणा जिले में शनिवार को निर्माण स्थल पर मिट्टी धंसने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना जिला मुख्यालय से लगभग 37 किलोमीटर दूर कडी कस्बे के पास हुई।

कडी थाने के निरीक्षक प्रह्लाद सिंह वाघेला ने बताया कि जसलपुर गांव में एक फैक्टरी के लिए भूमिगत टैंक बनाने के वास्ते कई मजदूर गड्ढा खोद रहे थे, इस दौरान मिट्टी धंस गई और वे उसके नीचे जिंदा ही दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और बचाव टीम ने राहत कार्य करते हुए पांच शव बरामद कर लिए हैं। वहीं गड्ढे में तीन से चार अन्य मजदूरों के दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है।

- फैक्टरी के लिए भूमिगत टैंक बनाने को कई मजदूर खोद रहे थे गड्ढा

भाजपा को हराने के लिए चलना होगा साथ : ओवैसी

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएम आईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अकेले भाजपा को नहीं हरा सकती। ओवैसी ने कहा कि यदि उन्हें हराना है तो सबसे पुरानी पार्टी को सभी को साथ लेकर चलना होगा। तेलंगाना के विकाराबाद में उन्होंने कहा कि यदि वक्फ संशोधन विधेयक बन गया तो देश में सामाजिक अस्थिरता व्याप्त होगी। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार पर ओवैसी ने कहा कि खरगे के नेतृत्व वाली पार्टी कैसे हार गई? भाजपा ने कैसे जीत लिया?

खान-विजयन में जुबानी जंग एक नाटक

- यूडीएफ ने कहा- राज्यपाल और मुख्यमंत्री फिर से कर लेगें समझौता

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से जारी जुबानी जंग को शनिवार को नाटक करार दिया और कहा कि वे फिर से समझौता कर लेंगे।

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन ने कहा कि राज्यपाल और माकपा कानून का उल्लंघन करने के लिए एक साथ आते हैं और जब राज्य सरकार संकट में होती है तो लड़ाई शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि उनके बीच पहले भी कई बार ऐसी लड़ाइयां हो चुकी हैं। हर बार वे एक-दूसरे से समझौता कर लेते हैं। इसलिए, यह सब नाटक है। हमने पहले भी यही कहा है। सतीशन ने कहा कि एक बार जब राज्य के मंत्रिमंडल ने विधानसभा सत्र आहूत करने का फैसला कर लिया और राज्यपाल ने उसे मंजूरी दे दी, तो कोई अध्यादेश नहीं लाया जा सकता। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हालांकि, इस बार विधानसभा सत्र आहूत किए जाने और राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद सरकार अध्यादेश लेकर आई। इसलिए, उन दोनों ने कानून का उल्लंघन किया।

कारोबार/कृषि

एक नजर

डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ कमजोर

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने पर कहा कि किसी देश की मुद्रा का पतन, अर्थव्यवस्था के पतन का प्रतीक होता है। भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था की बदहाली के झूठे आंकड़ों की कितनी भी मोटी परत बिछा दें लेकिन दुनिया के सामने सच खुल ही जाता है। उन्होंने कहा कि जब सरकार यह कह रही है कि 5 ट्रिलियन डालर की इकोनामी है, अगर हमारी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है तो आखिरकार हंगर इन्डेक्स पर हम कहां खड़े हैं। 105वां स्थान पर उन्होंने कहा रेलवे में सुधार की बड़ी-बड़ी बातें की गई थीं।

दुबई में आज विकास गाथा सुनाएगा यूपी डायस्पोरा

लखनऊ। यूपी डायस्पोरा फोरम रविवार को दुबई में इन्वेस्टर मीट का आयोजन करने जा रही है। इसमें प्रदेश के हजारों लोग इकट्ठा होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल, विशिष्ट अतिथि यूपीडीएफ के चेयरमैन पंकज जायसवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री भोला सिंह, डॉ अशोक तिवारी, सुनीत रस्तोगी आदि शामिल हो रहे हैं। यूनाइटेड अरब अमीरात के पूर्व मंत्री हिज एक्सलेंसी डॉ मोहम्मद सईद अल किंदी एवं योगी प्रियव्रत अनिमेष इस मीट के विशिष्ट सम्मानित अतिथि होंगे।

अजमेरा इन्फ्रा की बिक्री 1% बढ़कर 254 करोड़ पर

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी अजमेरा रियल्टी एंड इन्फ्रा इंडिया लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष (2024-25) की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एक प्रतिशत बढ़कर 254 करोड़ रुपये रही है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग 252 करोड़ रुपये रही थी। अजमेरा रियल्टी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान बिक्री बुकिंग 18 प्रतिशत बढ़कर 560 करोड़ हो गई।

15.39 लाख करोड़ की 208 परियोजनाओं की सिफारिश

पीएम गतिशक्ति : वर्ष 2021 गठित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की अनुशंसा

नई दिल्ली, एजेंसी

पीएम गतिशक्ति पहल के तहत अब तक सड़क और रेलवे सहित विभिन्न मंत्रालयों की 15.39 लाख करोड़ की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी के लिए सिफारिश की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परियोजनाओं की अनुशंसा 13 अक्टूबर, 2021 को शुरू की गई पीएम गतिशक्ति पहल के तहत गठित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा की गई है।

उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि इस पहल के तहत अब तक 15.39 लाख करोड़ की लागत की 208 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया है। इस प्रणाली के उपयोग से कई लाभ हैं, जिसमें इन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने में लगने वाले समय और लागत में महत्वपूर्ण कटौती शामिल है। समूह द्वारा अनुशंसित परियोजनाओं में सड़क 101, रेलवे 73, शहरी विकास 12 और तेल एवं गैस मंत्रालय से संबंधित चार परियोजनाएं हैं।

- सड़क 101, रेलवे 73, शहरी विकास 12 और तेल एवं गैस मंत्रालय से संबंधित चार परियोजनाएं शामिल

परियोजनाओं का एनपीजी करती है मूल्यांकन

अंतर-मंत्रालयी एनपीजी हर पखवाड़े बैठक कर बहु-विधता, प्रयासों के समन्वय और परियोजना स्थल के विकास सुनिश्चित करने को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है। लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए एकीकृत बुनियादी ढांचा विकसित करने को इसकी शुरुआत की गई थी। पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली सभी लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं एनपीजी के माध्यम से संचालित की जाती हैं।

वोलैटिलिटी : वित्तीय बाजार की विशेष पहचान

वोलैटिलिटी वित्तीय बाजारों का विशेष तत्व है, जो संपत्तियों के मूल्यों में उतार-चढ़ाव को मापता है। यह उच्च और निम्न स्तर के परिवर्तन के साथ निवेशकों को अवसर और जोखिम दोनों देता है। ऐतिहासिक व इम्प्लाइड वोलैटिलिटी जैसे प्रकार निवेशकों को बाजार की दिशा को समझने में मदद करते हैं। जबकि उच्च वोलैटिलिटी अवसर पैदा करती है, वहीं यह नुकसान भी बढ़ाती है। सही जानकारी के साथ, निवेशक इसका प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकते हैं। हम वोलैटिलिटी के कार्यप्रणाली, लाभ, और जोखिमों का अध्ययन करेंगे...



वोलैटिलिटी के प्रकार

- **ऐतिहासिक वोलैटिलिटी :** यह पिछले समय में संपत्ति के मूल्य में परिवर्तन का मापन है। इसे चार्ट और ग्राफ से देख सकते हैं। उच्च ऐतिहासिक वोलैटिलिटी मतलब मूल्य में बड़े बदलाव हुए हैं।
- **इम्प्लाइड वोलैटिलिटी :** यह भविष्य में मूल्य परिवर्तनों की अपेक्षा है, जिसे विकल्पों के बाजार में देख सकते हैं। उच्च इम्प्लाइड वोलैटिलिटी संकेत है कि अधिक अनिश्चितता संभावित हैं।

यह कैसे काम करता है?

- **मौसम की स्थिति :** जब बाजार में आर्थिक आंकड़े, जैसे रोजगार रिपोर्ट, जीडीपी वृद्धि, या ब्याज दरों में परिवर्तन होते हैं, तो इससे वोलैटिलिटी में वृद्धि हो सकती है।
- **राजनीतिक घटनाएं :** चुनाव, नीतियों में बदलाव, या अंतरराष्ट्रीय घटनाएँ भी वोलैटिलिटी को प्रभावित करती हैं।
- **बाजार की भावना :** निवेशकों का मनोबल और निवेश की धारणा भी मूल्य में तेजी ले आने या गिराने में भूमिका निभाती है।

जोखिम

- **नुकसान :** उच्च वोलैटिलिटी के दौरान कीमतें गिर सकती हैं, जिससे निवेशकों को हानि होती है। यदि निवेशक गलत समय पर खरीदता या बेचता है, तो उसे नुकसान होता है।
- **भावनात्मक निर्णय :** बाजार की अनिश्चितता निवेशकों को भावनात्मक निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर सकती है, जो दीर्घकालिक रणनीतियों के लिए हानिकारक होता है।
- **लिक्विडिटी :** उच्च वोलैटिलिटी के दौरान, कुछ संपत्तियों की लिक्विडिटी कम होती है, जिससे निवेशकों को उचित मूल्य पर संपत्तियों को खरीदने या बेचने में कठिनाई हो ती है।

वोलैटिलिटी के लाभ

- **ट्रेडिंग का मौका :** वोलैटिलिटी उच्च होने पर व्यापार से लाभ उठाने के लिए अवसर मिलते हैं। ट्रेडर्स तेजी से कीमतों में उतार-चढ़ाव का फायदा उठाकर मुनाफा कमा सकते हैं।
- **विकल्पों का उपयोग :** निवेशक वोलैटिलिटी का लाभ उठाकर विकल्पों (आप्शन) की रणनीतियों का उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि कॉल और पुट विकल्प खरीदना, जिससे वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।
- **रिस्क प्रबंधन :** वोलैटिलिटी को ध्यान में रख निवेशक पोर्टफोलियो को संतुलित कर जोखिम कम कर सकते हैं।

आंध्र, राजस्थान को वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी

- पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्थानीय निकायों को राशि की जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और राजस्थान में ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी कर दी है।

पंचायती राज मंत्रालय ने बयान में यह जानकारी दी। आंध्र प्रदेश को 395.50 करोड़ रुपये का अप्रयुक्त अनुदान और 593.26 करोड़ की सशर्त अनुदान मिला है। राजस्थान को 507.11 करोड़ का अप्रयुक्त अनुदान और 760.67 करोड़ का सशर्त अनुदान जारी किया गया। अप्रयुक्त अनुदान से पंचायतों को संविधान की 11वीं अनुसूची के तहत कृषि और ग्रामीण आवास से लेकर शिक्षा और स्वच्छता तक 29 विषयों से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इन निधियों का उपयोग वेतन या स्थापना लागतों के लिए नहीं किया जा सकता है। सशर्त अनुदान का इस्तेमाल स्वच्छता, खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति के रखरखाव और जल प्रबंधन जैसे कार्यों के लिए होगा।

जेप्टो ने नवरात्रि में एक लाख से ज्यादा डांडिया छड़ी बेची

नई दिल्ली। जेप्टो के सह-संस्थापक और सीईओ आदित पलिचा ने लिंक्डइन पर जानकारी दी कि तेजी से उपभोक्ता सामान पहुंचाने वाले इस मंच ने एक नवरात्रि के दौरान एक लाख से ज्यादा डांडिया स्टिक बेचीं। उन्होंने लिंक्डइन पर लिखा कि क्या दिन है! 2024 की नवरात्रि अपने उपयोगकर्ताओं, विक्रेताओं, ब्रांड और जेप्टो इस्तेमाल करने वालों के जरिये भारत की विविधता की खूबसूरती को देखते हुए संपन्न हो रही है। जरूरी वस्तुओं से लेकर त्योहारी चीजों तक, हमें नौ अविश्वसनीय दिनों में भारत के उत्सव का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद। उन्होंने बताया कि इस दौरान उसने एक लाख से ज्यादा डांडिया छड़ी बेचीं। उन्होंने आगे कहा कि व्रत के अनुकूल चिप्स, कट्टू और राजगिरा आटे की बिक्री पिछले साल की नवरात्रि की तुलना में काफी बढ़ गई।

इंटर्नशिप के लिए सरकारी पोर्टल अब उम्मीदवारों के पंजीकरण को खुला

- योजना के लिए 21-24 वर्ष के अभ्यर्थी आवेदन के लिए पात्र, दो दिसंबर से शुरू होगी इंटर्नशिप

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए अब अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। शनिवार को पंजीकरण के लिए समर्पित पोर्टल लाइव हो गया है। इस योजना के लिए 21-24 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं। लगभग 800 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली योजना की पायलट परियोजना के अनुसार, इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर कहा कि यह योजना युवाओं के कौशल को सुनिश्चित करने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है, जो उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाएगी। इस योजना के तहत भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने तक इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024 में की थी। इसे मंत्रालय द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.पीएमइंटर्नशि.एमसीए.जीओवी.आईएन से क्रियान्वित होगा। मंत्रालय के अनुसार, पिछले सप्ताह पोर्टल पर तेल, गैस एवं ऊर्जा, यात्रा एवं होटल तथा वाहन सहित 24 क्षेत्रों में 80,000 से अधिक अवसर जोड़े गए हैं।

करोड़ों की परियोजनाओं के लिए गोदरेज ने जोड़े 6 भूखंड

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मजबूत मांग के बीच अपनी विस्तार योजना के तहत 9,650 करोड़ की आवासीय परियोजनाओं के विकास के लिए जुलाई-सितंबर तिमाही में छह नए भूखंड जोड़े हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है।

दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे और बेंगलुरु में इसकी महत्वपूर्ण उपस्थिति है। आवास कारोबार का विस्तार करने के लिए, गोदरेज प्रॉपर्टीज सीधे खरीद के माध्यम से भूमि का अधिग्रहण करती है और साथ ही संयुक्त विकास के लिए भूमि मालिकों के साथ साझेदारी भी करती है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में आठ नए भूखंड जोड़े हैं, जिनका कुल अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्रफल 1.1 करोड़ वर्ग फुट है और कुल अनुमानित बुकिंग मूल्य क्षमता लगभग 12,650 करोड़ रुपये है।

सिनेर और जोकोविच के बीच होगी जंग

शंघाई, एजेंसी

- शंघाई मास्टर्स में सिनेर ने थॉमस माचाक को हराया
- युलिया को हराकर सबालेंका ने जारी रखा अपराजेय अभियान

शंघाई मास्टर्स टेनिस के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर का मुकाबला नोवाक जोकोविच से होगा। सिनेर ने चेक गणराज्य के थॉमस माचाक को 6-4, 7-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया वहीं जोकोविच ने सातवीं रैंकिंग वाले टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7- 6 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

सिनेर ने जीत के साथ ही एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहना तय कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह इटली के पहले खिलाड़ी होंगे। पिछले सप्ताह अल्काराज ने चीन ओपन के फाइनल में सिनेर को हराया था। सिनेर ने क्वार्टर फाइनल में रूस से दानिल मेदवेदेव को 6-1, 6-4 से हराया था।

इससे पहले दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के 12 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाते हुए थॉमस माचाक ने शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में उन्हें 7-6, 7-5 से हरा दिया। वहीं वुहान ओपन में एरिना सबालेंका ने दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी युलिया पुतिनत्सेवा को 1-6, 6-4, 6-0 से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। अमेरिकी ओपन चैंपियन सबालेंका वुहान में 14 मैच जीत चुकी है। उन्होंने 2018 में खिताब जीता और 2019 में उसे बरकरार रखा। इसके बाद पांच साल तक कोरोना महामारी के कारण वुहान ओपन नहीं खेला गया। अमेरिका की कोको गाफ ने 17वीं रैंकिंग वाली मार्टा कोस्तियुक को 6-4, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना 45वीं रैंकिंग वाली मागडा लिनेट से होगा जिन्होंने डारिया कासात्किना को 6-2, 6-3 से मात दी। पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन ने लैला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से हराया जबकि छठी रैंकिंग वाली जैस्मीन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से मात दी।

<< जीत के बाद जश्न मनाते नोवाक जोकोविच

पाइपर्स को हराकर फाइनल में पहुंचे कांटिनेंटल किंग्स

लंदन। गत चैंपियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 से हराकर लगातार दूसरी बार टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब कांटिनेंटल किंग्स का सामना पीबीजी अलास्कन नाइट्स से शनिवार को होगा। इस मुकाबले से पहले एसजी पाइजर्स के 18 मैच प्वाइंट और 81 गेम प्वाइंट थे जबकि किंग्स के 15 मैच प्वाइंट और 90 गेम प्वाइंट थे।

पहले बोर्ड पर किंग्स के अलीरजा फिरोजा का सामना पाइपर्स के मैग्नस कार्लसन से था। पाइपर्स की शुरूआत शानदार रही लेकिन तीसरे बोर्ड पर तैमूर रादजाबोव ने रिचर्ड रैपोर्ट से ड्रॉ खेला। किंग्स की वालेंटिना गुनिना ने कैटरीना लागनो को हराया जबकि कार्लसन ने फिरोजा को मात दी। वेइ यि ने आर प्रज्ञानानंदा से ड्रा खेला और कोस्तियुनिक ने होउ यिफान को ड्रॉ पर रोका। निर्णायक मुकाबले में किंग्स के जावोखिर सिंदारोव ने डेनियल डी को हराया।

ओलंपियाड स्वर्ण विजेता वंतिका की नजरें ग्रैंडमास्टर खिताब पर

लंदन, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता वंतिका अग्रवाल की नजरें अब ग्रैंडमास्टर बनने पर है और उनका यह सपना अगले साल की शुरूआत में पूरा हो सकता है। उत्तर प्रदेश के नोएडा की रहने वाली वंतिका की अब तक की राह आसान नहीं थी लेकिन उनके करियर में उनकी मां का बड़ा योगदान रहा है । उन्होंने वंतिका को हर चुनौती का सामना करके दक्षिण भारत के दबदबे वाले इस खेल में अपनी छाप छोड़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनी की अपनी नौकरी छोड़कर बेटी के सपने पूरे किए।

वंतिका ने हाल ही में बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग की ब्रांड दूत 21 वर्ष की वंतिका ने कहा इस स्तर तक पहुंचना आसान नहीं था क्योंकि उत्तर भारत में पढाई पर ज्यादा जोर रहता है। हांगझोउ एशियाई खेलों में महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली वंतिका ने उत्सुकतावश शतरंज खेलना शुरू किया था। उन्होंने बताया मैने कराटे क्लास में भाग लिया और थोड़ा भरतनाट्यम भी सीखा। 7 साल की उम्र से मुझे शतरंज में मजा आने लगा। पहले टूर्नामेंट में मुझे ईनामी राशि भी मिली थी।

खेल डायरी

हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस में भारत के कप्तान होंगे उथप्पा

नई दिल्ली। विश्व कप विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा अगले महीने हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम में केदार जाधव, स्टुअर्ट बिन्नी, मनोज तिवारी और शाहबाज नदीम भी हैं। बल्लेबाज भरत छपली और विकेटकीपर श्रीवत्स गोस्वामी भी भारत के लिए खेलेंगे। छह खिलाड़ियों की टीम वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एक से तीन नवंबर तक किया जाएगा। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस सात साल बाद आयोजित किया जा रहा है। इस साल ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड समेत 12 टीमें भाग लेंगी। दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है। भारत का पहला मैच एक नवंबर को पाकिस्तान से होगा जिसके एक दिन बाद यूएई से खेलना है।

अयहिका, सुतीर्था ने युगल में पक्का किया पहला पदक

अस्ताना। भारत की अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप महिला युगल वर्ग में भारत का पहला पदक पक्का कर लिया। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की विश्व चैम्पियन टीम को हराकर कांस्य जीतने वाली मुखर्जी बहनों ने दक्षिण कोरिया की किम नायोंग और ली युन्ही को 10-12, 11-7, 11-9, 11-8 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना जापान की मीवा हारिमोतो और मियू किशारा से होगा। पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह ने प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 60वीं रैंकिंग वाले मानव ने दुनिया के 14वें नंबर के खिलाफ दक्षिण कोरिया के जांग वूजिन को 5-11, 11-9, 5-11, 11-9, 11-7 से हराया। वहीं मानुष ने 23वीं रैंकिंग वाले दक्षिण कोरिया के अन जेह्यून को 11-9, 11-5, 11-6 से हराया। हरमीत देसाई अंतिम 32 में 30वीं रैंकिंग वाले लिम जोंगहुन से हार गए। भारत के अनुभवी खिलाड़ी अचंत शरत कमल को 506वीं रैंकिंग वाले मोहम्मद अल्कासाब ने शुक्रवार को हरा दिया था।

अखिल भारतीय वन खेल मीट 16 से 20 तक

रायपुर। अखिल भारतीय वन खेल मीट 2024 का 27वां सत्र यहां 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा जिसमें 3000 से अधिक प्रतियोगी भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर समापन समारोह का हिस्सा होंगी। टूर्नामेंट का आयोजन वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढावा देना और वन तथा वन्य जीवन के संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है। टूर्नामेंट के दौरान 23 खेलों में 301 स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

उत्तर प्रदेश एकादश बना केडी सिंह हॉकी का विजेता

लखनऊ। आक्रामक और तालमेल भरी हॉकी की बदौलत उत्तर प्रदेश एकादश ने शनिवार को 42वीं केडी सिंह अखिल भारतीय आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में सीएजी को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हरा कर खिताब पर कब्जा कर लिया। तीस साल के बाद यह पहला मौका है जब मेजबान टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजय का परचम लहराया है। विजेता टीम को ट्राफी और दो लाख रुपये की ईनामी राशि से अलंकृत किया गया। यूपी की ओर से आशु मौर्य ने पेनल्टी कार्नर के जरिये दो शानदार गोल किया जबकि राहुल राजभर और अजीत यादव ने एक एक गोल किया वहीं सीएजी के लिये मनीष यादव ने दो और आमिद खान पठान ने एक गोल किया। मैच के नौवें मिनट में मनीष यादव ने पेनल्टी कार्नर के जरिये पहला गोल कर सीएजी को बढ़त दिलाई। यूपी ने पलटवार करते हुये 12वें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल किया और आशु मौर्य ने इस अवसर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। मैच के 20वें मिनट में आमिद पठान ने शानदार यूपी की रक्षा पंक्ति को छकाते हुये शानदार फील्ड गोल कर सीएजी को एक बार फिर बढ़त दिला दी। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सीएजी पर जबरदस्त पलटवार किया, नतीजन 31वें मिनट में आशु ने पेनल्टी कार्नर से और 33वें मिनट में राहुल राजभर ने फील्ड गोल कर अपनी टीम को एक बार फिर आगे खड़ा कर दिया वहीं 47वें मिनट में अजीत यादव ने फील्ड गोल कर यूपी के स्कोर को 4-2 कर दिया। मैच के आखिरी लम्हो में सीएजी के मनीष यादव ने पेनल्टी कार्नर के जरिये एक और गोल कर जीत हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया मगर वह यूपी को खिताब पाने से रोकने में असफल रहे।

भारतीय बल्लेबाजों की आंधी में उड़ा बांग्लादेश

सैमसन का शतक, भारत की 133 रन से जीत, टी-20 शृंखला 3-0 से अपने नाम की, सूर्या ने बनाए 75 रन

हैदराबाद, एजेंसी

संजू सैमसन के पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में शनिवार को 133 रन से जीत दर्ज करके शृंखला 3-0 से झोली में डाली। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 297 रन बनाए जो इस प्रारूप में उसका सर्वोच्च स्कोर था। बांग्लादेश की टीम जवाब में सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी।

भारत के लिये तेज गेंदबाज मयंक यादव ने 32 रन देकर दो और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश के लिये तौहीद हृदय ने 42 गेंद में 63 और लिटन दास ने 25 गेंद में 42 रन बनाये लेकिन बाकी बल्लेबाज नहीं चल सके।

इससे पहले भारत ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत ने अफगानिस्तान द्वारा 2019 में देहरादून में आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए तीन विकेट पर 278 रन के स्कोर को पीछे छोड़ा। टी-20 क्रिकेट में सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड नेपाल के नाम है जिसने 314 रन बनाये थे। इससे पहले टी-20 क्रिकेट में भारत का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 260 रन था जो 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में बनाया था। भारत के लिये सैमसन ने सिर्फ 47 गेंद में 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 111 रन बनाए जो रोहित शर्मा (35 गेंद) के बाद किसी भारतीय का दूसरा सबसे तेज टी-20 शतक है। कप्तान सूर्यकुमार ने 35 गेंद में 75 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी की।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (4) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद सैमसन और सूर्यकुमार ने मोर्चा संभाला। सैमसन ने तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को दूसरे ही ओवर में लगातार चार चौके जड़े। दसवें ओवर में लेग स्पिनर रिशाद हुसैन को सैमसन ने लगातार पांच छक्के लगाए। सैमसन ने 40 गेंद में अपना शतक पूरा किया। सूर्यकुमार ने 23 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। सैमसन को मुस्ताफिजूर ने आउट किया जबकि सूर्यकुमार को महमूदुल्लाह ने आखिरी टी-20 शिकार बनाया। आखिर में हार्दिक ने 18 गेंद में 47 और रियान पराग ने 13 गेंद में 34 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 70 रन जोड़कर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

297 रन भारतीय टीम ने बनाए जो टी-20 में दूसरा सर्वोच्च स्कोर

47 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर हार्दिक ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

111 रन 47 गेंदों में बनाकर संजू सैमसन बने दूसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में रोहित शर्मा ने लगाया था शतक

स्कोर बोर्ड

भारत : 297/6 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
संजू सैमसन का मेहदी बो मुस्ताफिजूर	111	47	11/8
अभिषेक शर्मा का मेहदी बो तंजीम	4	4	1/0
सूर्यकुमार का रिशाद बो महमूदुल्लाह	75	35	8/5
रियान पराग का दास बो तस्कीन	34	13	1/4
हार्दिक पंड्या का रिशाद बो तंजीम	47	18	4/
रिंकू सिंह नाबाद	8	4	0/1
नीतिश कुमार रेड्डी का मेहदी बो तंजीम	0	1	0/0
वॉशिंगटन सुंदर नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 17, गेंदबाजी : मेहदी हसन 4-0-45-0, अहमद 4-0-51-1, तंजीम 4-0-66-3, मुस्ताफिजूर 4-0-52-1, रिशाद 2-0-46-0, महमूदुल्लाह 2-0-26-1

बांग्लादेश : 164/7 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
परवेज हुसैन इमोन का रियान बो मयंक	0	1	0/0
तंजीद हसन का रियान बो सुंदर	15	12	3/0
नजमुल शंटो का सैमसन बो बिश्नोई	14	11	1/1
लिटन दास का वर्मा बो बिश्नोई	42	25	8/0
तौहीद हृदय नाबाद	63	42	5/3
महमूदुल्लाह का रियान बो मयंक	8	9	1/0
मेहदी हसन का रियान बो रेड्डी	3	9	0/0
रिशाद हुसैन बो बिश्नोई	0	4	0/0
तंजीम हसन साकिब नाबाद	8	8	1/0

अतिरिक्त : 11, गेंदबाजी : मयंक 4-0-32-2, पंड्या 3-0-32-0, सुंदर 1-0-4-1, नीतिश 3-0-31-1, बिश्नोई 4-1-30-3, वरुण 4-0-23-0, अभिषेक 1-0-8-0

हॉकी इंडिया लीग में यूपी रूद्रास के मुख्य कोच होंगे पॉल वान

लखनऊ। हॉकी इंडिया लीग की लखनऊ टीम यूपी रूद्रास ने नीदरलैंड के पॉल वान आस को शनिवार को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।

नीदरलैंड को पेरिस ओलंपिक महिला हॉकी का स्वर्ण पदक दिलाने वाले पॉल सहायक कोच थॉमस टिचेलमैन और तकनीकी निदेशक सेड्रिक डिसूजा के साथ काम करेंगे। पॉल ने कहा भारत के पास हॉकी प्रतिभाओं का शानदार पूल है और पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन से यह साबित भी हुआ। मैं यूपी रूद्रास टीम का हिस्सा बनकर

काफी रोमांचित हूं। हमारा लक्ष्य ऐसा माहौल बनाना है जिसमें युवा प्रतिभायें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेर सकें। फ्रेंचाइजी के मालिक यदु स्पोर्टस ने कहा कि वे मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू जैसे लीजैंड देने वाले प्रदेश की हॉकी में योगदान देना चाहते हैं।

चोटिल ऑस्ट्रेलिया से जीतना चाहेगा भारत

शारजाह, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम महिला टी-20 विश्व कप में रविवार को करो या मरो के मुकाबले में चोटों से प्रभावित ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हराकर अपना नेट रनरेट बेहतर करना चाहेगी। श्रीलंका पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करके भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश की संभावना प्रबल कर ली है हालांकि पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड ने हराया था दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों में छह अंक है और उसका नेट रनरेट प्लस 2.786 है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया है जबकि बाकी स्थान के लिए भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान दौड़ में है।

गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पाकिस्तान को हराया लेकिन कप्तान एलिसा हीली फील्डिंग के दौरान पैर में चोट लगा बैठी और तेज गेंदबाज टायला

महिला टी-20 विश्व कप

व्लाएमिंक के कंधे की हड्डी खिसक गई। उनका शनिवार को स्कैन कराया जायेगा और रविवार के मुकाबले में उनका खेल पाना मुश्किल है। वहीं, भारत ने श्रीलंका को 82 रन से हराया जो टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है। इससे भारत की अंतिम चार में पहुंचने की संभावना भी प्रबल हुई।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

शारजाह। न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मैच में शनिवार को यहां श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 115 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 17 .3 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (53) के शानदार अर्द्धशतक एवं एमेलिया कर के नाबाद 34 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां खेले गए आईसीसी महिला विश्वकप के 15वें मैच श्रीलंका को आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के 115 रनों के स्कोर के जवाब में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 118 रन बनाकर मैच आठ विकेट से जीत लिया।

बॉलीवुड हलचल

31 साल के एक्टर से इश्क लड़ाएंगी वामिका

नई दिल्ली। वामिका गब्बी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने करीना कपूर खान और शाहिद कपूर की सुपरहिट फिल्म जब वी मेट के साथ छोटा सा रोल निभाकर अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। वामिका गब्बी ने 6 साल तक बॉलीवुड में सफलता हासिल करने के लिए लव आज कल, मौसम, बिट्टू बॉस और सिक्स्टीन जैसी फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार निभाए। जब यहां बात नहीं बनी तो वह पंजाबी फिल्मी इंडस्ट्री चली गईं और वहां उन्होंने अपने लिए एक नया रास्ता अपनाया। वामिका गब्बी ने साउथ फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी तब्बू स्टारर बॉलीवुड फिल्म खूफिया से मिली, जिसमें बोल्ड किरदार निभाकर उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। अब उनके हाथ एक और बॉलीवुड फिल्म लग गई है, वो भी विकास बहल के साथ। वामिका गब्बी को क्वीन निर्देशक विकास बहल की अगली फिल्म में लीड रोल मिला है। इस फिल्म में वह जया बच्चन और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ लीड रोल निभाती नजर आएंगी। 31 साल के सिद्धांत के साथ वामिका की रोमांटिक केमिस्ट्री दिखेगी, जबकि जया बच्चन उनकी मां का किरदार निभाएंगी।

विलेज रॉकस्टार्स 2 ने बुसान फिल्म महोत्सव में जीता पुरस्कार

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता रीमा दास की फिल्म विलेज रॉकस्टार्स 2 ने बुसान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2014 में किम जी-सेयोक पुरस्कार जीता है। महोत्सव के 29वें संस्करण में जी-सेयोक प्रतियोगिता में चयनित आठ फिल्मों में से विलेज रॉकस्टार्स 2 एकमात्र भारतीय फीचर फिल्म थी। यह फिल्म अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराही गई और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फिल्म विलेज रॉकस्टार्स का सीक्वल है। विलेज रॉकस्टार्स का टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2017 में प्रीमियर हुआ और यह वर्ष 2029 के अकेडमी पुरस्कार के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। वर्ष 2017 में स्थापित किम जी-सेयोक पुरस्कार, दिवंगत किम जी-सेयोक की स्मृति में दिया जाता है, जिन्होंने अपना जीवन एशियाई सिनेमा की खोज और विकास के लिए समर्पित कर दिया। यह पुरस्कार दो फिल्मों को दिया जाता है जो एशियाई सिनेमा की समकालीन स्थिति को सबसे अच्छी तरह से दर्शाती हैं। रीमा दास ने एक बयान में कहा कि एशियाई सिनेमा के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली शख्सियत के सम्मान में किम जी-सेयोक सम्मान प्राप्त करना वास्तव में एक सौभाग्य की बात है। विलेज रॉकस्टार्स 2 एक किशोर लड़की की अपने संगीतमय सपने की निरंतर खोज की कहानी है। फ्लाइंग रिवर फिल्म्स और अकंगा फिल्म एशिया द्वारा निर्मित इस फिल्म में भनिता दास, बसंती दास, जुनुमोनी बोरो, बोलोरम दास और मनबेंद्र दास मुख्य भूमिका में हैं। विलेज रॉकस्टार्स 2 का भारत में प्रीमियर दक्षिण एशिया प्रतियोगिता में मामी मुंबई फिल्म महोत्सव 2024 में होगा। यह महोत्सव 19 से 24 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

अनिल ने नई फिल्म वनवास की घोषणा की

नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्म गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा की अगली फिल्म 'वनवास' होगी। फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को इसकी घोषणा की। शर्मा 2001 में आई गदर : एक प्रेम कथा और उसकी सीक्वल गदर 2 की शानदार सफलता के बाद वनवास फिल्म बना रहे हैं। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वनवास की पहली झलक दिखाई गई है। इसमें नाना पाटेकर और शर्मा के बेटे उत्कर्ष शर्मा नजर आ रहे हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जी स्टूडियोज ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा कहानी जिंदगी की कहानी जज्बात की। कहानी अपनों के विश्वास की पूरे परिवार के संग देखिए परिवार की फिल्म, वनवास, जल्द ही आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रही है।

पेरू ने उरूग्वे को एक गोल से हराकर चखा जीत का स्वाद

लीमा (पेरू)। पेरू ने उरूग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर में पहली जीत दर्ज की। पेरू के लिए एकमात्र गोल मिगुल अराउजो ने 88वें मिनट में हेडर पर किया।

क्वालीफाइंग दौर में आठ मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी पेरू की टीम ने 2017 के बाद पहली बार क्वालीफायर में उरूग्वे को हराया है। अब पेरू नीचे से एक स्थान ऊपर आ गया है जबकि चिली आखिरी स्थान पर है। उरूग्वे तीसरे स्थान पर है जबकि अर्जेंटीना शीर्ष पर और कोलंबिया दूसरे स्थान पर है । शीर्ष छह टीमें 2026 में उत्तरी अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी। उरूग्वे का सामना अब मंगलवार को इक्वाडोर से होगा जबकि पेरू की टक्कर चौथे स्थान पर काबिज ब्राजील से होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

वैश्विक भूख सूचकांक में 127 देशों में 105वें स्थान पर भारत

पड़ोसी देशों में बांग्लादेश, नेपाल व श्रीलंका बेहतर जीएचआई स्कोर के साथ मध्यम श्रेणी में

लंदन, एजेंसी

वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) की 127 देशों की सूची में भारत को 105वें स्थान के साथ गंभीर श्रेणी में रखा गया है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय एजेंसियां भूख के स्तर को मापने के लिए कुपोषण और बाल मृत्यु दर संकेतकों के आधार पर जीएचआई स्कोर प्रदान करती हैं, जिसके आधार पर यह सूची तैयार की जाती है।

साल 2024 की रिपोर्ट इस सप्ताह आयरलैंड के मानवीय संगठन कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मन सहायता एजेंसी वेल्थहंगरहिल्फ ने प्रकाशित की है, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भूख के मुद्दे से निपटने के उपायों में अधिक प्रगति नहीं होने से दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा।

भारत उन 42 देशों में शामिल है जिन्हें पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ गंभीर श्रेणी में रखा गया है जबकि अन्य दक्षिण एशियाई पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका बेहतर जीएचआई स्कोर के साथ मध्यम श्रेणी में हैं। सूचकांक प्रविष्टि में कहा गया है कि 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में 27.3 के स्कोर के साथ भारत में भूख का स्तर गंभीर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का जीएचआई स्कोर चार घटक संकेतकों के मूल्यों पर आधारित है: 13.7 प्रतिशत जनसंख्या कुपोषित है, पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं, जिनमें से 18.7 प्रतिशत दुर्बल हैं, तथा 2.9 प्रतिशत बच्चे पैदाइश के पांच साल के अंदर मर जाते हैं। रिपोर्ट में विश्लेषण के आधार पर कहा गया है कि 2030 तक भूख मुक्त दुनिया बनाने के संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने की संभावना बहुत कम है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्याप्त भोजन के अधिकार के महत्व पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बार-बार जोर देने के बावजूद, स्थापित मानकों और इस वास्तविकता के बीच एक चिंताजनक असमानता बनी हुई है। दुनिया के कई हिस्सों में भोजन के अधिकार की खुलेआम अवहेलना की जा रही है।

2023 में था 111 वां स्थान

वैश्विक भूख सूचकांक-2023 में भारत को 111वें स्थान पर रखा गया था। हालांकि सूचकांक में भारत के स्थान को लेकर केंद्र सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भूख का त्रुटिपूर्ण माप बताया। सरकार ने कहा कि यह देश की सही स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करते हुए गलत छवि को प्रस्तुत करती है। जीएचआइ क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भूख को व्यापक रूप में मापने और उसकी निगरानी करने का साधन है।

बुराई पर विजय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार शाम लाल किला के परेड ग्राउंड में दशहरा कार्यक्रम में शामिल होकर रावण दहन देखा। धार्मिक लीला समिति के आयोजकों ने राष्ट्रपति को त्रिशूल और प्रधानमंत्री को गदा भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्हें शक्ति और सुशासन के प्रतीक के रूप में धनुष और बाण भी भेंट किए गए। ● एजेंसी

एक नजर

ओक्लाहोमा में गोलीबारी में एक की मौत, 12 घायल

ओक्लाहोमा सिटी। ओक्लाहोमा इवेंट सेंटर में आयोजित एक पार्टी में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। ओक्लाहोमा सिटी पुलिस विभाग की प्रवक्ता कैप्टन वैलेरी लिटिलजॉन ने एक ईमेल में बताया कि दक्षिण-पश्चिम ओक्लाहोमा सिटी में शनिवार रात करीब साढ़े 12 बजे एक निजी स्थल के अंदर और बाहर कई राउंड गोलीबारी की गई। प्रवक्ता ने बताया कि कम से कम दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा उन्होंने पीड़ितों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

पुत्तूर में निजी बस खाई में गिरी, चालक की मौत

मंगलुरु। कर्नाटक के मंगलुरु के पुत्तूर इलाके में शनिवार तड़के एक निजी बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस चालक की पहचान भरत के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस में केवल चालक और परिचालक ही सवार थे। उन्होंने बताया कि परिचालक को मामूली चोटें आयी हैं।

पख्तूनख्वा में हमला, 11 यात्रियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक यात्री वाहन पर अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य घायल हो गये। उपायुक्त ने बताया कि अफगानिस्तान से सटे कुर्रम जिले के कांज अलीजाई क्षेत्र में बंदूकधारियों ने घात लगाकर इस यात्री वाहन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में 11 यात्री मारे गये जबकि एक महिला समेत छह अन्य घायल हो गये।

अभिनेताओं के खिलाफ कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं

कोच्चि। केरल पुलिस ने शनिवार को कहा कि होटल में कुख्यात अपराधी और उसके साथियों की हाल में हुई गिरफ्तारी के बाद मादक पदार्थ मामले में अभिनेता श्रीनाथ भासी और प्रयाग मार्टिन के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए कोई स्पष्ट सबूत नहीं है। गैंगस्टर ओम प्रकाश की गिरफ्तारी के बाद दोनों अभिनेताओं के नाम इस मामले में सामने आए हैं। कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त पुट्टा विमलादित्य ने बताया कि होटल में गैंगस्टर से मिलने गए 20 व्यक्तियों में से शेष लोगों को थाने में बुलाकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई स्पष्ट सबूत नहीं मिला है जिससे (अभिनेताओं के खिलाफ) कोई कार्रवाई शुरू की जा सके।

ईरान पर लगाए और प्रतिबंध

इजराइल पर किए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के जवाब में अमेरिका ने की कार्रवाई

वाशिंगटन, एजेंसी

180 मिसाइलें ईरान ने एक अक्टूबर को इजराइल पर थे दागे, इजराइल ने भी लेबनान में किए भीषण हमले

अमेरिका ने इजराइल पर ईरान द्वारा एक अक्टूबर को करीब 180 मिसाइलें दागे जाने के जवाब में शुक्रवार को ईरान के ऊर्जा क्षेत्र पर नयी पाबंदियों की घोषणा की। ईरान ने कहा था कि इजराइल ने हाल के सप्ताह में लेबनान में हिजबुल्ला पर जो एक के बाद भीषण हमले किये, उसी के जवाब में उसने मिसाइलें दागीं। हिजबुल्ला को ईरान का समर्थन प्राप्त है। हिजबुल्ला तब से इजराइल पर रॉकेट दाग रहा है जब गाजा में लड़ाई शुरू हुई थी।

अमेरिका ने शुक्रवार को जिन पाबंदियों की घोषणा की है उनमें ईरान के तथाकथित जहाजों के गुप्त बेड़े तथा संबंधित कंपनियों पर प्रतिबंध शामिल है। ये जहाज और कंपनियां संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, हांगकांग और अन्य भूभागों में फैली हैं तथा वे कथित रूप से एशिया में खरीददारों के वास्ते ईरानी तेल की ढुलाई में लगी हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री और ढुलाई का इंतजाम करने के आरोप में सूरीनाम, भारत, मलेशिया और हांगकांग स्थित कंपनियों का एक नेटवर्क भी नामित किया है। वर्तमान अमेरिकी कानून ईरान के ऊर्जा क्षेत्र के साथ-साथ ईरानी तेल खरीदने, बेचने और ढुलाई करने वाली विदेशी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है, लेकिन ऊर्जा प्रतिबंध अक्सर एक नाजुक मुद्दा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि नए प्रतिबंध ईरान को उन वित्तीय संसाधनों से और वंचित करेंगे जिसका उपयोग वह अपने मिसाइल कार्यक्रमों के वास्ते तथा आतंकवादी संगठनों का सहयोग करने के लिए करता है क्योंकि ये आतंकवादी संगठन अमेरिका, उसके मित्रों एवं सहयोगियों के लिए खतरा पैदा करते हैं। इन दंडात्मक कदमों का लक्ष्य उन्हें अमेरिकी वित्तीय तंत्र का इस्तेमाल करने तथा अमेरिकी नागरिकों को उनके साथ कारोबारी संबंध बनाने से रोकना है।

ईरान बोला- इजराल की मदद करने वाले नतीजा भुगतेंगे

बेरूत। ईरान ने इजराइल और लेबनान में जारी लड़ाई के बीच अरब देशों और मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सहयोगियों को चेतावनी जारी की है। अमेरिकी अखबार के मुताबिक, ईरान ने डिप्लोमैटिक चैनल पर यह धमकी दी है। ईरान ने कहा कि अगर किसी भी देश ने इजराइल को उस पर हमला करने में मदद की या अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने दिया, तो उसे खामियाजा भुगतना होगा।कई मीडिया रिपोर्ट्स में आशंका जताई गई है कि इजराइल ईरान के तेल भंडारों या परमाणु ठिकानों को निशाना बना सकता है। इधर इजराइल ने 48 घंटे में दूसरी बार लेबनान में यूएन पीस कीपिंग फोर्स पर हमला किया है। हमले के बाद इजराइल ने कहा कि सेना को इस इलाके में खतरे की जानकारी मिली थी। अटैक से पहले यूएन कर्मचारियों को वॉर्निंग दी गई थी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वे इजराइल से अपील करते हैं कि वह हिजबुल्लाह से लड़ाई के बीच यूएन पीसकीपर्स पर हमला करना बंद करे।

इजरायल ने शुरू कर दिया मिशन, ईरान पर बड़ा साइबर अटैक

तेहरान। इजरायल से तनाव के बीच ईरान के ऊपर शनिवार को बड़ा साइबर हमला हुआ है, जिसमें इसके परमाणु संयंत्रों को भी निशाना बनाया गया है। साइबर हमले से ईरानी सरकार की तीनों शाखाओं पर असर पड़ा है। ये हमला ऐसे समय में हुआ है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, देश के सुप्रीम काउंसिल ऑफ साइपरस्पेस के पूर्व सचिव फिरोजाबादी ने इन हमलों की पुष्टि की है। फिरोजाबादी के हवाले से कहा गया है कि ईरान की सरकार की लगभग तीनों शाखाओं- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यकारी शाखा- पर भारी साइबर हमला हुआ है। उनकी जानकारी चुरा ली गई है। हमारे परमाणु संयंत्रों को भी साइबर हमलों को निशाना बनाया है। साथ ही ईंधन वितरण, सिटी नेटवर्क, परिवहन नेटवर्क, बंदरगाह नेटवर्क और इसी तरह के अन्य नेटवर्क को निशाना बनाया गया है।

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस ने की मोदी की ऊर्जा की प्रशंसा

लंदन। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने एक नए संस्मरण में बदलाव के वाहक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की है। इस संस्मरण में उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव से भरे राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए याद किया कि कैसे भारतीय नेता के साथ पहली मुलाकात में उन्हें एक आलौकिक ऊर्जा महसूस हुई थी। ब्रिटेन में इस सप्ताह बुक स्टोर पर बिक्री के लिये उपलब्ध अन्लीश्ड, में एक पूरा अध्याय भारत के साथ ब्रिटेन के संबंधों पर केंद्रित है।

हिंद-प्रशांत के संदर्भ में भारत-ब्रिटेन की मजबूत मित्रता पर बार-बार जोर देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत के साथ उचित मुक्त-व्यापार समझौते की दिशा तय करने का श्रेय खुद को दिया है, क्योंकि उन्हें मोदी के रूप में बिल्कुल सही साझेदार और मित्र मिल गया है। जॉनसन ने ब्रिटेन और भारत नामक अध्याय में मोदी के साथ अपनी पहली मुलाकात का जिक्र किया है जब वे लंदन के मेयर थे, तब मोदी ने टेम्स नदी के किनारे सिटी हॉल स्थित कार्यालय का दौरा किया था। किसी कारणवश, हम लोग टावर ब्रिज के पास वाले प्लाजा में अंधेरे में उनके समर्थकों की भीड़ के सामने खड़े हो गए। उन्होंने मेरा हाथ पकड़कर उठाया और हिंदी में कुछ कहा और मैंने उनकी अनोखी आलौकिक ऊर्जा को महसूस किया।

कराची हवाई अड्डे के पास हुए धमाके में विदेशी एजेंसी का हाथ

कराची, एजेंसी

- सीटीडी के अनुसार आत्मघाती धमाके से चीनी इंजीनियरों को बनाया गया निशाना
- रिपोर्ट में हमले के लिए बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को ठहराया गया है जिम्मेदार

पाकिस्तान के कराची हवाई अड्डे के पास हुए हालिया धामाके की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में संकेत मिला है कि यह हमला किसी विदेशी खुफिया एजेंसी की सहायता से किया गया था। मीडिया में शनिवार को छपी खबर में यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) द्वारा आतंकवाद निरोधी अदालत को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि आत्मघाती बम धमाके के जरिये पाकिस्तान-चीन संबंधों को नुकसान पहुंचाने की साजिश के तहत चीनी इंजीनियरों को निशाना बनाया गया।

गत रविवार को बलूच विद्रोही समूह द्वारा चीनी श्रमिकों के काफिले को निशाना बनाकर किये गए आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिक मारे गए थे और 17 अन्य लोग घायल हो गए थे। जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट रविवार रात को हुए विस्फोट में संदिग्ध आत्मघाती हमलावर भी मारा गया। ट्रिब्यून के मुताबिक प्रारंभिक रिपोर्ट में इस हमले के लिए बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को जिम्मेदार ठहराया गया है। साथ ही संकेत दिया है कि यह हमला एक विदेशी खुफिया एजेंसी की सहायता से किया गया।

खबर में कहा गया है कि यह संकेत मिलता है कि किसी अज्ञात आतंकवादी ने विस्फोटक लगाने से पहले अपना वाहन चीनी नागरिकों के काफिले के पास खड़ा किया था। विस्फोट की आवाज सुनकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वहां पुलिस और रेंजर्स कर्मियों सहित कई लोग घायल अवस्था में मिले। चीनी नागरिक शहर के बाहरी इलाके में पोर्ट कासिम इलेक्ट्रिक पावर कंपनी में काम कर रहे थे और जब उनके काफिले पर हमला हुआ तब वे घर लौट रहे थे।

तबाही का तूफान

अमेरिका में तूफान मिल्टन ने कहर मचा दिया है। फ्लोरिडा में इस तूफान का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। यहां करीब 20 लाख लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। जबकि 4,300 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया है। तूफान मिल्टन फ्लोरिडा के पश्चिमी तट से टकराया है तूफान की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फ्लोरिडा में कई बड़ी-बड़ी इमारतें ताश के पत्तों की तरह बिखरी हुई नजर आ रही हैं। तूफान के बाद ऐसी कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें अमेरिकी घरों की छत पूरी तरह से गायब हो चुकी है और घरों के अंदर का सामान यहां-वहां बिखरा पड़ा है। ● एजेंसी

सैन्य भर्ती के लिए पंजीकरण नहीं करने वालों की खोज

कीव। यूक्रेन के सैन्य भर्ती अधिकारियों ने राजधानी कीव में सैन्य पंजीकरण दस्तावेजों की जांच के सिलसिले में रेस्तरां, बार और एक कंसर्ट हॉल पर छापा मारा और उन पुरुषों को हिरासत में लिया, जो नियम का पालन नहीं कर रहे थे। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी।

यूक्रेन के रॉक बैंड ओकियन एल्जी के संगीत कार्यक्रम के बाद अधिकारी कथित तौर पर कीव के पैलेस ऑफ स्पोर्ट्स स्थल पर पहुंचे। मीडिया संगठनों द्वारा प्रसारित वीडियो में कंसर्ट हॉल के दरवाजे के बाहर कुछ अधिकारी खड़े नजर आ रहे हैं, जो अंदर से बाहर आ रहे लोगों को पकड़ रहे हैं। इस फुटेज में अधिकारी कुछ पुरुषों को जबरन हिरासत में लेते हुए जान पड़ते हैं। शॉपिंग केंद्र गुडवाइन और लोकप्रिय रेस्तरां एवलॉन में भी ऐसी जांच की गई।

कमला हैरिस के समर्थन में ए आर रहमान ने 30 मिनट का प्रस्तुति वीडियो किया रिकॉर्ड

- रहमान ने भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस का किया समर्थन

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रसिद्ध संगीतकार ए आर रहमान ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के समर्थन में अपने संगीत कार्यक्रम का 30 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड किया है, जिससे पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले हैरिस के प्रचार अभियान को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रहमान दक्षिण एशिया के पहले बड़े कलाकार हैं, जिन्होंने भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस का समर्थन किया है।

एशियन अमेरिकन पैसिफिक आइलैंडर्स (एएपीआई) विक्ट्री फंड के अध्यक्ष शेखर नरसिम्हन ने कहा कि इस प्रस्तुति के साथ ही ए आर रहमान उन नेताओं और कलाकारों के समूह में शामिल हो गए हैं जो अमेरिका में प्रगति और प्रतिनिधित्व का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम से कहीं अधिक है, यह हमारे समुदायों के लिए कार्रवाई का आह्वान है कि वे उस भविष्य के निर्माण की कवायद में शामिल हों और वोट करें जिसे हम देखना चाहते हैं। एएपीआई विक्ट्री फंड ने घोषणा की कि विश्व विख्यात संगीतकार और गायक रहमान ने हैरिस के 2024 के राष्ट्रपति अभियान के समर्थन में 30 मिनट का विशेष वीडियो रिकॉर्ड किया है। इस वीडियो का एएपीआई विक्ट्री फंड के यूट्यूब पर 13 अक्टूबर को प्रसारण किया जाएगा। 30 मिनट के इस कार्यक्रम में रहमान के कुछ सबसे पसंदीदा गाने शामिल होंगे, जिनमें कमला हैरिस की ऐतिहासिक उम्मीदवारी और एएपीआई समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालने वाले संदेश भी शामिल होंगे।

राष्ट्रपति के लिए जरूरी मानकों पर खरी उतरती हैरिस

वाशिंगटन। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के चिकित्सक ने शनिवार को पत्र में कहा कि हैरिस की सेहत बहुत अच्छी है और वह राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए जरूरी शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य मानकों पर खरी उतरती हैं। अमेरिकी सेना में कर्नल और उपराष्ट्रपति के चिकित्सक डॉक्टर जोशुआ सिमंस ने पत्र में लिखा कि हैरिस (59) की जीवनशैली स्वस्थ और सक्रिय है और पिछले अप्रैल में उनकी सबसे हालिया शारीरिक जांच सामान्य रही थी। उन्होंने दो पृष्ठ के पत्र में लिखा कि वह राष्ट्रपति पद के कर्तव्यों को सफलतापूर्वक निभाने के लिए आवश्यक शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मानकों पर खरी उतरती हैं।

जम्मू-कश्मीर में 90 विधायकों में से 70% से अधिक स्नातक

श्रीनगर, ,एजेंसी

- भाजपा के छह विधायक पेशेवर डिग्री वाले स्नातक और चार स्नातकोत्तर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए चुने 90 विधायकों में से 70 प्रतिशत से अधिक ने न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक बताई है और इनमें से तीन के पास डॉक्टरेट की डिग्री है। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, हाल में हुए विधानसभा चुनावों में विजयी रहे डॉक्टरेट डिग्री धारक तीनों विधायक भाजपा के नेता हैं।

भाजपा के छह विधायक पेशेवर डिग्री वाले स्नातक और चार स्नातकोत्तर हैं। कुल 42 सीट के साथ चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक दल में 16 पेशेवर डिग्री वाले स्नातक और पांच स्नातकोत्तर हैं। भाजपा के आठ विधायकों ने 10वीं को उच्चतम शैक्षणिक योग्यता घोषित किया है, जबकि नेकां में ऐसे विधायकों की संख्या सिर्फ एक है। भाजपा के दो विधायक ऐसे हैं जिन्होंने कक्षा-10 की परीक्षा पास नहीं की है, जबकि इस श्रेणी में नेकां का एक विधायक है। भाजपा के चार विधायक ऐसे हैं जिन्होंने कक्षा-12 की परीक्षा पास की है, जबकि नेकां के ऐसे विधायकों की संख्या छह है। नए विधानसभा सदस्यों की शैक्षिक योग्यता के समग्र विश्लेषण से पता चलता है कि चार विधायकों ने कक्षा-10 की परीक्षा पास नहीं की है।

मानहानि में शशि थरूर की याचिका पर होगी सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर की गई थरूर की कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए 10 सितंबर को उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ दायर मानहानि मामले में निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने इस मामले में शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर और दिल्ली पुलिस को याचिका पर जवाब तलब किया था।

खगोल विज्ञान तारों व आकाशगंगाओं के व्यवहार व प्रतिक्रिया समझने के लिए महत्वपूर्ण खोज

एक लाख किमी रफ्तार से छिटके हैं इस निहारिका के तारे

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने ऐसी निहारिका खोज निकाली है, जिसके तारे एक लाख किमी रफ्तार से छिटके हैं। यह निहारिका युवा तारा समूह है। इसका नाम आर136 है। तारों के साथ आकाशगंगाओं के व्यवहार व उनकी प्रतिक्रिया समझने के लिहाज से यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

तारों की दुनिया अनोखी और अजूबी है। सही बात तो यह भी है कि हम अपने तारे सूर्य को भी अभी तक समुचित रूप से नही समझ पाए हैं। ज्ञातब्य हो सूर्य इन दिनों बेहद उग्र हो चला है और विस्फोटों के साथ आग उगल रहा है। जिसका असर पृथ्वी पर ऑरोरा के रूप में नजर आ रहा है तो कभी ब्लैक आउट के रूप में । बहरहाल तारों को अपनो से दूर भगाती निहारिका में पिछले दो मिलियन वर्ष से जबरदस्त हलचल है। खोजकर्ताओं के अनुसार इस निहारिका में दो विस्फोटों में 55 विशाल तारे 100,000 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से बाहर निकल चुके हैं। खोजकर्ताओं ने इन तारों की खोज के लिए यूरोपीय गैया स्पेस टेलीस्कोप के डेटा का उपयोग किया है। इस सप्ताह विज्ञान पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है। वैज्ञानिको का कहना है कि तारों के छिटकने की स्थिति गतिमान नवजात तारों के निकट टकराव के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है। इस युवा निहारिका ने पिछले कुछ मिलियन वर्षों में अपने सबसे विशाल तारों में से एक तिहाई को बाहर फेक दिया है। इस भीषण खगोलीय घटना का सिलसिला 1.8 मिलियन साल पहले शुरू हुआ था। तब इस निहारिका का निर्माण हुआ था। पहली घटना के दो लाख साल बाद दूसरा विस्फोट हुआ। पहली बार एक ही तारा समूह से निकलने वाले उच्च गति वाले तारों की इतनी बड़ी संख्या देखी गई है। यह निहारिका बहुत ही विशेष समूह है। जिसमें ज्ञात सबसे विशाल हजारों तारों का द्रव्यमान हमारे सूर्य के द्रव्यमान से 300 गुना अधिक है।

निहारिका आर136 से छिटकते तारों की प्रतीकात्मक तस्वीर।

ज्ञात सबसे बड़ी निहारिका है

नैनीताल : इस निहारिका में सैकड़ों हजारों तारे हैं। यह पाँच मिलियन प्रकाश वर्ष के दायरे में अभी तक कि ज्ञात सबसे बड़े तारा-निर्माण क्षेत्र का हिस्सा है। इस खोज से पता पुष्टि होती है कि एक तिहाई विशाल तारे अपने जीवन के आरंभ में ही अपने जन्म क्षेत्र से बाहर निकल जाते हैं और अलग क्षेत्रों में अपना प्रभाव डालते हैं। यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिको ने यह खोज की है।